Love All Serve All

RNI No. RAJBIL/2013/53515

# महावीर प्रवाह
# MAHAVIR PRAVAH

A Non Religious Social Service Organization

जयपुर

Live And Let Live

Publication Date: 28th Per Month • Year 12th, June 2025, Issue 07 • Despatch Date: 28th Per Month • Total Pages: 45 • Rate: 5/-




## बीकानेर संभागीय अधिवेशन सम्पन्न




## विद्यार्थी सम्मान समारोह महावीर इंटरनेशनल बंगभूमि कोलकाता द्वारा सम्पन्न



बेबी किट वितरण कार्यक्रम म.इ. सूरजगढ़ केंद्र



रक्तदान शिविर का आयोजन म.इ. मुंबई केंद्र

# GLIMPSES OF ACTIVITIES



पोषाहार किट वितरण कार्यक्रम म.इ. सुनंदा वीरा केंद्र अजमेर



राशन किट वितरण कार्यक्रम म.इ. गंगाणा वीरा केंद्र गंगाशहर




कपड़े की थैली मेरी सहेली कार्यक्रम का आयोजन म.इ. हैदराबाद केंद्र



सुकून की छांव कार्यक्रम का आयोजन म.इ. झुंझुनू केंद्र

**International President**
**Vir CA Anil Jain (MiGF)**
president@mahavirinternational.org

**International Secretary General**
**Vir Ashok Kumar Goyal (MiGF)**
sg@mahavirinternational.org

**Editor**
**Vira Dr. Rashmi Saraswat**
Flat No.-963, Sector-9,
Malviya Nagar, Jaipur -302017
Mob.: +91 6376968501
dir.wc@mahavirinternational.org

**Advisor :**
**Vir Devi Chand Shrishrimal**
Mob.: +91 9893653441
advt@samvetshikhar.com

**Co-Editor :**
**Vir Sandeep Dangi (MiF)**
Mob. : +91 9824113571
dangisandeep@gmail.com

**Vir Sunil Gang (MiF)**
Mob.: +91 9414165165
sunilgang56@rediffmail.com

**Deputy Editor :**
**Vir CA Ayush Jain**
Mob. : +91 9930179585
mahaveerinternational2122@gmail.com

**Vira Sarika Agarwal**
Mob.: +91 9414388872
sarikaji1978@gmail.com

**Vir Hastimal Banthia**
Mob.: +91 9879560524
hastimallbanthia@gmail.com

**Bank Details :**
**Mahavir International Foundation Trust**
Saving Account No. 61062861475
**Mahavir International Apex**
1. Saving Account No. 61085014726
   IFS Code : SBIN0031033
   STATE BANK OF INDIA
   Branch : Tilak Nagar, Jaipur
2. Current Account No. 675705602397
   ICICI Bank
   Branch : Janta Colony, Jaipur
   IFS Code : ICIC0006757

**Website :**
www.mahavir.international

**For sending reports :**
reports@mahavirinternational.org

**To communicate with Jaipur Office :**
office@mahavirinternational.org

**Facebook :**
**Page :** https://www.facebook.com/mahavirinternationalapex
**Group :** https://www.facebook.com/mahavirintnlapex

**Instagram link :**
https://www.instagram.com/mahavir_international_apex/

**Layout & Designer :**
**SJ Creations**
+91 9911278543
sarika1_designer@yahoo.co.in

**Printer :**
Ashoka Offset, Jaipur
+91 9982292263

# Contents

अध्यक्षीय संदेश ........ 04
महावीर इंटरनेशनल स्वर्ण जयंती सेवा रथ के माध्यम से जनजागृति एवं प्रचार-प्रसार एवं विभिन्न संभागों में आगमन एवं स्वागत ........ 05
बीकानेर संभागीय अधिवेशन संपन्न, नए वीरा केंद्र को दिलाई गई शपथ ........ 10
Students' Felicitation Ceremony ........ 13

**रीजन-1**
नार्थ-1 संभाग, नार्थ-2 संभाग ........ 15

**रीजन-2**
जयपुर संभाग ........ 16
सीकर-झुंझुनू संभाग ........ 18

**रीजन-3**
अजमेर संभाग ........ 21
भीलवाड़ा संभाग ........ 23
बिजयनगर-ब्यावर संभाग ........ 25
चित्तौड़गढ़ संभाग ........ 26

**रीजन-4**
डूँगरपुर-बासंवाड़ा संभाग ........ 27
राजसमंद संभाग ........ 29
उदयपुर संभाग ........ 30

**रीजन-5**
बीकानेर संभाग ........ 31
जोधपुर संभाग ........ 33
नार्थ-ईस्ट-बिहार संभाग ........ 34

**रीजन-6**
बाड़मेर-बालोतरा संभाग ........ 35
जालोर-सिरोही संभाग ........ 36

**रीजन-7**
भोपाल संभाग, इंदौर-उज्जैन संभाग ........ 37

**रीजन-8**
सेंट्रल महाराष्ट्र संभाग, गुजरात संभाग ........ 38
मुंबई संभाग ........ 40

**रीजन-9**
महाकौशल संभाग ........ 41
विदर्भ संभाग ........ 42

**रीजन-10**
आंध्रप्रदेश-ओडिशा संभाग, तमिलनाडु-केरला संभाग ........ 42
तेलंगाना संभाग ........ 43



**वीर अनिल जैन**
अन्तर्राष्ट्रीय अध्यक्ष



**वीर अशोक गोयल**
अन्तर्राष्ट्रीय महासचिव

**सम्माननीय वीर बन्धुओं/वीरा बहनों,**
**जय महावीर।**

महावीर इंटरनेशनल एक ऐसा संगठन हैं जो सेवा और समर्पण के मूल सिद्धांतों पर काम करता हैं। इसका उद्देश्य समाज के विभिन्न वर्गों की सेवा करना और उन्हें सशक्त बनाना हैं। महावीर इंटरनेशनल की गतिविधियों का उद्देश्य समाज में सकारात्मक परिवर्तन लाना और लोगों के जीवन में सुधार करना हैं।

25 मई को बीकानेर संभाग का संभागीय अधिवेशन आयोजित किया गया, जिसमें संभाग के केंद्रों से विभिन्न वर्गों के सदस्यों ने भाग लिया। इस अधिवेशन में मुख्य अतिथि के रूप में माननीय विधायक श्री गणेशराज बंसल और अन्य गणमान्य अतिथियों ने भाग लिया। मुझे भी इस अवसर पर उपस्थित होने का अवसर मिला। संभागीय अधिवेशन में सदस्यों ने अपने विचार और अनुभव साझा किए और समाज सेवा के क्षेत्र में अपने योगदान को बढ़ाने के लिए प्रतिबद्धता जताई। सफल आयोजन के लिए जोन चेयरमैन वीर संजय बैद एवं उनकी टीम को बहुत-बहुत शुभकामनायें।

जैसा की सभी को विदित हैं संस्था की गतिविधियों में छात्र सम्मान समारोह भी शामिल हैं, जिसमें उत्कृष्ट छात्रों को सम्मानित किया जाता हैं और उन्हें भविष्य में और अधिक उपलब्धियों के लिए प्रेरित किया जाता हैं। ऐसा ही एक कार्यक्रम 8 जून को महावीर इंटरनेशनल बंगभूमि केंद्र कोलकाता द्वारा सफल आयोजित किया गया। समारोह का हिस्सा बनकर बेहद खुशी हुई। यह समारोह छात्रों को उनके प्रयासों के लिए प्रोत्साहित करने और उन्हें समाज में सकारात्मक योगदान देने के लिए प्रेरित करने का एक महत्वपूर्ण अवसर रहा।

संस्था द्वारा महावीर इंटरनेशनल स्वर्ण जयंती सेवा रथ के माध्यम से जनजागृति और प्रचार-प्रसार किया जा रहा हैं, संस्था के विभिन्न संभागों में जाकर समाज के विभिन्न वर्गों तक पहुंचने और उन्हें सेवा के प्रति जागरूक करने में एक महत्वपूर्ण योगदान दे रहा हैं। इस सेवा रथ के माध्यम से संस्था के 50 वर्षों की विभिन्न सेवाओं को जन-जन तक पहुंचाने का एक प्रभावी तरीका हैं। यह जानकर अत्यंत प्रसन्नता हुई कि जिस भी संभाग में यह सेवा रथ गया वहां सदस्यों में नई स्फूर्ति, उमंग एवं ऊर्जा का संचार हुआ।

यह हम सभी सदस्यों की प्रतिबद्धता और समर्पण के कारण संभव हो पा रहा हैं। आप सभी के प्रयास से संस्था समाज सेवा के क्षेत्र में महत्वपूर्ण योगदान दे रही हैं। संस्था की सभी सेवा गतिविधियों का उद्देश्य समाज के विभिन्न वर्गों की सेवा करना और उन्हें सशक्त बनाना हैं, और हम इस उद्देश्य को प्राप्त करने के लिए कृत संकल्पित हैं।

संस्था का स्वर्ण जयंती समारोह "SALUTE" -5 व 6 जुलाई, 2025 को बिड़ला ऑडिटोरियम, जयपुर में सम्पन्न होने जा रहा हैं। आगामी समारोह हम सब के लिए खुशी मनाने का एक अनुपम अवसर हैं, इस लिए हर वो व्यक्ति जो इस महान संस्था का सदस्य हैं उसको इस समारोह में शामिल करना हमारी प्राथमिकता हैं। ताकि हम इसको भव्य और यादगार बना सकें।

Never Before की तर्ज पर यह ऐतिहासिक समारोह के आयोजन की तैयारी में टीम जुटी हुई हैं, आपके शामिल होने एवं समर्थन से ही स्वर्ण जयंती समारोह भव्य व यादगार बन सकेगा।

आपके स्वस्थ, सुखी और सेवा भावना के जीवन की मंगल कामना के साथ....

# महावीर इंटरनेशनल स्वर्ण जयंती सेवा रथ के माध्यम से जनजागृति एवं प्रचार-प्रसार एवं विभिन्न संभागों में आगमन एवं स्वागत

## राजसमंद संभाग को पूर्ण कर सेवा यात्रा रथ दिनांक 16 मई से डूंगरपुर-बांसवाड़ा जोन में भ्रमण हेतु पहुंचा।

### डूंगरपुर-बांसवाड़ा संभाग

महावीर इंटरनेशनल के 50 वर्ष पूर्ण होने पर स्वर्ण जयंती महोत्सव जुलाई माह में मनाया जा रहा हैं जिसके अंतर्गत महावीर इंटरनेशनल के प्रचार प्रसार एवं विगत 50 वर्षो मे की गई समाज सेवा के प्रकल्पों को आमजन के बीच पहुंचाने के लिए संपर्क यात्रा का डूंगरपुर बांसवाड़ा जोन में कनबा शाखा द्वारा यात्रा का आगाज एवं प्रवेश, जोन चेयरमैन वीर पृथ्वीराज जी जैन के मुख्य आतिथ्य मे सम्पन्न कराया गया, केंद्र अध्यक्ष वीर डॉ. अरुण पंड्या ने संस्था द्वारा किये गए समाजसेवा के कार्यों की जानकारी दी गयी साथ ही रोड साइड पर व्यापार करने वाले व्यापारियों को दो कैनोपी छतरी भामाशाह पुष्पा जैन, नीलेश जैन, अखिलेश जैन के द्वारा वितरण की गयी। इस मौके पर पेंशनर करणसिंह, दौलतराम, कन्हैयालाल, नारायण, डॉ. महेश, केंद्र के उपाध्यक्ष गिरीश, मुकेश, संयुक्त सचिव वीर पंकज, हितेश, लोकेश, मुक्ततेश, विनोद, सुशील, हरगोविंद, खुशीलाल, निर्मला जैन, मंजुला, हेरुषा ने अपनी सेवाएं दी। केंद्र सचिव वीर अखिलेश जैन ने कार्यक्रम मे पधारे सभी अतिथियों एवं आमजन को धन्यवाद अर्पित किया एवं समाज सेवा के कार्यों मे सहयोग करने का निवेदन किया।

कनबा से स्वर्ण जयंती सेवा यात्रा रथ डूंगरपुर पहुंचा एवं यहां महावीर इंटरनेशनल डूंगरपुर एवं वीरा प्रियदर्शना, डूंगरपुर ने महावीर इंटरनेशनल डूंगरपुर के रोग निदान केंद्र पर स्वागत कर नगर भ्रमण करवाया गया। सेवा यात्रा रथ शहर के तहसील चौराया एवं कलेक्ट्रेट कार्यालय पहुंचा एवं LED SCREEN पर दोनों केंद्रों के सेवा प्रकल्प एवं महावीर इंटरनेशनल संबंधी जानकारी से अवगत कराया एवं आम जन को महावीर इंटरनेशनल की विगत 50 वर्षों की स्वर्णिम यात्रा की जानकारी प्रदान की गई।

स्वर्ण जयंती रथ यात्रा डूंगरपुर से रवाना होकर सागवाड़ा, गागड़ तलाई, कुशलगढ़, बड़ोदिया में वहां स्थित केंद्रों पर स्वागत एवं नगर भ्रमण किया एवं वहां से स्वर्ण जयंती रथ का आगमन नौगामा नगर में हुआ जहां पर महावीर इंटरनेशनल बांसवाड़ा डूंगरपुर जोन के अध्यक्ष वीर पृथ्वीराज जैन, गवर्निंग काउंसिल सदस्य वीर अजीत कोठिया का स्वागत, महावीर इंटरनेशनल का दुपट्टा उड़ा कर महावीर इंटरनेशनल नौगामा शाखा के अध्यक्ष वीर सुरेशचंद्र गांधी, शाखा सचिव वीर कैलाश पंचोरी, ग्राम पंचायत सरपंच नरेश परमार संरक्षक वीर डॉ. अजीत गांधी, वीर सुरेशचंद्र मोदी, सुरभि मोटर्स के प्रॉपर्टी राजेंद्र गांधी, विधानाचार्य रमेशचंद्र गांधी, दिनेशचंद्र चरपोटा, जीवदया परिवार के अध्यक्ष आशीष पंचोरी ने स्वागत अभिनंदन किया। इस अवसर पर शाखा अध्यक्ष वीर सुरेशचंद्र गांधी ने केंद्र की विभिन्न सेवा कार्यों के बारे में जानकारी दी। इस अवसर पर जोन चेयरमैन वीर पृथ्वीराज जैन ने सेवा यात्रा रथ के बारे में जानकारी देते हुए बताया कि महावीर इंटरनेशनल स्थापना के 50 वर्ष पूर्ण होने पर संपूर्ण भारत में महावीर इंटरनेशनल के सेवा कार्यों की जानकारी हेतु स्वर्ण जयंती रथ का भ्रमण हो रहा हैं एवं 5 व 6 जुलाई को गुलाबी नगरी जयपुर के बिडला ऑटोरियम में स्वर्ण जयंती वर्षगांठ का विशाल कार्यक्रम रखा गया हैं। इस हेतु सभी वीर सदस्यों का आगमन हेतु निमंत्रण दिया। इसी दौरान अपेक्स कार्यालय की रात्रि चौपाल कार्यक्रम के माध्यम से अन्तर्राष्ट्रीय अध्यक्ष वीर अनिल जैन, वीर रतन लाल जैन फलोदिया कोलकाता, वीर महेश कुमार मूंड़, झुंझुनू वीर टोडरमल चौपड़ा बीकानेर, वीरा तिलक नंदनी शाह सागवाड़ा, वीर रविंद्र जैन फलोदी, वीरा निधि गांधी डूंगरपुर द्वारा सीधे चौपाल द्वारा नौगामा स्वर्ण जयंती रथ का संवाद कार्यक्रम देखा एवं अन्तर्राष्ट्रीय अध्यक्ष वीर अनिल जैन ने नौगामा शाखा वीर सदस्यों को शुभकामनाएं प्रेषित की। कार्यक्रम में जगज कटारा, खुशपाल जैन, सुभाष जैन, विनोद दोसी, नरेन्द्र जैन, सुभाष चंद्र नानावटी, ऋषिपा गांधी, रमेश चंद्र शाह, कोषाध्यक्ष वीर मोहनलाल पंचोरी, वीर विमला पंचोरी, अतिवीर गांधी, अर्हम् जैन, ममदू पठान, आदि ने सहयोग प्रदान किया। कार्यक्रम का संचालन वीर भरत पंचोली द्वारा किया गया।

### उदयपुर संभाग

स्वर्ण जयंती सेवा रथयात्रा का उदयपुर में भव्य स्वागत किया गया एवं शहर में रैली का आयोजन कर संस्था की सामाजिक सेवाओं की झलक प्रस्तुत करते हुए आमजन को जागरूक करते हुए स्वर्ण जयंती सेवा रथ यात्रा संपन्न हुई।

सेवा रथ का स्वागत नियमित सेवा प्रकल्प नि:शुल्क फिजियोथैरेपी केंद्र स्थल सामुदायिक भवन, अहिंसापुरी पर वीर सुरेशचंद्र बेरीवाल, डॉ. अजय सांखला, वीर एन.एस. खमेसरा, वीर यशवंत वर्डिया के साथ सह संयोजक वीर ए.के. श्रीमाली के नेतृत्व में स्वागत एवं रथ सारथी का अभिनंदन किया गया। प्रथम चरण में अहिंसापुरी कॉलोनी से होते हुए सुखाड़िया सर्किल, चेतक सर्किल, महाराणा भूपाल बाल चिकित्सालय और मदर मिल्क बैंक में महावीर इंटरनेशनल उदयपुर केंद्र अध्यक्ष वीर सुनील गांग की अगुवाई में सचिव वीर रविंद्र सुराणा, कोषाध्यक्ष वीर अशोक खुर्दिया, सदस्य वीर सुरेश बेरीवाल, वीर पारस हिंगड़ ने अपना पूर्ण सहयोग देते हुए जन जागरूकता रैली के रूप में लोगों को संस्था की सेवाओं की जानकारी दी। इस अवसर पर चिकित्सा अधिकारी डॉ. नरेन्द्र जोशी ने संस्था के कार्यों की सराहना करते हुए संवाद किया एवं स्वयं ने महावीर इंटरनेशनल उदयपुर केंद्र से जुड़ने का आह्वान किया। द्वितीय चरण में सेवा रथ महाराणा भोपाल चिकित्सालय से चेतक सर्किल, हाथीपोल, अश्विनी बाजार, उदयापोल होते हुए सर्वऋतु विलास कॉलोनी पहुंचा जहां वीरा शीलू सुराणा, मिश्री सदस्य तनिष्क सुराणा एवं कॉलोनी निवासियों ने प्रवेश पर स्वागत किया एवं जन सामान्य से संवाद करते हुए तृतीय चरण में सर्वऋतु विलास से सिख कॉलोनी, कॉलेज रोड होते हुए सेवाश्रम पहुंचा वहां पाठों की मगरी, सुभाष नगर क्षेत्रों में भी पहुंचा, जहां केंद्र अध्यक्ष वीर सुनील गांग एवं वीरा स्नेहलता गांग एवं मिश्री सदस्य सौम्य गांग द्वारा नुक्कड़ सभाओं के माध्यम से नागरिकों को संस्था की योजनाओं से जुड़ने और अधिकतम लाभ लेने की अपील की गई। अगले अंतिम चरण में रथ मुख्य रैली हेतु अशोक नगर, शास्त्री सर्किल, कोर्ट सर्किल, कलेक्टरी होते हुए सायंकाल में मुख्य रैली के लिए देहली गेट पुलिस स्टेशन पहुंचा। मुख्य रैली में देहली गेट पर उपस्थित 200 लोगों की भागीदारिता रही। उदयपुर ग्रामीण विधायक श्री फूलसिंह मीणा ने हरी झंडी दिखाकर मुख्य रैली का देहलीगेट से शुभारंभ किया। मुख्य रैली उदयपुर के व्यस्ततम एवं मुख्य बाजारों बापू बाजार, सूरजपोल होते हुए मेवाड़ मोटर्स की गली स्थित श्री वासु पूज्य महाराज मंदिर पर संपन्न हुई। रैली में अपेक्स से प्रायोजित विशेष सेवा रथ का उपयोग किया गया, जिसमें संस्था द्वारा संचालित सामाजिक व कल्याणकारी कार्यक्रमों को इलेक्ट्रॉनिक डिस्प्ले और पोस्टर्स के माध्यम से प्रदर्शित किया गया।

इस आयोजन में रिजन-4 के अन्तर्राष्ट्रीय उपाध्यक्ष वीर गौतम राठौड़, मीडिया प्रभारी वीर प्रकाश तलेसरा, ट्रस्टी सदस्य वीर बी.एल. खमेसरा, उदयपुर जोन अध्यक्ष वीर आशीष जैन, जोन सचिव वीर विश्वास वागरेचा, जोन कोषाध्यक्ष वीर दिलीप कावड़िया, पूर्व अन्तर्राष्ट्रीय अध्यक्ष वीर राज लोढ़ा, पूर्व अन्तर्राष्ट्रीय उपाध्यक्ष वीर राजेन्द्र कुमार चतुर, केंद्र के युवा अध्यक्ष वीर सुनील गांग, सचिव वीर रविन्द्र सुराणा, कोषाध्यक्ष वीर अशोक खुर्दिया सहित संस्था के अनेक पदाधिकारी, वरिष्ठ सदस्यगण वीर-वीरा, गणमान्य नागरिक, श्री दिगम्बर जैन बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय एवं राजस्थान महिला मंडल विद्यालय के छात्र-छात्राएं, कर्मचारियों एवं शिक्षकगण उत्साहपूर्वक शामिल हुए। मुख्य रैली के दौरान स्थानीय प्रशासन एडीएम सिटी श्री वीर सिंह जी एवं पुलिस विभाग का पूर्ण सहयोग रहा। शिक्षण संस्था सक्सेस पॉइंट के डायरेक्टर डॉ. महेंद्र सिंह की ओर से मुख्य रैली के दौरान पेय जल एवं शीतल पेय का सहयोग प्राप्त हुआ।

पहलगांव में आतंकवाद की घटना से 28 पर्यटकों की मौत पर देश की केंद्र सरकार ने मुहतोड़ जवाब एवं आतंकवाद को जड़मूल से हटाने हेतु प्रोजेक्ट सिंदूर की अभूतपूर्व सफलता पर तिरंगा यात्रा का समावेश एवं देश भक्ति के नारों के साथ सभी ने अपनी भावना प्रेषित की।

महावीर इंटरनेशनल की यह रथयात्रा न केवल संस्था की 50 वर्षों की सेवा यात्रा का उत्सव थी, बल्कि समाज में सेवा, समर्पण और जनकल्याण के संदेश का प्रभावी प्रसार भी रही। अंत में स्वर्ण जयंती रथ अगली यात्रा हेतु प्रस्थान कर गया।

## भीलवाड़ा संभाग

महावीर इंटरनेशनल क्वींस ने किया महावीर इंटरनेशनल अपेक्स सेवा रथयात्रा का स्वागत

महावीर इंटरनेशनल अंतर्राष्ट्रीय उपाध्यक्ष वीरा मंजू पोखरना, जोन अध्यक्ष वीरा मंजू खटवड़ एवं क्वींस संरक्षिका वीरा साधना भंडारी ने अपेक्स द्वारा सेवा रथ यात्रा का (द्वितीय चरण) आगाज करते हुए बताया कि महावीर इंटरनेशनल सबकी सेवा सबका प्यार अपेक्स के 50 वर्ष पूर्ण होने पर स्वर्ण जयंती यह भव्य कार्यक्रम जयपुर के बिरला ऑडिटोरियम में मनाया जाएगा, जिसमें भीलवाड़ा से 50 महिलाएं इस स्वर्ण जयंती का हिस्सा बन रही हैं। इसी भव्य कार्यक्रम के अंतर्गत अपेक्स द्वारा द्वितीय चरण राजस्थान के सभी जोन जिले में सेवारत यात्रा निकाली जा रही हैं जिसका उद्देश्य महावीर इंटरनेशनल के सेवा कार्यों का प्रचार प्रसार करना हैं क्वींस अध्यक्षा वीरा किरण बाफना ने बताया कि इस वह रथ यात्रा में सभी संस्था द्वारा किए जा रहे कार्यों को दिखाया जा रहा हैं जिसमें क्वींस द्वारा किए जा रहे सेवा कार्य वृक्षारोपण, जीव दया, मानव सेवा, सांस्कृतिक कार्यक्रम, महिला सशक्तिकरण, बेबी किट वितरण, सेनेटरी पैड, शिक्षा से संबंधित, जागरूकता अभियान, दिखाए गए।

साथ ही अपेक्स द्वारा हमें नियमित रूप से बेबी किट, सेनेटरी पैड, विकलांगता चेयर, कैनोपी, आदि नि:शुल्क प्राप्त होते हैं जिन्हें शाखा द्वारा सभी जगह नि:शुल्क दिए जाते हैं। कार्यक्रम के अंत में कोषाध्यक्ष वीरा रानी बंब, कार्यकारिणी सदस्य वीरा सुमता जैन, वीरा पिंकी सोनी, वीरा हंसा नागौरी, वीरा पूजा जैन, वीरा नीता जैन, वीरा अर्पिता जैन, वीरा चाँदनी वेष्णव आदि सभी बहनों ने स्वर्ण जयन्ती की बधाई दी।

## चित्तौड़गढ़ संभाग

महावीर इंटरनेशनल चित्तौड़गढ़ केंद्र एवं महावीर इंटरनेशनल देशना वीरा केंद्र चित्तौड़गढ़ द्वारा रथ यात्रा के चित्तौड़गढ़ पहुंचने पर कलेक्ट्रेट सर्किल पर रथ का स्वागत किया गया एवं स्मृति चिन्ह भेंट किया गया। रथ को नगर के प्रमुख चौराहा पर व नगर में भेज कर महावीर इंटरनेशनल की गतिविधियों के बारे में जानकारी दी। जोन सचिव वीर प्रवीण जैन द्वारा रथ यात्रा के बारे में जानकारी दी गई। इस अवसर पर सचिव वीर चंद्र प्रकाश जैन, वीर नवनीत मोदी, वीर अशोक सेठिया, वीर राजेंद्र संचेती, वीर दिनेश खंडेलवाल वीर-वीरा उपस्थित रहे।

महावीर इंटरनेशनल निम्बाहेड़ा केंद्र एवं महावीर इंटरनेशनल पद्मिनी

निम्बाहेड़ा केंद्र द्वारा महावीर इंटरनेशनल के 50 वर्ष पूर्ण होने पर स्वर्ण जयंती उत्सव मनाया गया जिसके तहत अहिंसा सर्किल पर रथ का स्वागत किया गया एवं स्मृति चिन्ह भेंट किया गया। रथ को नगर के प्रमुख चौराहा पर व नगर में भेज कर महावीर इंटरनेशनल की गतिविधियों के बारे में जानकारी दी। पूर्व अंतर्राष्ट्रीय सचिव वीर कमलेश ढेलावत द्वारा रथ यात्रा के बारे में जानकारी दी गई। इस अवसर पर केंद्र चेयरमैन वीर विकास पटवारी, पूर्व चेयरमैन वीर आशीष बोडाना, वीर रवि मोदी, वीर सौरभ तोषनीवाल, वीरा केंद्र चेयरपर्सन वीरा प्रीति खेरोदिया, वीरा अल्पना चपलोत, वीरा मंजू काबरा, वीरा प्रियंका बोडाना, वीरा मेघा सोनी सहित वीर-वीरायें उपस्थित रही।

महावीर इंटरनेशनल छोटीसादड़ी केंद्र द्वारा स्वर्ण जयंती उत्सव मनाया गया जिसके तहत रथ का स्वागत किया गया। रथ को नगर के प्रमुख चौराहा पर घुमाया गया साथ ही जोन डायरेक्टर वीर कांतिलाल दक द्वारा रथ यात्रा के बारे में जानकारी दी गई। केंद्र चेयरपर्सन वीरा कैलाश गिरी गोस्वामी द्वारा स्वागत उद्बोधन दिया गया। सह सचिव वीर अविनाश गौड द्वारा संस्था के सेवा कार्यों के बारे में जानकारी दी गई। इस अवसर पर केंद्र सचिव वीर लोकेश जायसवाल, वीर गुणवंत सोनी, वीर सौभागसिंह मेहता, वीर अशोक सोनी, वीर जसवंत कासमा, वीर राजमल राठौड़, वीर प्रवीण शर्मा, वीर श्यामगिरि गोस्वामी, वीर मनीष लसोड़, वीर अशोक नागोरी उपस्थित रहे।

## बिजयनगर-ब्यावर संभाग

सबकी सेवा सबको प्यार के ध्येय के साथ सामाजिक व मानव सेवा को समर्पित संगठन महावीर इंटरनेशनल के सेवा कार्यों की स्वर्ण जयंती वर्ष के उपलक्ष में आगामी 5-6 जुलाई को जयपुर में होने वाले अधिवेशन के लिए सेवा यात्रा निकाली जा रही हैं। सेवा यात्रा के बिजयनगर में पहुंचने पर महावीर इंटरनेशनल अपेक्स अंतर्राष्ट्रीय उपाध्यक्ष वीर विनोद चोरड़िया के निवास स्थान बापू बाजार महावीर इंटरनेशनल बिजयनगर, विजयश्री वीरा सेन्टर एवं यूथ बिजयनगर के सदस्यों ने स्वागत किया। वीर चोरड़िया ने बताया कि इस दौरान क्षेत्रीय विधायक वीरेंद्र सिंह कानावत, पालिका अध्यक्ष अनीता इंद्रजीत मेवाड़ा, महावीर इंटरनेशनल बिजयनगर शाखा के संरक्षक वीर ज्ञानचंद सिंघवी, अध्यक्ष वीर ज्ञान सिंह सांखला, सचिव वीर गोपीचंद चोरड़िया, कोषाध्यक्ष वीर गोपाल लाल जागेटिया, वीरा केंद्र अध्यक्ष वीरा सुनीता सिंघवी सचिव वीरा आशा चोरड़िया सहित सदस्य मौजूद रहे। इसके बाद नगर भम्रण करवाया गया। इस यात्रा के माध्यम से महावीर इंटरनेशनल के सेवा कार्यो की जानकारी विभिन्न जिलों में आमजन को दी जा रही हैं।

## अजमेर संभाग

17 जून को स्वर्णजयंती सेवा रथ यात्रा अजमेर पहुंचने पर जोन अध्यक्ष वीर अशोक जैन, ट्रस्टी वीर पदमचंद जैन, महावीर इंटरनेशनल अजमेर केंद्र सचिव वीर प्रभात सेठी ने स्वागत किया। रथ को नगर के प्रमुख चौराहा वैशाली नगर होते हुए माकड़ वाली के 3 किलोमीटर दूर नवनिर्मित भवन तक स्कूटर, कार रैली निकालकर आमजन को महावीर इंटरनेशनल की गतिविधियों के बारे में जानकारी दी। केंद्र उपाध्यक्ष वीर प्रेम कुमार जैन एवं वीरा अलका दूधेडिया, सह-निदेशक वूमेन एंपावरमेंट एवं संयोजक गोल्डन जुबली समारोह द्वारा रथ यात्रा के बारे में जानकारी दी गई। इस अवसर पर केंद्र के वीर अनिल लोढ़ा, वीर सुभाष चादना, वीर मनोहर गोपाल ईनाणी, वीरा पूनम चंद जैन, वीर विनय पाटनी, वीर अनिल जैन व कई सदस्य उपस्थित रहे।











स्वर्ण जयन्ती सेवा यात्रा




भव्य गौरवमय शुभारम्भ
द्वितीय चरण- भीलवाड़ा, चित्तौड़,
अजमेर और ब्यावर


स्वर्ण जयन्ती सेवा यात्रा


स्वर्ण जयन्ती सेवा यात्रा


स्वर्ण जयन्ती सेवा यात्रा


स्वर्ण जयन्ती सेवा यात्रा
India Book Of Record




स्वर्ण जयन्ती सेवा या
SALUTE-2025


मोयरा
प्रवीण कुमार
बंवारीलाल अग्रवाल
मोयरा
स्वर्ण जयन्ती सेवा यात्रा
Welcomes You

# बीकानेर संभागीय अधिवेशन संपन्न, नए वीरा केंद्र को दिलाई गई शपथ रविवार 25 मई, 2025



महावीर इंटरनेशनल अपेक्स का बीकानेर संभाग का संभागीय अधिवेशन रविवार 25 मई को हनुमानगढ़ जंक्शन स्थित नव निर्मित महावीर इंटरनेशनल भवन में भव्यता के साथ आयोजित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता संस्था के संभागीय अध्यक्ष वीर संजय बैद ने की। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि माननीय विधायक श्री गणेशराज बंसल, पूर्व सभापति श्री सुमित रणवां, अन्तर्राष्ट्रीय अध्यक्ष वीर सीए अनिल जैन, अन्तर्राष्ट्रीय उपाध्यक्ष रीजन-5 वीर अनिल बांठिया, रीजन-5 के क्षेत्रीय सचिव वीर राजेन्द्र सिंह राठौड़, संभागीय सचिव वीरा रेणु गुजरानी, प्रो. वीरा सुमन चावला समेत अन्य गणमान्य अतिथि उपस्थित रहे।

कार्यक्रम की शुरुआत एक सेवा कार्य से की गई, जिसमें मदनलाल जैन डबलीराठान के पुत्र पवन जैन, पौत्र गौरव जैन व नितिन जैन द्वारा तपती गर्मी में आमजन को राहत पहुंचाने के उद्देश्य से चिलर प्लांट, वाटर कूलर व आर.ओ. फिल्टर का उद्घाटन करवाया गया। इसके साथ ही नगर परिषद हनुमानगढ़ द्वारा निर्मित महावीर इंटरनेशनल भवन का भव्य लोकार्पण अतिथियों द्वारा सामूहिक रूप से किया गया।

कार्यक्रम की शुरूवात अतिथियों ने भगवान महावीर के चित्र पर पुष्प अर्पित कर की। कार्यक्रम में सबसे पहले महावीर इंटरनेशनल हनुमानगढ़ के सचिव वीर संजय जैन, कोषाध्यक्ष वीर दीपक जैन गोयल, वीर राजेन्द्र बैद, वीर डॉ. पारस जैन, वीर कमल सिंह जैन, वीर हरीश दफ्तरी ने अतिथियों का माला पहनाकर स्मृति चिन्ह देकर अभिनंदन किया।

कार्यक्रम के दौरान संस्था के नवगठित वीरा केंद्र की कार्यकारिणी को अन्तर्राष्ट्रीय अध्यक्ष वीर सीए अनिल जैन द्वारा शपथ दिलाई गई। नवनियुक्त अध्यक्ष वीरा कंचन गुप्ता, उपाध्यक्ष वीरा दीपिका जैन व वीरा कोमल मुरजानी, सचिव वीरा रितिका छाबड़ा, कोषाध्यक्ष वीरा अविशी छाबड़ा व प्रोजेक्ट हेड वीरा पायल छाबड़ा को पद व गोपनीयता की शपथ दिलाई।

महावीर इंटरनेशनल हनुमानगढ़ के चेयरमैन वीर गौरव जैन ने इस अवसर पर बताया कि नगर परिषद के सहयोग से भवन का जीर्णोद्धार किया गया हैं। महिलाओं को स्वावलंबी बनाने हेतु सिलाई प्रशिक्षण केंद्र की भी स्थापना की जाएगी।

माननीय विधायक श्री गणेशराज बंसल व पूर्व सभापति श्री सुमित रणवां ने महावीर इंटरनेशनल द्वारा चलाए जा रहे जनकल्याणकारी प्रोजेक्ट्स की प्रशंसा करते हुए इन्हें समाज के लिए अत्यंत उपयोगी बताया।

नवनियुक्त हनुमानगढ़ वीरा केंद्र की चेयरपर्सन वीरा कंचन गुप्ता ने महिला सशक्तिकरण की दिशा में विशेष कार्य करने की प्रतिबद्धता जताई।

संभागीय सचिव वीरा रेनू गुजरानी ने संभाग के दो वर्ष के कार्यों का प्रतिवेदन प्रस्तुत किया। तत्पश्चात संभाग के सभी अध्यक्षों द्वारा अपनी द्विवार्षिक रिपोर्ट का वाचन किया गया।

अन्तर्राष्ट्रीय अध्यक्ष वीर सीए अनिल जैन ने अपने उद्बोधन से कहा कि महावीर इंटरनेशनल पहले वाली संस्था नहीं रही हैं। इसके सेवा कार्यों में समाज हित व अधिक से अधिक पीड़ित व जरुरतमंद की मदद हो इस अनुरूप बदलाव हो रहा हैं। उन्होंने आह्वान किया कि केंद्रों को स्थानीय आवश्यकता के मद्दे नजर अपने आप को बदलना होगा और समाज हित में अपने सेवा कार्यों को नई ऊंचाइया देनी होगी। सभी केंद्र को एक या दो स्थायी प्रोजेक्ट अवश्य चलाने चाहिए जिससे उस प्रोजेक्ट के माध्यम से स्थानीय पहचान बढ़ सकें। उन्होंने वीर केंद्र हनुमानगढ़ के स्किल डेवलपमेंट कार्य को सराहा एवं केंद्र के लिए अपेक्स की ओर से सिलाई मशीन देने की घोषणा की। साथ ही संस्था के गौरवपूर्ण 50 वर्ष पूर्ण होने पर जयपुर में आयोजित होने जा रहे "सल्यूट" समारोह के बारे में जानकारी दी।

कार्यक्रम के दूसरे चरण में संभागीय अध्यक्ष वीर संजय बैद ने गत दो वर्षों में विभिन्न केंद्रों द्वारा किए गए सेवा कार्यों के लिए पुरस्कारों की घोषणा की जिसमें बीकानेर केंद्र को सर्वश्रेष्ठ केंद्र, वीर टोडरमल चोपड़ा को सर्वश्रेष्ठ अध्यक्ष, वीर संतोष बांठिया को सर्वश्रेष्ठ सचिव सहित पर्यावरण, जल संरक्षण, नेत्र चिकित्सा, रक्तदान, वृद्धाश्रम सेवा, हाइजीनिक बेबी किट, गरिमा प्रोजेक्ट, महिला स्वाबलंबन, पौधारोपण आदि विभिन्न क्षेत्रों में केंद्रों व सदस्यों को पुरस्कार वितरण किए गए। इस अधिवेशन में गवर्निंग काउंसिल सदस्य डॉ. एम.पी. तिवारी, वीर संतोष बांठिया, ट्रस्टी वीरा चारु नाहटा, सह निदेशक वीरा डॉ. आशु मलिक, डिप्टी डायरेक्टर वीरा नीतू बैद सहित बीकानेर संभाग के विभिन्न केंद्रों के लगभग 125 वीर और वीरा उपस्थित रहे। राष्ट्रगान एवं भोजन के साथ कार्यक्रम संपन्न हुआ।






संभागीय अधिवेशन – 2025






योग चिकित्सा एवं प्रशिक्षण केन्द्र
10 मार्च 2024 से अनवरत जारी है


संभागीय अधिवेशन – 2025










Mahavir International Apex
महावीर इन्टरनेशनल एपेक्स




संभागीय अधिवेशन – 2025
हार्दिक अभिनन्दन


Mahavir International Apex
महावीर इन्टरनेशनल एपेक्स



# Students' Felicitation Ceremony

**Organized by : Mahavir International Bangabhoomi Center, Kolkata**
**Date : 8th June, 2025 Venue: Tarun Sengupta Smriti Bhawan, Birati**

On Sunday, 8th June 2025, Mahavir International Bangabhoomi organized a grand Students' Felicitation Ceremony at Tarun Sengupta Smriti Bhawan, Birati to honor meritorious students who have performed exceptionally in their Secondary (Madhyamik) and Higher Secondary (Uchcho Madhyamik) examinations. This event aimed to recognize the hard work and achievements of young students and to motivate them for greater accomplishments in the future.

## Program Highlights

- The event witnessed the felicitation of more than 500 students from various schools across the region.
- Each student was awarded with books, a gift item, and a sapling as a symbol of hope, growth, and commitment to environmental conservation.
- A cultural program was organized as part of the felicitation ceremony. Students show cased their talents through music, dance, and recitations, creating a vibrant and enthusiastic atmosphere.
- The initiative aimed not only to recognize academic excellence but also to instill values of social responsibility, environmental awareness, and personal growth among the young achievers.

## Distinguished Guests

The program was graced by several eminent dignitaries and special invitees, whose presence inspired the students and added significance to the event:

- ♦ Vir CA Anil Jain – International President, Mahavir International Apex
- ♦ Vir Ashok Jindal – Judicial Member, GST Tribunal, Kolkata
- ♦ Vir Purnendu Debnath – Chairman, Mahavir International Bangabhoomi
- ♦ Vir Kishore Kar – Secretary, Mahavir International Bangabhoomi
- ♦ Mr. Raktim Das – Eminent Journalist
- ♦ Vir Ratan Jain Falodia – Patron Member, Mahavir International VIP Anchal & Chief Convenor, E-Choupal
- ♦ Other office-bearers, patrons, local leaders, educators, and well-wishers of the organization also attended and appreciated the initiative.

## Purpose and Vision

This felicitation ceremony was part of Mahavir International Bangabhoomi's continuous efforts to promote education and support the holistic development of youth. The initiative reflects the organization's dedication to:

- Encouraging academic excellence among students.
- Fostering awareness about environmental conservation through symbolic sapling distribution.
- Strengthening moral and social values among future citizens.
- Inspiring leadership and community participation among youth.

## Conclusion

The Students' Felicitation Program on 8th June 2025 was a resounding success, leaving a lasting impression on all participants. The beaming smiles of the awardees and the enthusiastic participation of guests reflected the event's significance and positive impact.

Mahavir International Bangabhoomi reaffirmed its role as a catalyst for social good by celebrating youth achievement and nurturing the seeds of a brighter, greener, And More Responsible future. Mahavir International Bangabhoomi

**Vir Purnendu Debnath**
**Chairman,**
**Mahavir International Bangabhoomi**




মাধ্যামক কৃতি ছাত্র-ছাত্রীদের
জ্ঞাপন অনুষ্ঠান
ব্যবস্থাপনায়-










বিকাল ৪











## रीजन-1

### नार्थ-1 संभाग

### महावीर इंटरनेशनल अलवर केंद्र नि:शुल्क नेत्र एवं स्वास्थ्य जांच शिविरों का आयोजन

**महावीर इंटरनेशनल अलवर केंद्र** द्वारा मई माह में संचालित अस्पताल में निम्न सेवाएं प्रदान की जैसे नेत्र जांच: 887, मोतियाबिंद ऑपरेशन: 21, स्पेक्स: 21, फिजिशियन जांच: 707, फिजियोथैरेपी जांच: 382, डेंटल जांच: 45, गायनोकॉलोजी: 14, ऑर्थोपेडिक: 22, ENT: 17, स्किन: 21, दवाइयों का वितरण: 75, डिजिटल एक्सरे में 101 एवं पैथोलॉजी जांच में 406 मरीजों को 30 प्रतिशत लाभ दिया



**नि:शुल्क नेत्र एवं स्वास्थ्य जांच शिविरों का आयोजन**

गया। साथ ही केंद्र द्वारा कुछ विशिष्ट शिविर आयोजित किए गए जिसमें फ्री ब्लड शुगर जांच: 108, HB 1AC: 12, ब्लड प्रेशर जांच: 29, Uric acid: 24, मेडिकल, डेंटल, स्कैन, ऑर्थो कैम्प: 36, लंग्स कैम्प: 25, थाइराइड: 28, ऑर्थोपैडिक कैम्प: 31, लिवर फंक्शन कैम्प: 28 की जांच की गयी।

### महावीर इंटरनेशनल गुरुग्राम केंद्र विश्व पर्यावरण दिवस पर कार्यक्रम का आयोजन

**महावीर इंटरनेशनल गुरुग्राम केंद्र** द्वारा विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर "कपड़े की थैली मेरी सहेली" परियोजना के तहत 8 जून को मुख्य सब्जी मंडी, सेक्टर-17 मार्केट और सेक्टर-4 मार्केट में कपड़े की थैलियों का वितरण किया गया। जैन कॉर्ड और अमन फाउंडेशन के अनिल जैन द्वारा प्रायोजित कार्यक्रम में 500 बैग वितरित



**विश्व पर्यावरण दिवस पर कार्यक्रम का आयोजन**

किए गए। इस अवसर पर वीर अनिल जैन, वीर संदीप जैन (सचिव), वीर मोहित, वीर अरविंद और वीर संजय आदि की गरिमामय उपस्थिति रही।

### महावीर इंटरनेशनल सोशल फाउंडेशन, फरीदाबाद रक्तदान महादान अभियान

**महावीर इंटरनेशनल सोशल फाउंडेशन, फरीदाबाद** की इकाई डोनर्स क्लब के माध्यम से एशियन अस्पताल में बी-वी प्लेटलेट्स श्री अजय द्वारा दान किए गए, जिससे एक जीवन बचा। जितांशु चावला ने 20वीं बार प्लेटलेट दान किया, जिससे एक गंभीर अस्थि मज्जा प्रत्यारोपण रोगी को लाभ मिला, श्री राकेश मोंगा ने संघर्ष कर रही 4 वर्षीय लड़की को प्लेटलेट्स दान किया। श्री ध्रुव ने जीवन बचाने के लिए, उसी रोगी के लिए प्लेटलेट्स दान किया। श्री रॉबिन त्यागी ने प्लाज्मा निष्कर्षण के लिए एबी+ रक्तदान किया, जिससे एक यकृत प्रत्यारोपण रोगी को लाभ मिला। उपरोक्त सभी को जीवनरक्षक बनने के लिए केंद्र की ओर से धन्यवाद दिया गया।

### महावीर इंटरनेशनल उमंग वीरा गुरुग्राम केंद्र विशेष कार्यक्रम का आयोजन

**महावीर इंटरनेशनल उमंग वीरा गुरुग्राम केंद्र**



**विशेष कार्यक्रम का आयोजन**

द्वारा एक नेक पहल के अंतर्गत 21 मई को कोढ़ (Leprosy) से पीड़ित लोगों के लिए एक विशेष कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर सभी ने अपने सामर्थ्य अनुसार धनराशि या सामग्री का योगदान किया, ताकि जरूरतमंदों की मदद कर सके। सभी सामग्री पैकेट बनाकर जरूरतमंद परिवारों में वितरित की गयी। वहां कुल 16 परिवार उपस्थित रहे। अन्तर्राष्ट्रीय उपाध्यक्ष वीरा हेमा जैन, नार्थ जोन सेक्रटरी वीरा सरोज, चेयरपर्सन वीरा मंजू, वीरा रीनू, वीरा राखी, वीरा शशि, वीरा सलोनी, वीरा मीना, वीरा विनीता, वीरा नीलम का सहयोग रहा।

### नार्थ-2 संभाग

### महावीर इंटरनेशनल लुधियाना केंद्र व्हीलचेयर, ट्राईसाइकिल, श्रवण यंत्र एवं कृत्रिम अंग वितरण कार्यक्रम

**महावीर इंटरनेशनल लुधियाना केंद्र** द्वारा



**व्हीलचेयर, ट्राईसाइकिल, श्रवण यंत्र एवं कृत्रिम अंग वितरण कार्यक्रम**

होशियारपुर में शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में स्थानीय निकाय मंत्री डॉ. रणजोत, विधायक श्री ब्रह्म, एडीसी, पूर्व मंत्री और कई गणमान्य व्यक्तियों की उपस्थिति में 20 व्हीलचेयर, 10 ट्राईसाइकिल, 76 श्रवण यंत्र, 22 कृत्रिम अंग वितरित किए गए।

## महावीर इंटरनेशनल जम्मू तवी केंद्र
## मीठा पानी वितरण कार्यक्रम

**महावीर इंटरनेशनल जम्मू तवी केंद्र** द्वारा 3 प्रमुख स्थानों पर 27000 गिलास ठंडा मीठा



मीठा पानी वितरण कार्यक्रम

पानी परोसा। इस अवसर पर रेखा महाजन और दिव्या जैन भाजपा महिला मोर्चा की नेता उपस्थित रही और उन्होंने केंद्र द्वारा किए गए कार्यों की सराहना की।

## महावीर इंटरनेशनल त्रिशला वीरा केंद्र लुधियाना
## भोजन वितरण कार्यक्रम

**महावीर इंटरनेशनल त्रिशला वीरा केंद्र**



भोजन वितरण कार्यक्रम

**लुधियाना** द्वारा दिव्य ज्योति संस्थान, हैबोवाल के मैनहट्टन स्कूल में लगभग 120 छात्रों को उनके स्कूल के अंतिम दिन दोपहर का भोजन परोसा गया और उन्हें स्टेशनरी दी गई। बच्चों ने बहुत ही प्रभावशाली और सुंदर प्रस्तुति भी दी। सभी ने बहुत आनंद लिया और खूब मौज-मस्ती की।

## महावीर इंटरनेशनल वीरा केंद्र नालागढ़
## पर्यावरण संरक्षण कार्यक्रम

**महावीर इंटरनेशनल वीरा केंद्र नालागढ़** द्वारा चेयरपर्सन वीरा डॉ. पूनम जैन तथा सचिव वीरा




पर्यावरण संरक्षण कार्यक्रम

दीपिका जैन को SDM ऑफिस में बुलाया गया तथा "कपड़े की थैली मेरी सहेली" प्रोजेक्ट के तहत प्रोत्साहित किया गया। इस मिटिंग में BDO, BMO, Tehsildar, DC, तथा अन्य पदाधिकारी भी सम्मिलित हुए। 5 जून को पर्यावरण दिवस के उपलक्ष्य में विवेकानंद कुंज विद्यालय के विद्यार्थियों के साथ मिलकर नालागढ़ हेरीटेज पार्क में एक नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत किया तथा प्लास्टिक के दुरुपयोग के बारे में एक रैली निकाली जिसमें BEO ऑफिसर श्री अनोख सिंह, प्रिंसीपल श्रीमती सुमति सिंगल वीरा केंद्र की प्रधान डॉ. पूनम जैन, सचिव दीपिका जैन, कोषाध्यक्ष रेनू जैन तथा अन्य वीरा सदस्य स्कूल की अध्यापिकाएं मौजूद रही। वहां पर पौधारोपरण भी किया गया। किरपालपुर पंचायत में केंद्र द्वारा वहां के स्थानीय लोगों को बुलाकर पर्यावरण संरक्षण तथा प्लास्टिक के दुरुपयोग के बारे में जानकारी दी गई। इस अवसर पर SEBPO श्रीमती आशा रानी भी उपस्थित रही। केंद्र द्वारा "कपड़े की थैली मेरी सहेली" योजना के तहत लोगों को कपड़े की थैली वितरित की गई तथा किरपालपुर में ही तालाब के पास 15 पौधों का पौधारोपण किया गया।

# रीजन-2

## जयपुर संभाग

## महावीर इंटरनेशनल पिंकसिटी केंद्र जयपुर
## विभिन्न सेवा गतिविधियों का आयोजन

**महावीर इंटरनेशनल पिंकसिटी केंद्र जयपुर** द्वारा अप्रैल माह के अंतर्गत स्थाई परियोजनाओं के तहत श्याम नगर आराधना भवन में नि:शुल्क होम्योपैथिक चिकित्सालय में वीर एम.सी. लोढ़ा के सहयोग से रु.5000 दिए गए। जलमंदिर अजमेरी गेट पर मोहणोत परिवार द्वारा संचालित की गयी। वीर बालिका महाविद्यालय में नि:शुल्क सिलाई प्रशिक्षण शिविर जिसमें 20 बालिकाओं को प्रशिक्षण दिया जा रहा हैं। स्वनेत्र अस्पताल में नि:शुल्क मोतियाबिंद 12 ऑपरेशन करवाए गए। 22 अप्रैल को वीरा कमल पानगड़िया के प्रयासों से राजकीय मूक बधिर विद्यालय में छात्रों के लिए गृहविज्ञान प्रयोगशाला का निर्माण करवाया गया तथा केंद्र की ओर से स्काउट के बच्चों को यूनिफार्म भी उपलब्ध करवाई गयी। परिसर में 20 परिंडे भी लगाए गए। वीरा कमल पानगड़िया के प्रयासों से संस हॉस्पिटल के यूरोलॉजी विभाग में 9 एयर कंडीशनर, 2 कूलर, 4 RO, 4 चेयर तथा 2 व्हीलचेयर उपलब्ध करवाए गए। केंद्र की सहायता से रख रखाव के 30000/- की सहायता भी दी गयी। राजकीय

उच्च माध्यमिक विद्यालय लखीसराय में एक प्रयोगशाला का निर्माण कार्य करवाया गया। स्कूल परिसर में ही 30 परिंडे लगवाए गए। साथ ही केंद्र द्वारा विभिन्न स्थानों पर कुल 500 परिंडे लगाए गए। केंद्र वीरा माया बोथरा द्वारा कई सेवा कार्य किए गए जिसमें नया आश्रम



**एक दिवसीय ऊंटों के उपचार और निदान हेतु शिविर का आयोजन**

में 32 बालकों को जलपान, समर्पण संस्था में 32 बालिकाओं को जलपान, कठपुतली नगर कच्ची बस्ती में बच्चों को उपहार एवं जलपान, एक कैंसर मरीज को हर माह की भांति राशन सामग्री एवं दवाईयां व 4 कन्याओं के विवाह के उपलक्ष्य में नगद सहायता एवं घर ग्रहस्थी का सामान भेंट किया गया। राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय कारणगद तुंगा में बरामदे का निर्माण कार्य करवाया गया। यह कार्य वीरा कमल पानगड़िया के सहयोग से किया गया। केंद्र संरक्षक एवं भामाशाह वीर एम.सी. लोढ़ा के द्वारा विभिन्न शमशान घरों में 12 वाटर कूलर लगवाए गए।

केंद्र द्वारा मई माह के अंतर्गत स्थाई परियोजनाओं के तहत 6 मई को वीर दिनेश मोहणोत परिवार के निवास स्थान पर बोर्ड मीटिंग आयोजित की गयी जिसमें 9 बोर्ड मेंबर्स उपस्थित रहे। श्याम नगर आराधना भवन में नि:शुल्क होम्योपैथिक चिकित्सालय में वीर एम. सी. लोढ़ा के सहयोग से रु.5000 दिए गए। जलमंदिर अजमेरी गेट पर मोहणोत परिवार द्वारा संचालित की गयी। वीर बालिका महाविद्यालय में नि:शुल्क सिलाई प्रशिक्षण शिविर जिसमें 17 बालिकाओं को प्रशिक्षण दिया जा रहा हैं। स्वनेत्र अस्पताल में नि:शुल्क मोतियाबिंद 8 ऑपरेशन करवाए गए। अस्थाई सेवाकार्यों के अंतर्गत वीरा माया बोथरा द्वारा मई माह में कई सेवा कार्य किए गए जिसमें चाकसू के श्रीराम वृद्धाश्रम में 40 बुजुर्गो को नाश्ता तथा राशन सामग्री भेंट की गयी। 5 मई को अपना घर आश्रम में 40 महिलाओं को भोजन करवाया गया। 8 मई को एक कन्या के विवाह उपलक्ष्य में नगद राशि, शादी के कपड़े, राशन सामग्री, बर्तन इत्यादि की सहायता प्रदान की गयी। 22 मई को एक ओर कन्या के विवाह के उपलक्ष्य में 22000/- की नगद सहायता, कपड़े एवं जरुरी सामान भेंट किया गया। एक कैंसर पीड़ित बच्चे को हॉस्टल में जलपान, महावीर विकलांग संस्था द्वारा संचालित हॉस्टल में दिव्यांग बच्चों के लिए 235 लिटर वर्लपूल का Refridgerator भेंट किया गया। 23 मई को एक वाटर कूलर स्वर्गीय श्री लाभ सिंह जी चोरड़िया के सौजन्य से लगवाया गया। हर माह की भांति एक कैंसर मरीज को दवाईयां तथा कोलन बैग की सहायता प्रदान की। अत: वीरा कमल पानगड़िया द्वारा थैलेसीमिया पीड़ित बच्चों के लिए 1 लाख की जरुरत का सामान तथा जलपान करवाया गया। केंद्र एवं पशुपालन विभाग, जयपुर के संयुक्त तत्वावधान में एक दिवसीय ऊंटों के उपचार और निदान हेतु शिविर का आयोजन रेनवाल मांजी के गांव मोहब्बतपुरा किया गया। माधोराजपुरा के ब्लॉक प्रभारी अधिकारी व शिविर प्रभारी डॉ. पाबूराम बिश्नोई ने बताया कि इस शिविर में मोहब्बतपुरा, रेनवाल मांजी, पहाड़िया, कुंदनपुरा आदि आस-पास के गांवों के दर्जनभर पशुपालकों के लगभग 210 उष्ट्र वंशीय पशुओं की विभिन्न तरह की बीमारियों का उपचार व निदान किया गया। शिविर में ऊंटों में बरसात के मौसम में होने वाली प्रमुख संक्रामक बीमारी जैसे-सर्रा (ट्रीपेनोसोमियसिस), एक्टोपेरासाइटिक बीमारी (मेज अथवा पांव), त्वचा की अन्य बीमारी जैसे दाद, खुजली आदि तथा एन्डोपेरासाइट के कारण होने वाली विभिन्न बीमारियों का उपचार व निदान किया गया।

## महावीर इंटरनेशनल पिंकसिटी पद्मावती वीरा केंद्र जयपुर विभिन्न सेवा गतिविधियों का आयोजन

**महावीर इंटरनेशनल पिंकसिटी पद्मावती वीरा केंद्र जयपुर** द्वारा मानव सेवा के तहत अन्नपूर्णा योजना के अंतर्गत एक विधवा महिला कृष्णा जिसके 2 छोटे बच्चे हैं जिसको हम हर महीने उसकी जरूरत का सामान देते हैं उसको इस माह का राशन का सामान दिया गया जिसमें 10 किलो आटा, मूंग दाल, चना दाल, अरहर दाल, तेल, पोहा, दलिया, नमक, मिर्च पाउडर, चीनी, चाय पत्ती, सूजी आदि सामान दिया गया। मानव सेवा के अंतर्गत आत्मनिर्भर वृद्धाश्रम में 36 लोगों को भोजन वितरण किया गया। यह कार्य वीरा मोनिका अग्रवाल के सौजन्य से किया गया। कार्यक्रम मे रु.5500 का खर्चा





**गन्ने का रस एवं पोषाहार किट वितरण कार्यक्रम**

हुआ। जीव दया के अंतर्गत वीरा इंदिरा लोढा के सहयोग से महावीर साधना केंद्र की टंकी में पक्षियों के लिए 50 किलो ग्राम मक्का डलवाया गया। सचिव वीरा रितु चपलावत के आर्थिक सहयोग से 600 लोगों को S.M.S. हास्पिटल के बाहर गन्ने के रस का वितरण किया गया। वीरा कविता चोरड़िया के सहयोग से महावीर विकलांग समिति में एक जरूरतमंद को कृत्रिम पैर लगवाया व एक व्हीलचेयर प्रदान की। खोले के हनुमान मंदिर परिसर में गायों को 200 पुली

हरा चारा खिलाया गया। शिक्षा में सहयोग के तहत वीरा जुली कोठारी व उनके माताजी के सहयोग से नन्हें कदम संस्था के 70 बच्चों को पेटीज, फ्रूटी, बिस्कुट्स व चॉकलेट दिए गए। साथ ही रु.2500 किसी जरूरतमंद के आंख के ऑपरेशन के लिए दिए। जवाहर नगर कच्ची बस्ती टीला no-7 स्थित आंगनबाड़ी केंद्र में यशोदा परियोजना के अंतर्गत 7 गर्भवती महिलाओं को पोषण किट प्रदान किए गए व गर्भावस्था के दौरान खान-पान संबंधित जानकारी दी गई। इन अवसरों पर केंद्र चेयरपर्सन वीरा इंद्रा लोढ़ा, सचिव वीरा ऋतु चपलावत, वीरा आशा गोलेछा, वीरा रेनू बरडिया, वीरा आशा खरेड़, वीरा ऐश्वर्या, वीरा परी, वीरा मोनिका अग्रवाल सहित कई वीरायें उपस्थित रही।

## सीकर-झुंझुनू संभाग

### महावीर इंटरनेशनल झुंझुनू केंद्र विभिन्न सेवा गतिविधियों का आयोजन

**महावीर इंटरनेशनल झुंझुनू केंद्र** द्वारा 17 मई परिंडे लगाने का अभियान शुरू किया जिसमें 15 परिंडे जे.के. मोदी बालिका विद्यालय में प्रधानाध्यापिका श्रीमती वीरा सुनीता कृष्णिया के सानिध्य में लगाए गए। केंद्र चेयरमैन वीर सत्यदेव दड़िया ने बताया 50 परिंडे वीरा मंजू कुमावत के आर्थिक सौजन्य से तैयार किए गए जो शहर के विभिन्न स्थान पार्कों व स्कूलों में लगाए जाएंगे। 21 मई को प्रधानमंत्री मातृत्व सुरक्षा दिवस पर स्वर्गीय श्री डूंगरमल जी



परिंडे वितरण कार्यक्रम

मंडेलिया की पुण्य स्मृति में भाई लक्ष्मण सिंह जांगिड़ के आर्थिक सौजन्य से वीर डॉ. नेमीचंद कुमावत (शिशु रोग विशेषज्ञ) के सानिध्य में बीडीके अस्पताल के जनाना विंग में नवजात शिशुओं को संक्रमित रोगों से बचाने के लिए बिछाने, पहनने, ओढ़ने के कपड़े (7 पीस का सैट) 39 मेडिकेटिड बेबी किट का निःशुल्क वितरण किया गया। केंद्र एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष श्रीमती दीपा गुर्जर द्वारा कोर्ट परिसर में विभिन्न स्थानों पर 35 परिंडे पक्षियों के लिए पानी की जिम्मेदारी के साथ लगाए गए। 14 जून को स्थापना दिवस के शुभ अवसर पर वीर नितिन अग्रवाल के आर्थिक सौजन्य से सुकून की छांव कार्यक्रम के तहत कड़ी धूप व खराब मौसम में खुले आसमान के नीचे रेहड़ी वाले, मोची, खनन और पैकिंग विभागों के मेहनती साथियों के लिए 25वें वर्ष पर 25 छातों का उदार दान दिया। इन अवसरों पर Mif वीर नीतिन अगरवाल, अपेक्स ट्रस्टी वीर जाकिर अली सिद्दीकी, केंद्र चेयरमैन वीर सत्यदेव दडिया, सचिव वीर पुष्कर दत्त जांगिड़, कोषाध्यक्ष वीर राजेंद्र भाटी, उपाध्यक्ष वीर शकुंतला पुरोहित, वीर पवन कुमावत, वीर गोविंद कुमावत, वीर विजय गौड, वीर मदन सिंह प्रेमी, वीर एडवोकेट अशोक शर्मा, वीर राजेंद्र सिंह भाटी, वीर डॉ. जे.पी. बुगालिया, वीर डॉ. पवन पूनिया, वीर डॉ. जितेंद्र स्वामी, वीर पवन कुमावत, वीर गोविंद कुमावत, वीरा रुक्मणी भेड़ा, वीर एडवोकेट रविंद्र लंबा, वीर विनोद रोहिल्ला, वीर मदन सिंह प्रेमी, वीर नीरज शर्मा, वीर वासुदेव शर्मा, वीर हरि कुमावत आदि सदस्यों की उपस्थिति रही।

### महावीर इंटरनेशनल इस्लामपुर यूथ केंद्र शपथ ग्रहण समारोह

**महावीर इंटरनेशनल इस्लामपुर यूथ केंद्र** का शपथ ग्रहण समारोह बड़ी धूमधाम से केडिया भवन में संपन्न हुआ। अन्तर्राष्ट्रीय उपाध्यक्ष वीर श्यामसुंदर जालान ने मेंबर्स को शपथ दिलाई। जोन चेयरमैन वीर नागरमल जांगिड़, रीजन सेक्रेटरी वीर महेश कुमार मूंड ने केंद्र के मेंबर्स को पिन लगाकर उनका माला व दुपट्टा पहनाकर



शपथ ग्रहण समारोह

स्वागत किया व संस्था का चार्टर भेंट किया। केंद्र द्वारा प्रथम सेवा कार्य में भीषण गर्मी को देखते हुए शीतल जल के लिए मटके रखवाकर पानी की प्याऊ चालू की गई। केंद्र द्वारा शीघ्र ही चिकित्सा के क्षेत्र में शिविर लगाकर सेवा कार्य प्रारंभ किए जाएंगे। कार्यक्रम में अन्तर्राष्ट्रीय उपाध्यक्ष वीर श्याम सुंदर जालान, जोन चेयरमैन वीर नागरमल जांगिड़, रीजन सेक्रेटरी वीर महेश कुमार मुंड, केंद्र चेयरमैन वीर अजय कुमार खेतान, सेक्रेटरी वीर सुमंत अग्रवाल, ट्रेजरार वीर सुनील कुमार केडिया, वीर चंद्र प्रकाश शर्मा, वीर सुशील जांगिड़, वीर सुभाष अग्रवाल, वीर बुद्धि प्रकाश अग्रवाल, वीर मोहनलाल अग्रवाल, वीर पवन कुमार शुद्राणीया, वीर अमर सिंह कुमावत, वीर शशिकांत शर्मा एवं काफी संख्या में गणमान्य जन एवं युवा वीर उपस्थित रहे।

### महावीर इंटरनेशनल मंड्रेला केंद्र विशाल निःशुल्क बहुउद्देशीय एवं नेत्र चिकित्सा परामर्श शिविर का आयोजन

**महावीर इंटरनेशनल मंड्रेला, महावीर इंटरनेशनल सनराइज केंद्र झुंझुनू एवं अखिल भारतीय अग्रवाल सम्मेलन के संयुक्त तत्वावधान में** होली चौक स्थित आरोग्य अस्पताल मंड्रेला में एक नेत्र चिकित्सा शिविर स्वर्गीय सेठ सत्यनारायण रुंगटा की पुण्य स्मृति पर उनके पुत्र भामाशाह ललित रुंगटा ग्रुप नासिक के सौजन्य से आयोजित किया गया, जिसमें 15 से ज्यादा विशेषज्ञ डॉक्टरों ने अपनी सेवाएं दीं। शिविर में 545 नेत्र मरीजों की आधुनिक मशीनों से जांच कर उनको दवाईयां उपलब्ध कराई 280 चश्में वितरण किए गए एवं

मोतियाबिंद ऑपरेशन के लिए 115 मरीजों का चयन किया गया जिनके ऑपरेशन गुरुवार और सोमवार को कराए जाएंगे, अपेक्स स्काईलाइन हॉस्पिटल के विशेषज्ञ डॉक्टर न्यूरोलॉजिस्ट पेशाब रोग विशेषज्ञ द्वारा पेशाब के 55 मरीजों की जांच कर उनको परामर्श के साथ दवाईयां वितरण की, हड्डी एवं जोड़ रोग विशेषज्ञ डॉक्टर द्वारा 60 मरीजों को परामर्श के साथ जांच और दवाइयां उपलब्ध कराई। अस्थमा व दमा श्वास रोगियों के विशेषज्ञ डॉक्टर द्वारा 80 रोगियों को जांच व परामर्श कर दवाईयां उपलब्ध कराई, जनरल फिजिशियन डॉक्टर्स द्वारा 230 रोगियों



**विशाल नि:शुल्क बहुउद्देशीय एवं नेत्र चिकित्सा परामर्श शिविर का आयोजन**

को परामर्श के साथ दवाईयां नि:शुल्क उपलब्ध कराई मधुमेह उच्च रक्तचाप के 589 मरीजों की जांच कर उनको डॉक्टर्स के परामर्श अनुसार दवाईयां उपलब्ध कराई गई। क्षय टीबी रोग विशेषज्ञ डॉक्टर द्वारा 65 मरीजों को उपचार मिला, कुल 1624 मरीजों को लाभ मिला, मरीजों को खून की जांच, एक्सरे, सोनोग्राफी और सीटी स्कैन जैसी आधुनिक जांचें भी मुफ्त में उपलब्ध कराई गई। शिविर में विभिन्न रोगों के विशेषज्ञ, जैसे नेत्र रोग विशेषज्ञ, हृदय रोग विशेषज्ञ, न्यूरोलॉजिस्ट, महिला रोग विशेषज्ञ, बाल रोग विशेषज्ञ यूरोलॉजिस्ट, क्षय रोग विशेषज्ञ, दमा श्वास रोग विशेषज्ञ, जनरल फिजिशियन और अन्य प्रदेश के कोने-कोने से आए विशेषज्ञ डॉक्टर्स शामिल रहे। भामाशाह ललित रूंगटा ने कहा कि उनका उद्देश्य जिले के हर व्यक्ति तक बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं पहुंचाना हैं और वे भविष्य में भी इस तरह के शिविर आयोजित करते रहेंगे। शिविर में बड़ी संख्या में लोगों ने हिस्सा लिया और इसका लाभ उठाया। कार्यक्रम में वीर रमेश चंद्र अग्रवाल, वीर महेंद्र कुमार रूंगटा, वीर सुशील कुमार रूंगटा, वीर योगेश मित्तल, वीर पंकज रुंगटा, वीर सुरेंद्र लाठ, वीर महेश कुमार, वीर डॉ. बी.के. शर्मा, वीर भगवती प्रसाद तुलस्यान, वीर राजेंद्र प्रसाद जोशी, वीर डॉ. एस.एन. शुक्ला, वीर नागरमल जांगिड़, वीर महेश कुमार मुंड, वीर डॉ. उमेद सिंह शेखावत, वीर डॉ. नरेंद्र सिंह नरूका, वीर देवेंद्र कुमार गोड़, वीर मुबारक अली पहाड़ियान, वीर बजरंग लाल अग्रवाल, वीर श्याम सुंदर जालान, वीर पवन कुमार खेतान, वीर शिव प्रसाद महर्षि, वीर अशोक कुमार शर्मा, वीर ओमप्रकाश ककराणीया, वीर रमेश चंद्र शर्मा, वीर प्रमोद कुमार शर्मा, वीर बिहारी लाल सैनी, वीर राम गोपाल शर्मा, वीर लाला टेलर, वीर कैलाश चंद्र शर्मा, और काफी संख्या में ग्रामवासी मौजूद रहे।

## महावीर इंटरनेशनल सिंघाना केंद्र परिंडे वितरण कार्यक्रम

**महावीर इंटरनेशनल सिंघाना केंद्र** द्वारा वीर सुरेश डागर के सौजन्य से उनके पिताजी पूर्व उपसरपंच स्वर्गीय श्री रामजीलाल डागर की स्मृति में ग्राम पंचायत भवन परिसर मांकड़ो में पक्षियों के लिए परिंडे लगाए गए। पक्षियों के लिए परिंडे लगाकर उनमें प्रतिदिन पानी भरने की जिम्मेदारियां दी गई। रेणु राघव व योगेंद्र गुर्जर का विशेष योगदान रहा। उनकी इस पहल के लिए गणमान्य व्यक्तियों ने धन्यवाद व



**परिंडे वितरण कार्यक्रम**

शुभकामनाएं दी। केंद्र चेयरमैन वीर रमेश कुमार जांगिड़ के सौजन्य से उनके पिता श्री स्वर्गीय रामस्वरूप जी की पुण्य तिथि पर तातीजा ग्राम गौशाला में गौवंश को गुड़ एवं हरी सब्जियां खिलाई गई। उक्त कार्यक्रमों में केंद्र चेयरमैन वीर रमेश कुमार जांगिड़, सचिव वीर सुरेश कुमार डागर, उपाध्यक्ष वीर राजेंद्र डागर, वीर संदीप जांगिड़, वीर मुकेश शर्मा, वीर उमेश शर्मा आदि वीर सदस्यों की उपस्थिति रही।

## महावीर इंटरनेशनल सूरजगढ़ केंद्र शपथ ग्रहण समारोह का आयोजन

**महावीर इंटरनेशनल सूरजगढ़ केंद्र** के सौजन्य से विश्व पर्यावरण दिवस 5 जून को केंद्र चेयरमैन वीर मनोहर लाल जांगिड़ की दोहिती के नामकरण संस्कार के उपलक्ष्य पर वार्ड नंबर 23 स्थित मुक्तिधाम पर बरगद, पीपल, नीम के पेड़ लगाकर पर्यावरण बचाओ अभियान का शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर पर्यावरण प्रेमी डॉ. अनिल शर्मा अनमोल, पतंजलि जिला मीडिया प्रभारी व वीर मनोहर लाल जांगिड़, केंद्र उपाध्यक्ष वीरा मंजू ठोलिया मृदुला, सचिव वीर डॉ. अनिल शर्मा अनमोल, सलाहकार वीरा सुमन वर्मा, कोषाध्यक्ष वीरा मनीषा सैनी मन्नू, स्काउट गाइड की छात्राएं उपस्थित रही। केंद्र सूरजगढ़ का शपथ ग्रहण समारोह दिनांक 8 जून 2025 को आयोजित किया गया। संस्था के सचिव डॉ. अनिल शर्मा अनमोल ने जानकारी देते हुए बताया जांगिड़ अतिथि भवन सूरजगढ़ में हुए शपथ ग्रहण कार्यक्रम की मुख्य अतिथि पूर्व सांसद व प्रदेश भाजपा महामंत्री संतोष अहलावत व विशिष्ट अतिथि पालिकाध्यक्ष पुष्पा सेवाराम गुप्ता थी। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्जवलन कर किया गया। वीर श्याम सुंदर जालान, अन्तर्राष्ट्रीय उपाध्यक्ष, वीर नागरमल जांगिड़, जोन अध्यक्ष, वीर महेश कुमार मूंड़ रीजनल सेक्रेटरी ने मुख्य अतिथि संतोष अहलावत व पालिकाध्यक्ष पुष्पा सेवाराम गुप्ता का दुपट्टा व माला पहनाकर स्वागत किया गया। मुख्य अतिथि संतोष अहलावत ने अपने उद्बोधन में कहा सूरजगढ़ क्षेत्र में एक ऐसे सामाजिक संगठन की आवश्यकता थी जो गैर राजनीतिक हो जिसके लिए महावीर इंटरनेशनल सूरजगढ़ केंद्र का गठन मील का पत्थर साबित होगा। उन्होंने कार्यकारिणी के अध्यक्ष वीर मनोहर लाल जांगिड़ से इस संगठन में ज्यादा से ज्यादा लोगों

को जोड़कर संगठन का विस्तार करने की सलाह दी व लोगों से महावीर इंटरनेशनल संगठन में ज्यादा से ज्यादा संख्या में जुड़ने की अपील की। वीर श्याम सुंदर जालान अन्तर्राष्ट्रीय उपाध्यक्ष ने अपने उद्‌बोधन में कहा कि यदि सूरजगढ़ में कोई जगह मिल जाए तो महिलाओं के लिए



**शपथ ग्रहण समारोह का आयोजन**

एक नि:शुल्क सिलाई सेंटर खोलने का प्रस्ताव रखा जिस पर संरक्षक सेवाराम गुप्ता ने कहा कि यदि आप नि:शुल्क सिलाई सेंटर के संचालन की जिम्मेवारी लेते हो तो सिलाई सेंटर की जगह उपलब्ध करवा दी जाएगी जिसका आए हुए लोगों ने करतल ध्वनि से स्वागत किया। कार्यक्रम में वीर नागरमल जांगिड़ जॉन अध्यक्ष ने अपने विचार व्यक्त करते हुए संस्था में ज्यादा से ज्यादा लोगों को जुड़कर संस्था द्वारा चलाए जा रहे विभिन्न प्रकार की सेवाओं का लाभ लेने की अपील की। कार्यक्रम के समापन पर वीर श्याम सुंदर जालान अन्तर्राष्ट्रीय उपाध्यक्ष द्वारा नवगठित कार्यकारिणी के पदाधिकारी व सदस्यों को शपथ ग्रहण करवाई गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता केंद्र अध्यक्ष वीर मनोहर लाल जांगिड़ ने की। केंद्र अध्यक्ष वीर मनोहर लाल जांगिड़ ने धन्यवाद ज्ञापित किया। संरक्षक वीर सेवाराम गुप्ता, अध्यक्ष वीर मनोहर लाल जांगिड़, वीरा सुमन वर्मा, उपाध्यक्ष वीरा मंजू कुमारी ठोलिया, सचिव वीर डॉ. अनिल शर्मा अनमोल, कोषाध्यक्ष वीरा मनीषा सैनी मन्नू, कार्यकारिणी के सदस्य पूर्व बैंक मैनेजर वीर बाबूलाल बडगूजर, वीर महेंद्र कुमार बड़सीवाल, वीर श्रीराम ठोलिया, वीर रामनरेश मास्टर, वीर गणेश चेतीवाल, वीर राजेश चेतीवाल, वीर धर्मपाल बड़सीवाल के अलावा वीर शिव कुमार जांगिड़, वीर सुरेंद्र कुमार जांगिड़, वीर लक्ष्मण धायल, वीर अजीत कुमार जांगिड़, वीर संजय जांगिड़, वीर बबलू शर्मा, वीर अजीत सिंह शेखावत, वीर संदीप शर्मा, वीर मनोज कुमार शर्मा, वीर अशोक कुमार शर्मा, वीर रामजीलाल कुमावत, वीर दीपक जांगिड़ (बिल्लू), वीर मोतीलाल कापड़ी सहित अनेक गणमान्य लोगों ने भाग लिया। कार्यक्रम का संचालन वीरा मंजू कुमारी ठोलिया मृदुला ने किया। केंद्र द्वारा राजकीय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सूरजगढ़ पर बेबी किट वितरण किए गए। इस अवसर पर लोकतंत्र सेनानी व भामाशाह सज्जन कुमार अग्रवाल के सौजन्य से अस्पताल के वार्ड में भर्ती मरीजों व उनके साथ आए परिजनों को बिस्कुट व फल भी वितरित किए। अस्पताल प्रभारी वीर डॉ. हरेंद्र धनखड़ ने महावीर इंटरनेशनल केंद्र सूरजगढ़ द्वारा किए गए इस नेक कार्य के लिए महावीर इंटरनेशनल व स्थानीय पदाधिकारियों व भामाशाह वीर सज्जन कुमार अग्रवाल का धन्यवाद ज्ञापित किया।




## महावीर इंटरनेशनल सनराइज केंद्र झुंझुनू विभिन्न सेवा गतिविधियों का आयोजन

**महावीर इंटरनेशनल सनराइज केंद्र झुंझुनू एवं आशुतोष होम्योपैथिक औषधालय छावनी बाजार के संयुक्त तत्वावधान में** स्वर्गीय श्री केदारमल जी हलवाई की स्मृति में उनके परिवार द्वारा आयोजित नि:शुल्क चिकित्सा परामर्श शिविर अग्रवाल कटला झुंझुनू में संपन्न हुआ, शिविर में 830 मरीजों की जांच कर नि:शुल्क दवाईयां उपलब्ध करवाई गई। लावरेश्वर महादेव मंदिर ट्रस्ट, श्री कृपाशंकर मोदी एवं राधेश्याम ढंडारिया के सौजन्य से आयोजित उच्च रक्तचाप एवं मधुमेह चिकित्सा शिविर में 45 लोगों ने लाभ उठाया, उपरोक्त शिविर में रोगियों की जांच कर, एक माह की दवाईयां नि:शुल्क उपलब्ध कराई गई। शिविर में डॉ. नरेंद्र सिंह नरूका ने अपनी सेवाएं प्रदान की। वीर सूमेरसिंह कर्णावत के सौजन्य से पिताजी श्री भागीरथ सिंह जी कर्णावत की पुण्य स्मृति में अन्नपूर्णा रसोई नगर परिषद



**नि:शुल्क नेत्र चिकित्सा शिविर का आयोजन**

के पास जरूरतमंद लोगों को भोजन कराया गया। हर माह के आखिरी रविवार को महावीर इंटरनेशनल यूथ केंद्र झुंझुनू एवं अखिल भारतीय अग्रवाल सम्मेलन के सहयोग से आयोजित होने वाला विशाल नि:शुल्क नेत्र चिकित्सा शिविर श्यामसुंदर जालान के सौजन्य से माता-पिता स्वर्गीय श्रीमान त्रिलोक जी जालान एवं श्रीमती भागीरथी देवी जालान की स्मृति में टिबड़ा आई हॉस्पिटल टीम द्वारा चावो दादी मंदिर परिसर में संपन्न हुआ, शिविर में 365 मरीजों की आधुनिक मशीनों से आंखों की जांच कर नि:शुल्क दवाईयां वितरण की गई एवं 110 चश्में वितरण किए, 35 मोतियाबिंद मरीजों को ऑपरेशन के लिए चयन किया गया, जिनके ऑपरेशन सोमवार व बुधवार को कराए जाएंगे, अपेक्स स्काईलाइन हॉस्पिटल टीम द्वारा 170 बीपी, शुगर के मरीजों की जांच कर नि:शुल्क परामर्श दिया गया। वीर श्याम सुंदर जालान के सौजन्य से माता-पिता स्वर्गीय श्रीमान त्रिलोकचंद

जालान एवं श्रीमती भागीरथी देवी जालान की स्मृति में अन्नपूर्णा रसोई नगर परिषद के पास जरूरतमंद लोगों को भोजन करवाया गया। वीर शिवप्रसाद महर्षि एवं श्रीमती कलावती देवी की वैवाहिक वर्षगांठ पर अन्नपूर्णा रसोई नगर परिषद के पास जरूरतमंद लोगों को भोजन कराया गया। वीर डॉ. एस.के. भार्गव साहब के सौजन्य से स्मृति शेष पुत्र कुशाण भार्गव की पुण्य तिथि पर नंदी गौशाला में गौवंश को हरी सब्जियां खिलाई गई। अन्तर्राष्ट्रीय स्तनपान जागरूकता वात्सल्य अभियान के अंतर्गत स्वर्गीय श्रीमान निरंजन लालजी केडिया परिवार के सौजन्य से भगवानदास खेतान अस्पताल झुंझुनू जनाना विंग परिसर में नवजात शिशुओं को आठ कपड़ों वाले 61 हाइजीनिक बेबी किट, संक्रमण की रोकथाम हेतु वितरण किए गए। डॉ. पुष्पा रावत एवं डॉ. मधु तंवर ने प्रसुताओं को नवजात शिशुओं के संक्रमण से बचाव हेतु जानकारी प्रदान की। वृक्ष प्रेमी वीर नागरमल जांगिड़ व सविता देवी जांगिड़ की वैवाहिक वर्षगांठ पर डूंगरी बालाजी मंदिर परिसर में करीब 150 पेड़ों में टैंकरों द्वारा दो दिन से लगातार पानी दिया गया। पारिजात पार्क के पास मंदिर के सामने आने जाने वाले राहगीरों मंदिर व पार्क में आने वालों के लिए शीतल जल की व्यवस्था हेतु पानी की प्याऊ लगाई गई। विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर संस्था संरक्षक डॉ. एस.एन. शुक्ला एवं भव्या शुक्ला के जन्म दिवस पर बिबाणी मुक्ति धाम पार्क परिसर में पीपल व बरगद के पेड़ लगाकर उनके पालन पोषण की जिम्मेदारी सौंपी गई। भीषण गर्मी को देखते हुए पार्क के चारों तरफ पानी के परिंडे रखे, उपरोक्त कार्यक्रम के साथ साथ एक सेमिनार आयोजित की जिसमें एनवायरमेंट डिप्टी डायरेक्टर वीर डॉ. उमेद सिंह शेखावत द्वारा अपेक्स के प्रोजेक्ट "कपड़े की थैली मेरी सहेली" के अंतर्गत पर्यावरण को बचाने के लिए सिंगल युज प्लास्टिक का बहिष्कार करने की शपथ दिलाई, पोस्टर का विमोचन किया बाजार में जब भी जाएंगे कपड़े का थैला साथ में लेकर ही जाएंगे, सभी को कपड़े के थैले भेंट किए एवं वृक्षारोपण के लिए प्रोत्साहित किया गया। इन विभिन्न अवसरों पर वीर रमाकांत हलवाई, वीर डॉ. एस.एन. शुक्ला, अन्तर्राष्ट्रीय उपाध्यक्ष वीर श्यामसुंदर जालान, जोन चेयरमैन वीर नागरमल जांगिड़, रीजन सेक्रेटरी वीर महेश कुमार मुंड, वीर देवेंद्र कुमार गोड़, वीर प्रदीप कुमार शुक्ला, वीर डॉ. मूल सिंह, वीर प्रमोद कुमार, वीर देवेंद्र कुमार गौड़, वीर बिहारी लाल सैनी, वीर जयप्रकाश शर्मा, वीर रामाकांत हवाई, वीर रामगोपाल शर्मा, वीर भरत कुमार तुलस्यान, वीर सुभाष चंद्र जोशी, वीर सूमेरसिंह कर्णावत, वीर अकराज कुरैशी, वीर रमेश चंद्र अग्रवाल, वीर अशोक कुमार शर्मा, वीर रघुवीर सिंह कर्णावत, वीर कैलाश चंद्र सैनी, वीर महेंद्र सिंह राठौड़ आदि सदस्यों की उपस्थिति रही।

## रीजन-3

### अजमेर संभाग

### महावीर इंटरनेशनल अजमेर केंद्र विभिन्न सेवा गतिविधियों का आयोजन

**महावीर इंटरनेशनल अजमेर केंद्र** द्वारा नियमित सेवा कार्यक्रमों की श्रृंखला में विभिन्न तिथियों पर प्रति मंगलवार को अस्पताल में भर्ती 270 मरीजों को नमकीन-मीठे बिस्कुट, दूध एवं फल का वितरण किया गया। प्रति रविवार को संपतमल लोढ़ा धर्मशाला पृथ्वीराज मार्ग अजमेर में एक्यूप्रेशर एवं चुंबकीय चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें 52 मरीजों ने सेवा का लाभ लिया। केंद्र द्वारा टाटा पावर अजमेर वितरण लिमिटेड के सौजन्य से एवं श्री लक्ष्मीकांत शर्मा पी.आर.ओ. के विशेष प्रयासों से राजकीय बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय आदर्श नगर (सेटेलाइट हॉस्पिटल के सामने) अजमेर में छात्राओं को स्वच्छ, शीतल वाटर





**नमकीन-मीठे बिस्कुट, दूध एवं फल वितरण एवं वाटर कूलर का उद्घाटन**

उपलब्ध कराने के लिए वोल्टास वॉटर कुलर एक, पानी की टंकी सिंटेक्स 1000 लीटर एक, पानी की टंकी सिंटेक्स 300 लीटर वेस्ट वाटर के लिए एक, कमर्शियल आर.ओ. 25 लीटर एक, क्रैंपटन मोटर हाफ एच.पी. एक, मय मिशनरी कार्य के साथ लगाकर उपलब्ध कराया गया। आर.ओ. से फिल्टर होने के बाद पानी को नाली में ना डालकर उसका सदुपयोग हो सके इसलिए निकासी की नली में एक मीटर लगाकर पानी को स्टोर करने के लिए एक टंकी लगाई गई ताकि उस पानी का उपयोग पेड़ पौधों में पानी देने या अन्य उपयोग में किया जा सके। केंद्र के माध्यम से स्थापित 32वें वाटर कूलर/ जल मंदिर का 16 मई को विधिवत्त उद्घाटन वीर नाथू लाल जैन के द्वारा किया गया। 28 मई को श्रीमती दातार कंवर को चलने में असुविधा होने के कारण वीर पदमचंद जैन की अनुशंसा पर एक छड़ी उपलब्ध कराई गई। इन अवसरों पर केंद्र सचिव वीर प्रभात सेठी, वीर सुभाष जैन, वीर विमल चंद जैन, वीर मनोहर गोपाल ईनाणी, वीर एस.के. अग्रवाल, वीर संदीप जैन, वीर बाबूलाल जैन, वीर विपिन जैन, राजेंद्र शर्मा, बीना मोटवानी, मनीष सकलेचा एवं संजू बेदी उपस्थित रहे।

### महावीर इंटरनेशनल वीर केंद्र बोरावड़ जीवदया सेवा कार्यक्रम

**महावीर इंटरनेशनल वीर केंद्र बोरावड़** द्वारा 23 मई को वीर मनोज अग्रवाल के आर्थिक सहयोग से कालवा फाटक के पास गायों के पानी पीने के लिए पानी की कुंडिया एवं राहगीरों



जीवदया सेवा कार्यक्रम

के पानी पीने के लिए प्याऊ लगाई गई। केंद्र द्वारा नगर पालिका की ओर से जागरूकता रैली निकाली गई जिसमें प्लास्टिक हटाओ, पर्यावरण बचाओ, जल ही जीवन हैं, जल हैं तो कल हैं, नारों के साथ स्वच्छता व जल संरक्षण का संदेश दिया गया जिसमें वीरा केंद्र की वीराओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। प्रतिभागियों को स्वच्छ भारत हरित भारत तथा सभी को एक-एक पौधा लगाने की शपथ दिलाई गई। कार्यक्रमों में केंद्र चेयरमैन वीर नेमीचंद करनावट, वीर विजय चोरड़िया, वीर मनोज अग्रवाल एवं वीर विकास चोरड़िया उपस्थित रहें।

## महावीर इंटरनेशनल कुचामन सिटी केंद्र
## पौधारोपण कार्यक्रम

**महावीर इंटरनेशनल कुचामन सिटी केंद्र** द्वारा 27 मई एवं 1 जून को वीर सोहनलाल वर्मा के सहयोग से एक टेंकर से 40 टंकिया पशुओं के लिए पानी पीने के लिए भराए गए और पक्षियों के लिए शाकंभरी गेट से शाकंभरी मंदिर तक 51 परिंडे पानी के भरे गए व दाने की व्यवस्था में केंद्र चेयरमैन वीर रामावतार गोयल, सचिव वीर अजित पहाड़िया, वीर रतन लाल मेघवाल, वीर दर्श पहाड़िया, वीर रतन लाल मेघवाल, छगन लाल शर्मा, भावीन कार्तिक गर्ग अजमेर, एजुकेशन हब के विद्यार्थी एवं प्रकाश जी चौधरी ने सहयोग किया और संस्था द्वारा लगाए गए पेड़ पौधों की सार संभाल की गई। 5 जून को केंद्र एवं बरगद सरक्षंण फाउंडेशन खारीया के संयुक्त तत्वावधान में सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग कुचामन सिटी के अधिकारी रजनीश जी चौधरी व टीम के सानिध्य में विश्व पर्यावरण दिवस पर सावित्री बाई फूले अनुसूचित जाति बालिका छात्रावास परिसर न्यू स्टेडियम रिग रोड पर वृहत पौधारोपण कार्यक्रम रखा गया। केंद्र द्वारा 31वां नि:शुल्क हड्डी रोग जांच शिविर आयोजित किया गया, जिसमें 66 लोग लाभान्वित हुए। डॉ. जितेश जैन की देखरेख में हुए इस शिविर में एक्सरे और रक्त संबंधी




पौधारोपण कार्यक्रम

कुल 50 जांचें नि:शुल्क की गई। लाडनूं, नावा, मीठड़ी सहित आसपास के क्षेत्रों से मरीजों ने परामर्श लिया। इन अवसरों पर केंद्र चेयरमैन वीर रामावतार गोयल, कोषाध्यक्ष वीर सुरेश जैन, वीर रतनलाल मेघवाल, वीर सदीप पाडंया, वीर राजकुमार सोनी, अध्यापक विरेन्द्र सिह, वीर दिनेश लाडना, वीर सम्पत बगडिया, वीर आनन्द आशा, वीर विकास नीतू, वीर आशीष दीप्ति, नेहा जैन, बरगद सरक्षण फाउंडेशन जी.एस. टी. अधिकारी राजेश कुमावत, नेताराम कुमावत, डॉ. प्रदीप चौधरी, लायंन्स क्लब कुचामन फोर्ट के राम काबरा ने सहयोग किया।




## महावीर इंटरनेशनल स्पर्श केंद्र अजमेर
## पौधारोपण कार्यक्रम

**महावीर इंटरनेशनल स्पर्श केंद्र** द्वारा अजमेर की वीराओं ने विश्व पर्यावरण दिवस पर




पौधारोपण कार्यक्रम

अपने-अपने घरों में पौधारोपण किया। इस नेक कार्य में उनके परिवार के सदस्यों ने भी उत्साहपूर्वक भाग लिया।

## महावीर इंटरनेशनल सुनंदा वीरा केंद्र, अजमेर
## वृक्षारोपण कार्यक्रम

**महावीर इंटरनेशनल सुनंदा वीरा केंद्र, अजमेर** द्वारा 16 मई एवं 14 जून को को तेजा चौक आंगनबाड़ी में वीरा श्वेता जैन



वृक्षारोपण कार्यक्रम

के आर्थिक सहयोग से यशोदा परियोजना के अंतर्गत 5 गर्भवती महिलाओं को पोषण किट (मूंग की दाल 250 ग्राम, मूंग का मोगर 250 ग्राम, दलिया आधा किलो, पोहा आधा किलो, चावल 1 किलो, सूजी आधा किलो, रोस्टेड चना 200 ग्राम, साबुत मूंग 250 ग्राम, बादाम 250 ग्राम, बिस्कुट पैकेट, आंवला कैंडी) प्रदान किए गए। 28 मई को मासिक धर्म स्वास्थ्य एवं स्वच्छता जागरूकता अभियान "झिझक छोड़ो, चुप्पी तोड़ो, खुलकर बोलो" प्रोजेक्ट के अंतर्गत लौंगिया बस्ती की महिलाओं व बालिकाओं को सेनेटरी नैपकिन वितरित किए गए तथा उनको मासिक धर्म से जुड़ी शिक्षा एवं स्वच्छता साधनों के बारे में अवगत कराया गया। विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर केसर गंज स्थित मंदिर "रामायण मंडल" के प्रांगण में पौधारोपण किया गया जिसमें बेलपत्र, गुलमोहर, पांच पत्ती आदि जैसे छायादार वृक्षों का रोपण किया गया। पौधों की सुरक्षा हेतु ट्री गार्ड भी उपलब्ध कराए गए। इन अवसरों पर प्रेगनेंसी टू इन्फैंसी जोन कन्वीनर वीरा आभा लुणावत, चेयरपर्सन वीरा कल्पना कांसवा, वीरा लक्ष्मी चोरड़िया एवं वीरा भारती श्रीवास्तव उपस्थित रही।

## महावीर इंटरनेशनल विजयश्री बोरावड़ केंद्र
## वृक्षारोपण कार्यक्रम

**महावीर इंटरनेशनल विजयश्री बोरावड़ केंद्र** द्वारा 9 जून को पर्यावरण दिवस के उपलक्ष्य में वीराओं एवं बच्चों ने पौधारोपण का कार्यक्रम रखा। बच्चों ने भी गमलों में पौधे लगाकर पर्यावरण को स्वच्छ बनाने में छोटी सी कोशिश




वृक्षारोपण कार्यक्रम

की तथा पक्षियों के लिए पानी के परिंडे भी लगाए गए जिससे पक्षी अपनी प्यास बुझा सके। सचिव वीरा शांति मुनोथ ने सभी का आभार व्यक्त किया।

# भीलवाड़ा संभाग

## महावीर इंटरनेशनल भगवानपुरा केंद्र
## नेत्र जांच शिविर का आयोजन

**महावीर इंटरनेशनल भगवानपुरा केंद्र** द्वारा हलचल कलेक्ट्री रोड, नई शाम की सब्जी मंडी



नेत्र जांच शिविर का आयोजन

भीलवाड़ा में नेत्र जांच शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में 163 लोगों की आंखों की जांच की गयी। इस अवसर पर कई गणमान्य पदाधिकारीगणों की उपस्थिति रही।

## महावीर इंटरनेशनल रायपुर केंद्र
## भोजन वितरण कार्यक्रम

**महावीर इंटरनेशनल रायपुर केंद्र** द्वारा पानबाई




भोजन वितरण कार्यक्रम

बोरदिया व शांतिलाल बोरदिया की पुण्य स्मृति में लक्ष्मी लाल, महावीर कुमार ने भीलों की बस्ती में भोजन वितरण किया। उक्त अवसर पर प्रधान शिवराज चौहान, थला रायपुर केंद्र चेयरमैन वीर नंदराम कुमावत, वीर मनोज मीणा, वीर पप्पु सैन उपस्थित रहे।

## महावीर इंटरनेशनल थला रायपुर केंद्र भीलवाड़ा
## जीवदया सेवा कार्यक्रम

**महावीर इंटरनेशनल थला रायपुर केंद्र भीलवाड़ा** द्वारा विभिन्न तिथियों पर गौ माताओं



जीवदया सेवा कार्यक्रम

को 1351 किलो हरा रचका, 690 किलो हरी ज्वार खिलाई गई। उक्त कार्यक्रम गाडरी खेड़ा जयमंत पूरी माता जी के स्थान पर एवं बस स्टैंड थला पर व पाटियों का खेड़ा स्कूल फील्ड में कार्यक्रम आयोजित किया गया।

## महावीर इंटरनेशनल कनक भीलवाड़ा केंद्र
## भोजन वितरण कार्यक्रम

**महावीर इंटरनेशनल कनक भीलवाड़ा केंद्र** द्वारा अर्णव जैन के सहयोग से स्थानीय पंचवटी क्षेत्र में 60 से भी अधिक असहाय एवं निर्धन बच्चों को भोजन करवाया गया साथ ही शिकागो प्रवासी अर्णव जैन ने बच्चों को भोजन के



**भोजन वितरण कार्यक्रम**

पोषक तत्वों की जानकारी देते हुए केंद्र के स्वच्छता अभियान के बारे में भी बताया। इस अवसर पर संस्था के संरक्षक गौतम दुगड़, केंद्र चेयरपर्सन वीरा दीपा सिसोदिया, सचिव वीरा सुमन दुगड़, वीरा विजया सुराणा, वीरा पूनम जैन, वीरा राहुल जैन उपस्थित रहे। वीरा सुमन दुगड़ ने बताया कि विगत एक दशक से स्वच्छ भारत अभियान द्वारा चलाए जा रहे "भीख नहीं किताब दो" साक्षरता अभियान टीम के संतोष चंदेल, साकेत गगरानी, जुनेद आबेदीन सहित कई सदस्यों का सहयोग रहा।

## महावीर इंटरनेशनल मीरा केंद्र भीलवाड़ा
## सिलाई प्रशिक्षण शिविर का शुभारम्भ

**महावीर इंटरनेशनल मीरा केंद्र भीलवाड़ा एवं कोली समाज विकास ट्रस्ट भीलवाड़ा के संयुक्त तत्वावधान में** 31 मई को कोली मोहल्ला स्थित वीरांगना झलकारी बाई सभागार में 60 दिवसीय सिलाई प्रशिक्षण शिविर की शुरुआत मोली लच्छा खोलकर की गई। सचिव वीरा कला कुदाल ने बताया कि कार्यक्रम की



**सिलाई प्रशिक्षण शिविर का शुभारम्भ**

मुख्य अतिथि अन्तर्राष्ट्रीय उपाध्यक्ष वीरा मंजू पोखरना विशिष्ट अतिथि जोन चेयरपर्सन वीरा मंजू खटवड़ रही। जोन चेयरपर्सन वीरा मंजू खटवड़ ने घोषणा की जो महिलाएं नियमित रूप से शिविर में प्रशिक्षण लेगी उन्हीं जरूरतमंद महिलाओं को भामाशाहों के सहयोग से सिलाई मशीन उपहार में दी जाएगी। 10 जून को परमानेंट प्रोजेक्ट के तहत केंद्र चेयरमैन वीरा मंजू बापना ने बताया कि उपाध्यक्ष वीरा विमला रांका के सानिध्य में वीरा उषा डोसी के सहयोग से 10-10 किलो के पैकेट वितरित किए गए। कार्यक्रमों में अन्तर्राष्ट्रीय उपाध्यक्ष वीरा मंजू पोखरना, जोन चेयरपर्सन वीरा मंजू खटवड़, वीरा आभा जाजू, देवनारायण मंदिर के पुजारी रामलाल तलाया, देवीलाल, रोहित लोरवाडिया, सिलाई शिक्षिका पिंकी महावर भामा, छोटी देवी, निर्मला, मंजू, सपना आदि सदस्यों की उपस्थिति रही।

## महावीर इंटरनेशनल मुस्कान केंद्र भीलवाड़ा
## पोषाहार किट वितरण कार्यक्रम

**महावीर इंटरनेशनल मुस्कान केंद्र भीलवाड़ा** द्वारा 23 मई को बापू नगर आंगनबाड़ी केंद्र में 10 गर्भवती महिलाओं को पौष्टिक पोषाहार



**पोषाहार किट वितरण कार्यक्रम**

भामाशाह चंचल जी बुलिया के सहयोग से वितरित किया गया जिसमें गुड, चना, गोला, परमल आदि पौष्टिक खाद्य सामग्री प्रदान की गई। इस अवसर पर केंद्र चेयरपर्सन वीरा सुशीला कोठारी, सचिव वीरा ललिता जैन, वीरा चंचल बुलियां, वीरा सरिता जैन, आंगनबाड़ी से डिंपल जी एवं सरोज जी उपस्थित रही।

## महावीर इंटरनेशनल क्वींस केंद्र भीलवाड़ा
## ठंडी छाछ वितरण कार्यक्रम

**महावीर इंटरनेशनल क्वींस केंद्र भीलवाड़ा** द्वारा 31 मई को अन्तर्राष्ट्रीय उपाध्यक्ष वीरा मंजू पोखरना एवं जोन चेयरमैन वीर मंजू खटवड़, केंद्र संरक्षिका वीरा साधना भंडारी की उपस्थिति



**ठंडी छाछ वितरण कार्यक्रम**

में उपाध्यक्ष वीरा ज्योति टिकलिया द्वारा उनके वैवाहिक वर्षगांठ पर रेलवे स्टेशन पर राहगीरों एवं यात्रियों को शीतल एवं ठंडी छाछ पिलाई गई। केंद्र चेयरपर्सन वीरा किरण बाफना एवं सहसचिव वीरा दीपिका पाटनी, कार्यकारिणी सदस्य वीरा पिंकी सोनी, वीरा पूजा जैन, वीरा सुमता जैन वीरा मोनिका खारीवाल, वीरा वंदना पालीवाल, सदस्य वीरा सुशीला पीपाडा, वीरा अंजू भंडारी, वीरा मंजू अग्रवाल, वीरा गरिमा रांका, वीरा इंदु बंब, वीरा पूजा डूंगरवाल, वीरा रोनिका एवं सुनील टिकलिया, काव्य टिकिया, मिल्की टिकलिया, दीक्षिता जैन ने भी सेवा दी।



## बिजयनगर-ब्यावर संभाग

### महावीर इंटरनेशनल बिजयनगर केंद्र
### स्वर्ण जयंती सेवा यात्रा रथ का स्वागत

**महावीर इंटरनेशनल बिजयनगर केंद्र** एवं महावीर इंटरनेशनल विजयश्री वीरा बिजयनगर



**स्वर्ण जयंती सेवा यात्रा रथ का स्वागत**

केंद्र के वीर एवं वीरा स्वर्ण जयंती सेवा यात्रा की सुन्दर यात्रा में सम्मलित हुए।

### महावीर इंटरनेशनल डायमंड केंद्र ब्यावर
### विभिन्न सेवा गतिविधियों का आयोजन

**महावीर इंटरनेशनल डायमंड केंद्र ब्यावर** द्वारा 21 मई को के वीर अशोक बाबेल की तरफ से वृद्धाश्रम में वृद्ध जन को भोजन कराया गया। 2 चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया जिसमें प्रथम शिविर में फोर्टिस अस्पताल के वरिष्ठ कार्डियोलॉजी डॉ. अश्विनी शर्मा द्वारा 17 मरीजों को परामर्श प्रदान किया गया एवं द्वितीय शिविर में वरिष्ठ स्पाइन एवं हड्डी रोग विशेषज्ञ डॉ. पंकज जिंदल द्वारा 20 मरीजों को नि:शुल्क परामर्श प्रदान किया गया। तीसरे दिन गौरी कुंड माताजी के मंदिर पर वीर नंदकिशोर राठी के सहयोग से वानरों को केला, चना, रोटी खिलाई गई। 3 जून को महावीर चिकित्सा सेवा केंद्र पर एक विशाल नि:शुल्क हड्डी एवं स्पाइन रोग परामर्श शिविर आयोजित किया गया। वीर सुशील छाजेड़ के अनुसार इस शिविर में जोधपुर के प्रसिद्ध रीड की हड्डी एवं स्पाइन रोग विशेषज्ञ डॉ. पंकज जिंदल द्वारा 30 मरीजों को नि:शुल्क परामर्श प्रदान किया गया। इस शिविर में डॉ. निशा खींचा एवं जिनेन्द्र खींचा द्वारा नि:शुल्क फिजियोथैरेपी की गई व मरीजों को सिखाई गई। 5 जून को विश्व पर्यावरण दिवस पर सुभाष उद्यान में प्रज्ञा पक्षी आशियाना के पास 10 ट्री गार्ड सहित पौधे लगाए गए जिनकी प्रतिदिन देखभाल एवं पानी की व्यवस्था संस्था द्वारा की जाएगी। संस्था द्वारा इस सत्र में 500 पौधे लगाने का लक्ष्य रखा गया हैं। महावीर गौतम जी कुमट के संदेश से सदस्य सहयोग द्वारा केंद्रीय कारागृह में 5 प्लास्टिक चेयर केंद्रीय कारागृह अधीक्षक पुलिस श्री अशोक पारीक को सुपुर्द की तथा शीघ्र ही 100 पौधे संस्था द्वारा लगाए जाएंगे





**नि:शुल्क हड्डी एवं स्पाइन रोग परामर्श शिविर का आयोजन एवं प्लास्टिक चेयर का वितरण**

जिसकी देखभाल का कार्य कारागृह कर्मचारी द्वारा किया जाएगा। इन विभिन्न अवसरों पर सरंक्षक वीर सुशील छाजेड़, चेयरमैन वीर सुरेश रांका, सचिव वीर आशीष डोसी, कोषाध्यक्ष वीर विनय बोहरा, उपाध्यक्ष वीर गौतम कुमट, वीर प्रीतम तातेड, वीर अशोक बाबेल, सह सचिव वीर संजय चोरड़िया, वरिष्ठ सलाहकार वीर दलपत बोहरा, वीर नंद किशोर राठी, वीर हेमचंद सिंघवी, वीर बहादुर मल कांकरिया, वीर शैलेश खींचा, वीर अंकित कावड़िया, वीर मुरली मनोहर जैन, संस्थापक वीर डॉ. बी.सी. सोढ़ी आदि सदस्यों की उपस्थिति रही।

### महावीर इंटरनेशनल रायल ब्यावर केंद्र
### मेगा समर कैम्प 2025 का समापन समारोह

**महावीर इंटरनेशनल रायल केंद्र ब्यावर** द्वारा 31 मई को आयोजित मेगा समर कैम्प 2025 का समापन समारोह अत्यंत उत्साह एवं गरिमामय माहौल में कुंदन भवन में संपन्न हुआ। यह समर कैम्प 25 मई से 31 मई तक प्रतिदिन कुंदन भवन, सुनारन चौपड़ के पास आयोजित किया गया। इस कैम्प में 200 से अधिक बच्चों और महिलाओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। समर कैम्प में बच्चों के सर्वांगीण विकास, कला कौशल, आत्मरक्षा और रचनात्मक क्षमताओं के विस्तार हेतु सेल्फ डिफेंस, योगा, इंग्लिश स्पोकन, डांस, रेजिन आर्ट, कॉलिग्राफी, हैंडराइटिंग, मेहंदी, ड्राइंग, फायरलेस कुकिंग, चॉकलेट मेकिंग, हेयर स्टाइलिंग आदि जैसे 12 से अधिक विविध कोर्स चलाए गए। समापन समारोह के मुख्य अतिथि अन्तर्राष्ट्रीय उपाध्यक्ष वीर विनोद चोरड़िया रहे, वहीं विशिष्ट अतिथि के रूप में जोन चेयरमैन वीर तेजमल बुरड़ एवं गवर्निंग काउंसिल सदस्य वीर धनपत श्रीश्रीमाल एवं वीर राजेश रांका उपस्थित रहे। महावीर इंटरनेशनल के विभिन्न पदाधिकारी एवं ब्यावर शहर के गणमान्य नागरिक भी कार्यक्रम में सम्मिलित हुए व समर कैम्प के दौरान 29 मई को नवकार डेंटल केयर के डॉ. मोहित नाहर



**मेगा समर कैम्प 2025 का समापन समारोह**

द्वारा नि:शुल्क दंत रोग परामर्श शिविर आयोजित किया गया, जिसमें बच्चों को दांतों की देखभाल व बीमारियों से बचाव के उपाय बताए गए। इसके अतिरिक्त हार्ट अटैक के दौरान उपयोगी "लाइफ सेविंग मेडिसिन किट" का विमोचन भी समारोह में किया गया। समापन अवसर पर प्रतिभागियों ने अपने सीखे हुए कौशल का सुंदर प्रदर्शन किया। कार्यक्रम में वीर प्रदीप सांड, वीर महावीर नाहर एवं वीर रमेश बाकलीवाल ने महावीर इंटरनेशनल की सदस्यता ग्रहण की। उन्हें मंच पर शपथ दिलाकर संस्था की पिन पहनाई गई। इस कैम्प में आईबी हेप्स, आदिनाथ टूर्स एवं ट्रेवल्स, आर के टाइल्स एवं बिल्डिंग मेटेरियल, उत्तम कोठारी परिवार, कुंदन भवन मैनेजमेंट ट्रस्ट आदि द्वारा कैम्प में अर्थ सहयोग किया गया। 8 जून को पुष्पेन्द्र चौधरी एवं हर्षिता चौधरी परिवार द्वारा धर्मेन्द्र एवं श्रीमती पुष्पा चौधरी के वैवाहिक वर्षगांठ के उपलक्ष्य में ब्यावर कृषि मंडी के पास स्थित घुमंतू और जरूरतमंद परिवारों के नन्हे बच्चों को गर्मी की दोपहरी में ठंडक पहुंचाने के उद्देश्य से आइसक्रीम वितरण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इन विभिन्न अवसरों पर केंद्र चेयरमैन वीर अशोक पाड़लेचा, कोषाध्यक्ष वीर अभिषेक नाहटा, सहसचिव वीर योगेंद्र मेहता, वीर पंकज सखलेचा, वीर दिलीप भण्डारी, वीर रूपेश कोठारी, वीर पुष्पेंद्र चौधरी, वीर दिलीप दक, वीर बाबूलाल आछा, वीर राजेश सुराणा, वीर राजेन्द्र मुणोत, वीर नरेंद्र सुराणा, वीर राहुल बाबेल, वीर विमल खींचा, वीर प्रदीप सांड, वीर दीपक सांखला, वीर मोहित कांठेड़, वीर अभिषेक रांका, वीर प्रदीप मकाना, वीर निर्वाण रुनिवाल, वीर दीपेश पालडेचा, वीरा कांता पालडेचा आदि समर्पित सदस्यों एवं वीर वीराओं ने महत्वपूर्ण सेवाएं दी।

## महावीर इंटरनेशनल युवा, ब्यावर केंद्र
## जीव दया कार्यक्रम

**महावीर इंटरनेशनल युवा, ब्यावर केंद्र** द्वारा 18 मई को श्री तिजारती गौशाला, मसूदा रोड, ब्यावर में हरा चारा गौमाता को अर्पित किया गया। इस कार्यक्रम के लाभार्थी वीर ललित



**जीव दया कार्यक्रम**

मकाना, वीर राजेश मंत्री, वीर रितेश बाबेल वीर यशवंत राज कोठारी रहे। इस अवसर पर वीर सत्यकाम दाधीच, वीर सुधीर जेथलिया, वीर राजेश रांका, वीर निखिल माहेश्वरी, वीर शैलेश शर्मा, वीर राजेश मंत्री, वीर राजेश मुरारका, वीर योगेश बंसल सर्राफ, वीर यशवंत राज कोठारी, वीर सुशील शर्मा, वीर ललित मकाना, वीर महेंद्र रांका, वीर बीना जैन, अविन जैन सहित अनेक वीर-वीरा सदस्यों ने गौ सेवा का पुण्य लाभ लिया।

# चित्तौड़गढ़ संभाग

## महावीर इंटरनेशनल चित्तौड़गढ़ केंद्र
## "कपड़े की थैली मेरी सहेली" कार्यक्रम का आयोजन

**महावीर इंटरनेशनल चित्तौड़गढ़ केंद्र एवं प्रज्ञा परिषद चितौड़गढ़ के संयुक्त तत्वावधान में** विश्व पर्यावरण दिवस पर प्लास्टिक मुक्त धरा के प्रकल्प के तहत "कपड़े की थैली मेरी सहेली" थीम पर एक कार्यक्रम जैन विश्रांति गृह स्टेशन रोड़ पर आयोजित किया गया। मुख्य अतिथि एवं अध्यक्ष प्रज्ञा परिषद डॉ. ए.एल. जैन ने प्लास्टिक की उत्पत्ति से लेकर वर्तमान में इससे होने वाली विभीषिका पर विचार रखे। उन्होंने सिंगल यूज प्लास्टिक के उपयोग से होने वाले पर्यावरण पर गंभीर एवं भयावह प्रभाव पर विस्तृत चर्चा की। केंद्र द्वारा प्रथम प्रयास में दो हजार कपड़े की थैलियों का सदस्यों के माध्यम से वितरण किया गया। कार्यक्रम में उपस्थित सभी लोगों ने यह संकल्प किया कि धीरे-धीरे दैनिक दिनचर्या में प्लास्टिक बैग के बजाय कपड़े की थैली का प्रयोग कर जीवन शैली बदलेंगे और दूसरों को भी यही शैली अपनाने के लिए प्रेरित करेंगे। महावीर इंटरनेशनल के 50 वर्ष पूर्ण होने पर महावीर इंटरनेशनल द्वारा स्वर्ण जयंती उत्सव मनाया जा रहा हैं जिसके तहत भारत के सभी केंद्रों में रथ यात्रा का आयोजन किया जा रहा हैं। रथ यात्रा के चित्तौड़गढ़ पहुंचने पर वीर केंद्र एवं वीरा केंद्र द्वारा कलेक्ट्रेट सर्किल पर रथ का स्वागत किया गया एवं स्मृति चिन्ह



**"कपड़े की थैली मेरी सहेली" कार्यक्रम का आयोजन**

भेंट किया गया। रथ को नगर के प्रमुख चौराहा पर व नगर में भेज कर महावीर इंटरनेशनल की गतिविधियों के बारे में जानकारी दी। जोन सचिव वीर प्रवीण जैन द्वारा रथ यात्रा के बारे में जानकारी दी गई। इन अवसरों पर जोन चेयरमैन वीर सी.एम. बोकड़िया, जोन सचिव वीर प्रवीण जैन, जीसीएम वीर बसंती लाल मेहता, केंद्र चेयरमैन वीर अभय संजेती, सचिव वीर सी.एम. रांका, वीर नवनीत मोदी, वीर अशोक सेठिया, वीर राजेंद्र संचेती, वीर दिनेश खंडेलवाल, वीरा केंद्र चेयरपर्सन वीरा सुनीता सिसोदिया आदि वीर वीरा सदस्यों की उपस्थिति रही।

## महावीर इंटरनेशनल छोटीसादड़ी केंद्र
## स्वर्ण जयंती सेवा यात्रा रथ का स्वागत

**महावीर इंटरनेशनल छोटीसादड़ी केंद्र** द्वारा महावीर इंटरनेशनल के 50 वर्ष पूर्ण होने पर स्वर्ण जयंती उत्सव मनाया जा रहा हैं जिसके तहत रथ का स्वागत किया गया। रथ को नगर के प्रमुख चौराहा पर घुमाया गया साथ ही जोन डायरेक्टर वीर कांतिलाल दक द्वारा रथ यात्रा के बारे में जानकारी दी गई। केंद्र चेयरपर्सन वीरा




**स्वर्ण जयंती सेवा यात्रा रथ का स्वागत**

कैलाश गिरी गोस्वामी द्वारा स्वागत उद्बोधन दिया गया। सह सचिव वीरा अविनाश गौड द्वारा संस्था के सेवा कार्यों के बारे में जानकारी दी गई। इस अवसर पर केंद्र सचिव वीरा लोकेश जायसवाल, वीरा गुणवंत सोनी, वीरा सौभागसिंह मेहता, वीरा अशोक सोनी, वीरा जसवंत कासमा, वीरा राजमल राठौर, वीरा प्रवीण शर्मा, वीरा श्यामगिरि गोस्वामी, वीरा मनीष लसोड़, वीरा अशोक नागोरी उपस्थित रहे।

## महावीर इंटरनेशनल निम्बाहेड़ा केंद्र एवं महावीर इंटरनेशनल पद्मिनी निम्बाहेड़ा केंद्र स्वर्ण जयंती सेवा यात्रा रथ का स्वागत

**महावीर इंटरनेशनल निम्बाहेड़ा केंद्र एवं महावीर इंटरनेशनल पद्मिनी निम्बाहेड़ा केंद्र के संयुक्त तत्वावधान में** महावीर इंटरनेशनल के 50 वर्ष पूर्ण होने पर स्वर्ण जयंती उत्सव मनाया जा रहा हैं जिसके तहत अहिंसा सर्किल पर रथ का स्वागत किया गया एवं स्मृति चिन्ह भेंट किया गया। रथ को नगर के प्रमुख चौराहा पर व नगर में भेज कर महावीर इंटरनेशनल




**स्वर्ण जयंती सेवा यात्रा रथ का स्वागत**

की गतिविधियों के बारे में जानकारी दी। पूर्व अन्तर्राष्ट्रीय सचिव वीर कमलेश ढेलावत द्वारा रथ यात्रा के बारे में जानकारी दी गई। इस अवसर पर केंद्र चेयरमैन वीर विकास पटवारी, पूर्व चेयरमैन वीर आशीष बोडाना, वीर रवि मोदी, वीर सौरभ तोषनीवाल, वीरा केंद्र चेयरपर्सन वीरा प्रीति खेरोदिया, वीरा अल्पना चपलोंत, वीरा मंजू काबरा, वीरा प्रियंका बोडाना, वीरा मेघा सोनी सहित वीर-वीरायें उपस्थित रही।

# रीजन-4

## डूंगरपुर-बांसवाड़ा संभाग

### महावीर इंटरनेशनल डूंगरपुर केंद्र विभिन्न सेवा गतिविधियों का आयोजन

**महावीर इंटरनेशनल डूंगरपुर केंद्र एवं महावीर इंटरनेशनल डूंगरपुर प्रियदर्शना वीरा केंद्र के सयुक्त तत्वावधान में** रोग निदान केंद्र पर स्वर्ण जयंती सेवा यात्रा रथ का स्वागत कर नगर भ्रमण किया गया। शहर के तहसील चौराया एवं कलेक्ट्रेट कार्यालय के बाहर LED SCREEN पर दोनों केंद्रों के सेवा प्रकल्प से अवगत कराया एवं आमजन को महावीर इंटरनेशनल की विगत 50 वर्षो की स्वर्णिम यात्रा की जानकारी प्रदान की गई। 1 जून को दो दिवसीय दिव्यांग सहायता शिविर रोग निदान केंद्र पर संपन्न हुआ। शिविर में 11 दिव्यांगों को सेवाएं प्रदान की गई। 4 दिव्यांग को जयपुर फुट, 3 दिव्यांग को कैलीपर, 2 दिव्यांग को बैसाखी प्रदान की गई। जबकि 2 दिव्यांगों के उपकरणों में मरम्मत कार्य किया गया। 5 जून को पर्यावरण दिवस होने से भोगिलाल पण्डया स्कूल परिसर में वृक्षारोपण समर कैम्प के बच्चों द्वारा जैन संगठना के जिलाध्यक्ष श्रीमान निरव जैन के मुख्य आतिथ्य जोन चेयरमैन वीर पृथ्वीराज जैन की अध्यक्षता एवं मोहनसिह बारोड प्रिन्सिपल के विशिष्ट आतिथ्य में वृक्षारोपण कार्यक्रम किया गया। साथ ही प्लास्टिक मुक्त हेतु कपड़े की थैली उपयोग करने का संकल्प लिया। 8 जून को केंद्र द्वारा भारतीय जैन संघटना के साथ अन्तर्राष्ट्रीय पर्यावरण दिवस के उपलक्ष्य में महावीर इंटरनेशनल के रोग निदान केंद्र पर एक संगोष्ठी का आयोजन किया गया। संगोष्ठी का विषय "सिंगल यूज प्लास्टिक के बढ़ते उपयोग के दुष्प्रभाव एवं विकल्प" रखा गया। कार्यक्रम में जोन सचिव विनोद दोसी, बी.जे. एस. के प्रांतीय अध्यक्ष विकास जैन, राजस्थान पेंशनर समाज डूंगरपुर जिला अध्यक्ष विनय शर्मा विशिष्ट अतिथि रहे। कार्यक्रम के तहत "कपड़े






**दो दिवसीय दिव्यांग सहायता शिविर एवं वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन**

की थैली मेरी सहेली" कार्यक्रम को प्रोत्साहित कर सिंगल यूज प्लास्टिक थैलियों के उपयोग को बंद करने का विकल्प प्रस्तुत किया। केंद्र चेयरमैन वीर विजयराज जैन ने अपने उद्बोधन में बताया कि किस प्रकार सिंगल यूज प्लास्टिक हमारे वायु मंडल, जल संरचना, हमारी पृथ्वी एवं पारिस्थितिक तंत्र को प्रदूषित कर रहा हैं। उन्होंने बताया कि भारत में प्रतिदिन 15000 टन प्लास्टिक कचरा उत्पन्न होता हैं जिसमें से मात्र 9% ही रिसाइकिल हो पाता हैं। यही स्थिति दुनिया की भी हैं। समारोह के मुख्य अतिथि बी.जे.एस. के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री नन्द किशोर सांखला ने अपने उद्बोधन में बताया कि हमारा समाज दो तरह के प्रदूषणों का सामना कर रहा हैं, जिसमें एक प्रदूषण समाज में बढ़ रही सामाजिक विरूपताएं हैं तो दूसरी ओर

पर्यावरण से संबंधित प्रदूषण की समस्याएं हैं। अपने प्लास्टिक कचरे से सड़कों के निर्माण, घरेलू सजावटी सामान के निर्माण में उपयोग का विकल्प प्रस्तुत किया। बढ़ते सामाजिक प्रदूषण को रोकने के लिए बी.जे.एस. द्वारा चलाए जा रहे स्मार्ट गर्ल प्रोग्राम, संयुक्त परिवार के विघटन को रोकने, अविवाहित रहने के बढ़ते चलन को रोकने, व्यवसाय के विकास इत्यादि के क्षेत्र में बी.जे.एस. द्वारा चलाए जा रहे प्रोजेक्ट की जानकारी प्रदान की। सभा को अध्यक्ष श्री दीपक चोपड़ा, विशिष्ठ अतिथि विनोद दोसी, विनय जोशी एवं विकास जैन ने भी संबोधित किया। बी.जे.एस. डूंगरपुर के अध्यक्ष नीरव जैन ने संस्था की आगामी कार्य योजना से अवगत कराते हुए वर्तमान में गैप सागर तालाब में चल रहे तालाब गहरीकरण के कार्य की जानकारी प्रदान की। कार्यक्रम के अंत में केंद्र सचिव वीर हेमंत बी जैन ने अतिथियों का धन्यवाद ज्ञापित किया। कार्यक्रम का संचालन वीर राजेश डेंडू ने किया।

## महावीर इंटरनेशनल डडूका केंद्र पर्यावरण संरक्षण अभियान का शुभारंभ

**महावीर इंटरनेशनल डडूका केंद्र** द्वारा विश्व पर्यावरण दिवस पर 5 जून से मोक्ष धाम डडूका पर 10 नीम के पौधे लगा कर पर्यावरण संरक्षण अभियान का शुभारंभ किया जाएगा। हर पौधे को केंद्र के 3-3 सदस्यों द्वारा गोद लेकर उन्हें पानी पिलाने, सुरक्षा देने ओर पौधे से पेड़ बनने तक 3 वर्ष तक देखभाल करने का संकल्प लिया जाएगा। केंद्र की जून माह की मासिक बैठक जनार्दन राय नागर के निवास पर सुंदर लाल पटेल की अध्यक्षता, मणिलाल सूत्रधार के मुख्य आतिथ्य, गवर्निंग काउंसिल सदस्य वीर अजीत कोठिया, उपाध्यक्ष वीर रणजीत सिंह सोलंकी तथा वीर जीवन राम पाटीदार के विशिष्ट आतिथ्य में आयोजित की गई। बैठक में वीर अजीत कोठिया ने गोल्डन जुबली आयोजनों और पर्यावरण संरक्षण सप्ताह पर सूचनाएं दी। सुन्दर लाल पटेल ने पर्यावरण सप्ताह आयोजनों में वृक्षारोपण और अन्य सभी व्यवस्थाओं के लिए राजेंद्र कोठिया एवं अशोक रावल को प्रभारी मनोनीत किया। उन्होंने आगामी समारोहों में सभी सदस्यों से शत प्रतिशत उपस्थित होने आग्रह किया। पेमजी पाटीदार ने परिजनों की स्मृति में 2 नीम वृक्षारोपण करने की घोषणा की। कोई भी आमजन निर्धारित व्यय रु.1000 मात्र भेंट कर अपने परिजनों की स्मृति में ट्री गार्ड सहित पौधारोपण की घोषणा मोक्षधाम के लिए कर सकता हैं। बैठक को वीर अशोक माली, वीर अरविंद डॅडोर, वीर सूरजमल अहारी,



**पर्यावरण संरक्षण अभियान का शुभारंभ**

वीर राजेन्द्र कोठिया, वीर मणिलाल सूत्रधार, वीर सुंदरलाल पटेल, वीर जीवन राम पाटीदार, वीर अशोक रावल, वीर अजीत कोठिया, वीर जनार्दन राय नागर, वीर रणजीत सिंह सोलंकी एवं वीर विजय पाल गहलोत ने सम्बोधित किया। संचालन वीर अजीत कोठिया ने किया, आभार चेयरमैन वीर सुंदरलाल पटेल एवं सचिव वीर सूरजमल अहारी ने व्यक्त किया।

## महावीर इंटरनेशनल कनबा केंद्र स्वर्ण जयंती सेवा यात्रा रथ का स्वागत

**महावीर इंटरनेशनल कनबा केंद्र** द्वारा महावीर इंटरनेशनल के 50 वर्ष पूर्ण होने पर स्वर्ण जयंती उत्सव मनाया जा रहा हैं जिसके तहत प्रचार प्रसार एवं विगत 50 वर्षो में की गई समाज सेवा के प्रकल्पो को आमजन के बीच पहुंचाने के लिए एक संपर्क यात्रा का आगाज एवं प्रवेश जोन चेयरमैन वीर पृथ्वीराज जैन के मुख्य आतिथ्य में सम्पन्न कराया गया। केंद्र चेयरमैन वीर डॉ. अरुण पंड्या ने सस्था द्वारा किए गए समाजसेवा के कार्यों की जानकारी दी गयी साथ ही रोड साइड पर व्यापार करने वाले व्यापारियों को दो केनोपी (छतरी) भामाशाह पुष्पा जैन, नीलेश जैन, अखिलेश जैन के द्वारा दी गयी। इस मोके पर पेंशनर करणसिंह, दौलतराम, कन्हैयालाल नारायण, डॉ. महेश, केंद्र उपाध्यक्ष वीर गिरीश, वीर मुकेश, संयुक्त सचिव वीर पंकज, वीर हितेश, वीर लोकेश, वीर मुक्ततेश, वीर विनोद, वीर सुशील, वीर हरगोविंद, वीर खुशीलाल, वीरा निर्मला जैन, वीरा मंजुला, वीरा हेरुषा ने अपनी सेवाएं दी। सस्था सचिव वीरा अखिलेश जैन ने कार्यक्रम में पधारे सभी अतिथियों एवं आमजन को धन्यवाद अर्पित किया एवं समाज सेवा के कार्यों मे सहयोग करने का निवेदन किया।

## महावीर इंटरनेशनल नौगामा केंद्र स्वर्ण जयंती सेवा यात्रा रथ का स्वागत

**महावीर इंटरनेशनल नौगामा केंद्र** द्वारा महावीर इंटरनेशनल के 50वीं स्वर्ण जयंती के तहत रथ यात्रा का स्वागत किया गया। यह रथ यात्रा डूंगरपुर केंद्र, सागवाड़ा केंद्र, गागड़ तलाई केंद्र, कुशलगढ़ केंद्र एवं बड़ोदिया केंद्र भ्रमण करते हुए नौगामा केंद्र पर पहुंची। कार्यक्रम में जोन चेयरमैन वीर पृथ्वीराज जैन, गवर्निंग काउंसिल सदस्य वीर अजीत कोटिया का स्वागत महावीर इंटरनेशनल का दुपट्टा उड़ा कर केंद्र चेयरमैन वीर सुरेशचंद्र गांधी, सचिव वीर कैलाश पंचोरी, ग्राम पंचायत सरपंच नरेश परमार, संरक्षक वीर डॉ. अजीत गांधी, वीर



**स्वर्ण जयंती सेवा यात्रा रथ का स्वागत**

सुरेशचंद्र मोदी, सुरभि मोटर्स के प्रॉपर्टी राजेंद्र गांधी, विधानाचार्य रमेशचंद्र गांधी, दिनेशचंद्र चरपोटा, जीव दया परिवार के अध्यक्ष आशीष पंचोरी ने स्वागत अभिनंदन किया। वीर सुरेशचंद्र

गांधी ने केंद्र द्वारा किए जा रहे सेवा कार्यों की जानकारी प्रदान की। कार्यक्रम में वीर जगज कटारा, वीर खुशपाल जैन, वीर सुभाष जैन, वीर विनोद दोसी, वीर नरेन्द्र जैन, वीर सुभाष चंद्र नानावटी, वीर ऋषिपा गांधी, वीर रमेशचंद्र शाह, कोषाध्यक्ष वीर मोहनलाल पंचोरी, वीर विमला पंचोरी, वीर अतिवीर गांधी, वीर अर्हम् जैन, वीर ममदू पठान आदि सदस्यों ने सहयोग प्रदान किया। कार्यक्रम का संचालन वीर भरत पंचोली द्वारा किया गया।

## महावीर इंटरनेशनल बांसवाड़ा माही वीरा केंद्र पर्यावरण संरक्षण कार्यक्रम का आयोजन

**महावीर इंटरनेशनल बांसवाड़ा माही वीरा केंद्र** द्वारा सार्वजनिक उद्यान शारदा कॉलोनी में मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. खुशपाल सिंह राठौड़, डॉ. योगेश जोशी और भूतपूर्व पार्षद सज्जन सिंह राठौड़ के आतिथ्य में जीवन रक्षक किट वितरण का कार्यक्रम रखा गया। डॉ.



**पर्यावरण संरक्षण कार्यक्रम का आयोजन**

खुशपाल सिंह राठौड़ ने कहा कि इस किट में एस्प्रिन, स्टेटिन और सोर्बिट्रिट की गोलिया हैं जो खून का थक्का जमने नहीं देगी तथा कोलेस्टॉल की मात्रा कम करेगी एवं सोरर्बिट्रेट जीभ के नीचे रखने से छाती का दर्द कम हो जाएगा। यह आपातकालीन स्थिति में जीवन रक्षक साबित होगी। डॉ. योगेश जोशी ने किट के बारे में विस्तृत जानकारी दी। पूर्व पार्षद सज्जन सिंह राठौड़, पुरुषोत्तम जोशी, शारदा विकास समिति के अध्यक्ष राहुल मेहता एवं केंद्र चेयरपर्सन वीरा भुवनेश्वरी मालोत ने भी विचार व्यक्त किए। कार्यक्रम का संचालन संरक्षक वीरा आशा मित्तल ने किया। 10 जून को ज्येष्ठ पूर्णिमा पर पर्यावरण संरक्षण व प्लास्टिक उन्मूलन के उद्देश्य से एक अनोखी पहल करते हुए पीपल वृक्ष की परिक्रमा की एवं "जन जागृति अभियान" के तहत जागरूकता फैलाने का कार्य किया। इस अवसर पर केंद्र की सदस्यों लाल परिधानों में सुसज्जित होकर वृक्ष रक्षा सूत्र बांधा और जन-जागरूकता हेतु बैनर प्रदर्शित किए, जिन पर प्लास्टिक से होने वाले नुकसान और उसके विकल्प के रूप में कपड़े की थैलियों को अपनाने का संदेश दिया गया। "कपड़े की थैली, मेरी सहेली", "प्लास्टिक छोड़ो, पर्यावरण से नाता जोड़ा" जैसे प्रेरक नारे लोगों को पर्यावरण के प्रति सजग होने का आह्वान किया। कार्यक्रम का संचालन केंद्र उपाध्यक्ष वीरा बीना गुप्ता ने किया। इन अवसरों पर केंद्र चेयरपर्सन वीरा भुवनेश्वरी मालोत, कोषाध्यक्ष वीरा संध्या लोकवानि, वीरा संध्या लोकवानी, वीरा कांता भाटी, वीरा हेमलता ओझा, वीरा अनिता रोकड़िया, वीरा अर्चना नानावटी, वीरा सुधा तलवाड़िया, वीरा ऋषि कन्या व्यास, वीरा विमला कोठारी, वीरा उषा मखीजा आदि वीराओं की उपस्थिति रही।

## महावीर इंटरनेशनल डूंगरपुर प्रियदर्शना वीरा केंद्र बेबी किट वितरण कार्यक्रम

**महावीर इंटरनेशनल डूंगरपुर प्रियदर्शना वीरा केंद्र** द्वारा 4 जून को मातृ एवं शिशु चिकित्सालय में वीरा हेमा गुप्ता के सौजन्य से नवजात शिशुओं के लिए 25 बेबी किट एंव



**बेबी किट वितरण कार्यक्रम**

माताओं के लिए 25 वस्त्रों का वितरण किया गया। इस अवसर पर सामान्य चिकित्सालय से मेल नर्स राकेश शर्मा एंव केंद्र सचिव वीरा पुष्पक जैन, वीरा रेखा गोठी, वीरा ममता भट्ट आदि उपस्थित रही।

## राजसमंद संभाग

## महावीर इंटरनेशनल दरीबा केंद्र जीव दया कार्यक्रम

**महावीर इंटरनेशनल दरीबा केंद्र** द्वारा तुलसी गौ सेवा समिति रेलमंगरा पर मूक बधिर बीमार एक्सीडेंटल गायों के लिए एक कैम्पर भर के हरा घास वितरण किया गया। इस अवसर



**जीव दया कार्यक्रम**

पर संभागीय सचिव वीर निर्मल सिंघवी, केंद्र चेयरमैन वीर प्रकाश सियान, वीर आकाश बागनेचा, वीर मुकेश वैष्णव, वीर टोनी वैष्णव, वीर शौकीन सुराणा, वीर ऋषभ सिन्याल, वीर जयेश गोखरू एवं सदस्य उपस्थित रहे।

## महावीर इंटरनेशनल यूथ श्रीनाथजी केंद्र शीतल पेय जल व्यवस्था का शुभारंभ

**महावीर इंटरनेशनल यूथ श्रीनाथजी केंद्र एवं नगर पालिका के सयुक्त तत्वावधान में** शीतल पेय जल व्यवस्था का शुभारंभ बैंक ऑफ बडौदा के पास टैक्सी स्टैंड के सामने हुआ। संस्था का मूल उद्देश्य किसी न किसी रूप में मानव सेवा के प्रकल्प को बढ़ाना हैं एवं सेवा गतिविधियों को जन जन तक पहुंचाना हैं। 9 जून को राजकीय जिला चिकित्सालय नाथद्वारा



शीतल पेय जल व्यवस्था का शुभारंभ

में गर्भवती महिलाओं का जनाना विभाग में 50 बेबी किट, 25 सेनेटरी नैपकिन एवं 40 गर्भवती महिलाओं को पोषाहर का वितरण किया गया। कार्यक्रमों में जोन चेयरमैन वीर संपत लोढ़ा, कोषाध्यक्ष वीर कांतिलाल धाकड़ केंद्र के पदाधिकारी एवं यूथ केंद्र कोषाध्यक्ष वीर कपिल डागलिया, उपाध्यक्ष वीर पीयूष लोढ़ा, वीर दीपक वागरेचा, वीर ललित मेहता, वीर पवन राठी, वीर गौरव छापरवाल, वीर कल्पित मुथा, वीर निशांत कोठारी, वीर भावेश चपलोत, वीर हितेश हिरण, वीर दीपेश धाकड़, वीर महावीर मेहता, वीर राजेश सिसोदिया, वीर सुधीर लोढ़ा, वीर अशोक धाकड़ एवं वीराओं में वीरा चेतना बापना, वीरा सुनीता चपलोत, वीरा शांता देवी वागरेचा, वीरा पूजा मेहता एवं अन्य गणमान्य नागरिकों की उपस्थिति रही।

## महावीर इंटरनेशनल त्रिशला वीरा केंद्र राजसमंद
## पोषाहार किट वितरण कार्यक्रम

**महावीर इंटरनेशनल त्रिशला वीरा केंद्र राजसमंद** द्वारा 19 मई को आरके राज के चिकित्सालय के संपूर्ण संस्थान प्रबंधन केंद्र में वर्ल्ड ह्यूमन मिल्क डोनेशन-डे प्रमुख डॉ. सारांश की अध्यक्षता में मनाया गया। जिसमें केंद्र वीरा तारा पगारिया की तरफ से मिल्क डोनेट करने वाली महिलाओं को उपहार और प्रमाण पत्र



पोषाहार किट वितरण कार्यक्रम

देकर सम्मानित किया गया। 9 जून को कमला नेहरु अस्पताल में गर्भवती महिलाओं को गुड़ गोले व चने दिए गए यह प्रोजेक्ट केंद्र चेयरपर्सन वीरा सबर चोरड़िया एवं व रासह सचिव टीना सियाल के सहयोग से किया गया। साथ ही महिलाओं को 50 सेनेटरी नैपकिंस भी दिए गए। इस प्रोजेक्ट की अध्यक्षता डॉ. भूपेश पड़तानी नेकी, डॉ. ममता प्रजापत एवं अन्य डॉक्टर्स ने की। इन अवसरों पर केंद्र चेयरपर्सन वीरा सबर चोरड़िया, वीरा चंद्रकांता संचेती, वीरा पुष्पा मालू, अस्पताल स्टॉफ इंदिरा रेगर, तारा, खुशबू, कोमल आदि उपस्थित रहे।

# उदयपुर संभाग

## महावीर इंटरनेशनल उदयपुर केंद्र विभिन्न सेवा गतिविधियों का आयोजन

**महावीर इंटरनेशनल उदयपुर केंद्र** द्वारा मई माह में आरएनटी कॉलेज में महिला एवं शिशु देखभाल कल्याण सेवाओं के अंतर्गत 31 गतिविधि के माध्यम से 94 महिलाएं लाभान्वित हुई। प्रेगनेंसी टू इन्फैंसी के दौरान 74 गर्भवती महिलाएं लाभान्वित हुई। केंद्र द्वारा 306 बेबी किट का वितरण किया गया। जागरूकता अभियान के अंतर्गत मदर मिल्क सेन्टर में 54 महिलाएं लाभान्वित हुई। सर्वऋतु विलास एवं मानव सेवा समिति में 110 जीवन रक्षक किट प्रदान किए गए। धाकड़ फार्म हाउस में 54 कपड़े की थैलियों का वितरण किया गया। केंद्र द्वारा नेत्र जांच शिविर का आयोजन किया गया जिसमें 20 लोगों की नेत्र जांच की गयी। विज्ञान समिति में आयोजित चिकित्सकीय जांच एवं परामर्श शिविर में 254 मरीज व एक्यूप्रेशर





भोजन एवं बेबी किट वितरण कार्यक्रमों का आयोजन

शिविर में 302 मरीज लाभान्वित हुए। अहिंसा पुरी में आयोजित फिजियोथैरेपी सेन्टर में 504 मरीज लाभान्वित हुए। इस जीएसजी सदस्य को 8 यूनिट रक्त उपलब्ध कराया गया। आरएनटी मेडिकल हॉस्पिटल में स्टेचर वार्ड जनाना वार्ड संख्या 12 में दिया गया। केंद्र द्वारा विभिन्न स्थानों पर 1320 लोगों को खाना खिलाया गया। अपना घर साइफन चौराहा में कोठरी परिवार द्वारा 44 लोगों को, मानव सेवा समिति में 235 एवं थियोसोफिकल सोसाइटी में 72 लोगों को खाना खिलाया गया। केंद्र द्वारा वासुपूज्य दादावाड़ी में मासिक बैठक का आयोजन किया गया जिसमें 98 सदस्य उपस्थित हुए। 21 मई को ग्रम दांता में 350 जानवरों की जांच व दवाईयों का वितरण किया गया तथा 300 गायों को हरा चारा वीरा आशा मेहता की ओर से वितरित किया गया। स्थायी सेवाओं के अंतर्गत बॉयज हॉस्टल में पेयजल उपलब्धता हेतु 500 लीटर प्रतिघंटा की क्षमता का आर.ओ. का संचालन हो रहा हैं। महाराणा भूपाल राजकीय चिकित्सालय, फतहसागर पाल एवं बाल चिकित्सालय में स्थायी जल मन्दिर (प्याऊ) का संचालन हो रहा हैं। महाराणा भूपाल राजकीय चिकित्सालय के जनाना वार्ड में जरूरतमंदों को इस माह वितरित सामग्री में 154 पेटीकोट, 174 बाऊल, 45 कटोरी, 35 गिलास, 104 चम्मच, 66 पलाडी, 134 ड्रेस, 8 किग्रा सत्तू, 2 साडी, 18 ऊनी कम्बल, 200 बच्चों के स्वेटर 529 बिस्कुट्स उपलब्ध कराई गयी।

## महावीर इंटरनेशनल फतेहनगर केंद्र
## नेत्रदान कार्यक्रम

**महावीर इंटरनेशनल फतेहनगर केंद्र** द्वारा विशाल सामोता, ऋषभ सेठिया की प्रेरणा से स्वर्गीय मंजू देवी चपलोत w/o राकेश कुमार चपलोत (महावीर स्टेशनरी फतेहनगर) का नेत्रदान किया गया। नेत्रदान करने के लिए केंद्र ने आरएनटी मेडिकल कॉलेज की टीम से संपर्क कर फतेहनगर बुलाया। नेत्रदान करवाने में



**नेत्रदान कार्यक्रम**

स्थानीय नागरिक सुमित जी बंसल एवं मुकेश जी गाडोलिया भी सहायक रहे। नेत्रदान के उपरांत चपलोत परिवार को आरएनटी मेडिकल टीम की तरफ से प्रशस्ति पत्र भेंट किया गया।

## महावीर इंटरनेशनल जज्बा वीरा केंद्र उदयपुर
## भोजन वितरण कार्यक्रम

**महावीर इंटरनेशनल जज्बा वीरा केंद्र उदयपुर** द्वारा सुंदर सिंह भंडारी सेटेलाईट हॉस्पीटल में महिला एवं शिशु देखभाल कल्याण सेवाओं के अंतर्गत 7 महिलाएं लाभान्वित हुई। 11 मई को मानव सेवा समिति में वीरा कटारिया परिवार की ओर से 230 लोगों को भोजन परोसा गया। 22 मई को फील्ड क्लब में मासिक बैठक आयोजित की गयी जिसमें 29 वीराओं की उपस्थिति रही।

# रीजन-5

## बीकानेर संभाग

## महावीर इंटरनेशनल गंगाशहर केंद्र
## वृक्षारोपण कार्यक्रम

**महावीर इंटरनेशनल गंगाशहर केंद्र** द्वारा 17 मई को शोर्य पार्क पवनपुरी बीकानेर मे भीषण गर्मी को देखते हुए पक्षियों के जल व चुग्गे के लिए परिंडे लगाये गए। एडवोकेट सन्दीप जी शेखावत ने लगाए गए परिंडों की नियमित देखभाल का आश्वासन दिया। 28 मई को नियमित सेवा प्रकल्प जीव दया प्रकोष्ठ के तहत श्री रामलाल जी बोथरा के आर्थिक सौजन्य से भीनासर गोचर भूमि में निराश्रित रह रही गायों को 5 मन चारा डलवाया गया। 1 मई को अपने नियमित सेवा प्रकल्प जीव दया प्रकोष्ठ के तहत उदयरामसर से आगे ओरण में निर्मित भूतिया तालाब मे वन्य जीवों के लिए 5 टेंकर पानी डलवाया। कार्यक्रम वीर सुशील डागा ने अपने पौत्र देवांश के प्रथम जन्मदिन पर केंद्र की प्रेरणा से किया। 5 जून को विश्व पर्यावरण दिवस पर राजकीय महाविद्यालय गंगाशहर बीकानेर में पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण एवं जाग्रति कार्यक्रम का आगाज किया। महाविद्यालय में नीम, सहजन,



**वृक्षारोपण कार्यक्रम**

गुलमोहर, आंवला, अशोक व जामुन के पौधे लगाए गए। केंद्र चेयरमैन वीर टोडरमल चोपड़ा व प्राचार्या बबीता जैन ने पर्यावरण संरक्षण पर अपने विचार रखे। इन अवसरों पर केंद्र चेयरमैन वीर टोडरमल चोपड़ा, वीर एडवोकेट के.एल. बोथरा, वीर बच्छराज रांका, एडवोकेट वीर सन्दीप शेखावत, वीर चन्द्र कुमार राखेचा, वीर त्रिलोक चंद बाफना, वीर विनोद डागा, वीर भंवरसिह, वीर भवानीसिंह, वीर महावीर, वीर रिषभ, वीरा अंजू जैन, महाविद्यालय प्राचार्या श्रीमती बबीता जैन, वीरेंद्र चौधरी चेतन टाक, हिम्मत सिंह, सुनील खत्री, दिवाकर बोथरा आदि सदस्यों की उपस्थिति रही।

## महावीर इंटरनेशनल हनुमानगढ़ केंद्र
## सम्मान कार्यक्रम

**महावीर इंटरनेशनल हनुमानगढ़ केंद्र** द्वारा संघ लोक सेवा आयोग परीक्षा में 371वीं रैंक प्राप्त करने वाले डॉ. अजीत दफ्तरी का सम्मान महावीर



**सम्मान कार्यक्रम**

इंटरनेशनल भवन में किया गया। सकल जैन समाज के अध्यक्ष डॉ. पारस जैन, तेरापंथ सभा हनुमानगढ़ टाउन के पूर्व चेयरमैन राजेंद्र बैद, पूर्व चेयरमैन सुरेंद्र कोठारी, केंद्र चेयरमैन वीर गौरव जैन, वीरा ग्रुप चेयरपर्सन वीरा कंचन गुप्ता, कोषाध्यक्ष वीरा दीपक गोयल, जयपाल जैन के नेतृत्व में बधाई दी एवं सम्मान किया। इस मौके पर कार्यक्रम में शांतिलाल बैध, जयपाल जैन, प्रवीण जैन, पंकज दफ्तरी, प्रेम दफ्तरी, हरीश दफ्तरी, मधु दफ्तरी, रचना अग्रवाल, ऋषभ चोरड़िया, रमन गुप्ता ने शिरकत की।

## महावीर इंटरनेशनल नोखा केंद्र
## मासिक बैठक का शुभारंभ

**महावीर इंटरनेशनल नोखा केंद्र** द्वारा मार्च माह से मई माह में संचालित फिजियोथैरेपी सेंटर,



**मासिक बैठक का शुभारंभ**

होम्योपैथी व मनोपरामर्श, नेत्र जांच एवं एम्बुलेंस में बीपीएल एवं निशक्त जनों को नि:शुल्क सेवा प्रदान की गई। शिविर में फिजियोथैरेपी: 2986, एम्बुलेंस: 55, ऑक्सीजन: 3। 2 जून को केंद्र की मासिक बैठक महावीर इंटरनेशनल कार्यालय में केंद्र चेयरमैन वीर सुरेंद्र कुमार हीरावत की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक का शुभारंभ प्रार्थना से किया गया तत्पश्चात कोषाध्यक्ष वीर रामेश्वर लाल छींपा ने गत माह के आय-व्यय का ब्यौरा प्रस्तुत किया। केंद्र सचिव वीर बाबूलाल कांकरिया ने बताया कि मई माह में स्थाई सेवा प्रोजेक्ट फिजियोथैरेपी केंद्र के माध्यम से कुल 1203 मरीज लाभान्वित हुए जिसमें से 112 मरीजों को बीपीएल व नि:शक्त जन श्रेणी में होने के कारण नि:शुल्क सेवाएं दी गयी। बैठक में पर्यावरण संबंधी चर्चा के दौरान आगामी वर्षाकाल में कुल 3000 पेड़ विभिन्न स्थानों पर लगाने का लक्ष्य तय किया गया। कार्यकारिणी सदस्य शिवरतन सोनी के प्रस्ताव पर श्री गोवर्धन गौशाला कंवलीसर के परिसर में भी पेड़ लगाना तय हुआ। नोखा कस्बे की एक विशेष आवश्यकता के मद्दे नजर ईश्वर चंद दुग्गड़ के सुझाव पर केंद्र सदस्य वीर प्रकाशचंद मंत्री ने मृत शरीर को सुरक्षित रखने वाले डीप फ्रीजर की स्वीकृति प्रदान की जिसका अनुमानित लागत मूल्य 50000 रुपये होगी। सदन की सहमति से इसे केंद्र पर ही रखकर संचालित किया जाना तय हुआ। इस बैठक में रीजनल सचिव वीर राजेंद्र सिंह राठौड़, गवर्निंग काउंसिल मेंबर वीर डॉ. एम.पी. तिवारी, संरक्षक वीर मोहनलाल पारख, वीर जयचंदलाल बेताला, वीर मनोजकुमार राठी, वीर अनवर अली निर्बाण, वीर भंवरलाल बुच्चा, वीर दिनेश समदडिया आदि सदस्य उपस्थित रहे। कार्यक्रम का समापन राष्ट्रगान से किया गया।

## महावीर इंटरनेशनल श्रीगंगानगर केंद्र
## एक शीतल जल प्याऊ का शुभारम्भ

**महावीर इंटरनेशनल श्रीगंगानगर केंद्र** द्वारा 30 मई को गर्मी से आमजन को राहत हेतु एक



**एक शीतल जल प्याऊ का शुभारम्भ**

शीतल जल की एक प्याऊ नई सब्जी मंडी के बाहर शुरू की गई। इस प्याऊ पर शुद्ध शीतल जल ठंडे कैम्पर द्वारा उपलब्ध करवाया जाएगा। कैम्पर उपलब्ध करवाने हेतु वीर संजीव लोहिया का विशेष सहयोग रहेगा। इस प्रोग्राम में केंद्र चेयरमैन वीर भानु गर्ग, वीर राकेश बोरड़, वीर संजीव लोहिया, वीर वीर पवन गोयल, वीर देवेंद्र शर्मा, विष्णु गोयल आदि उपस्थित रहे।

## महावीर इंटरनेशनल सूरतगढ़ केंद्र
## रक्तदान शिविर का आयोजन

**महावीर इंटरनेशनल सूरतगढ़ केंद्र** द्वारा कल पुराने अखबारों को एकत्रित करने के अभियान के अंतर्गत 784 किलो गत्ते, अखबार व कॉपी एकत्रित किए गए। 18 मई को सुखीजा परिवार के सहयोग से केंद्र का 200वां रक्तदान शिविर श्री माहेश्वरी भवन, सूरतगढ़ में लगाया गया जिसमें तपोवन ब्लड सेन्टर, श्रीगंगानगर की मोबाइल टीम के विनोद बांगड़वा, अनुज, प्रदीप, सुनील द्वारा 89 यूनिट रक्त संग्रहहित किया गया। स्वर्गीय मनोज सुखीजा की चतुर्थ पुण्यतिथि पर सुखीजा परिवार व उनकी मित्र मंडली की सहयोग से लगे इस शिविर का उद्घाटन शिक्षाविद प्रवीण भाटिया ने रिबन काटकर किया। परियोजना निदेशक कालूराम बिश्नोई के अनुसार बृजमोहन प्रजापत ने उनके पुत्र विजय, सुशील ठाकराणी ने उनके पुत्र आदित्य, दीपक जैन ने उनके भाई अरुण जैन, राकेश कुमार ने उनके भाई रघुवीर तथा सम्भागीय चेयरमैन वीर संजय बैद ने उनकी पत्नी नीतू, पुत्र निखिल व अखिल, पुत्रवधू राखी व अनुज भ्राता की पत्नी नेहा बैद के साथ रक्तदान किया। शिविर संयोजक वीर रमेश कुमार शर्मा के अनुसार पूर्व विधायक अशोक नागपाल, नगर पालिका के पूर्व अध्यक्ष परसराम भाटिया, भाजपा के नगर मण्डल अध्यक्ष गौरव बलाना, यूथ कांग्रेस के प्रदेश प्रवक्ता योगेश मेघवाल, शराबबंदी आंदोलन की राष्ट्रीय अध्यक्ष पूजा छाबड़ा ने शिविर का अवलोकन किया तथा रक्तदाताओं को साधुवाद दिया। सचिव वीर राजेश वर्मा ने बताया कि केंद्र के नये सदस्य वीर विजय कुमार को संभागीय चेयरमैन वीर संजय बैद ने शपथ दिलाई और केंद्र चेयरमैन वीर दिलीप मिश्रा ने लेपल पिन लगाकर स्वागत किया। रक्तदाताओं



**रक्तदान शिविर का आयोजन**

के लिए लंगर की व्यवस्था भी की गई। केंद्र सदस्यों ने सिविल डिफेंस के कार्यालय में जाकर प्रभारी श्री सुखवंत सिंह से मुलाकात की और किसी भी आपदा की स्थिति में समाजसेवी संगठनों के क्या दायित्व हो सकते हैं और उनकी क्या भूमिका हो सकती हैं इस पर विस्तार से विचार विमर्श किया और जानकारी हासिल की। स्थाई सेवा कार्य के अंतर्गत सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सूरतगढ़ में 200 हाइजीनिक बेबी किट प्रदान की गई। अत: सदस्यों ने रेलवे स्टेशन पहुंचकर इस सेवा कार्य में संस्था की ओर से 1100 पानी के कैम्पर देने की घोषणा की और सहयोग राशि नागरमल खंडेला को सौंपी। इन अवसरों पर केंद्र के गणमान्य पदाधिकारीगणों की उपस्थिति रही।

## महावीर इंटरनेशनल बीकाणा वीरा केंद्र बीकानेर
## पालसिए एवं बर्ड नेस्ट वितरण कार्यक्रम

**महावीर इंटरनेशनल बीकाणा वीरा केंद्र बीकानेर** द्वारा 20 मई को बढ़ती हुई गर्मी से राहत दिलाने के लिए अपना घर आश्रम में प्रभु जनों को फल एवं दूध की सेवा दी गई। 4 जून को विश्व पर्यावरण दिवस एवं केंद्र के स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में बीएसएफ स्थित गोल्फ कोर्स में कमांडेंट नवीन मोहन शर्मा एवं



**पालसिए एवं बर्ड नेस्ट वितरण कार्यक्रम**

साथियों की उपस्थिति में वृक्षारोपण का कार्य किया जिसमें शहतूत, आवला एवं जामुन के वृक्ष लगाए गए। इसी के साथ ही वहां पर बढ़ती गर्मी को देखते हुए पक्षियों के लिए 70 पालसिए तथा बर्ड नेस्ट भी रखवाए गए। कार्यक्रमों में केंद्र चेयरपर्सन वीरा श्रुति बोथरा, सचिव वीरा मनीषा डागा, कोषाध्यक्ष वीरा मिथिला भूरा, वीरा रितु गोड़, वीरा अंजु कोचर, वीरा डॉ. आशु मलिक, वीरा चारू नाहटा, वीरा भारती गहलोत एवं वीरा सरिता दस्सानी ने सहयोग किया।

## महावीर इंटरनेशनल गंगाणा वीरा केंद्र गंगाशहर
## वृक्षारोपण कार्यक्रम

**महावीर इंटरनेशनल गंगाणा वीरा केंद्र गंगाशहर** द्वारा एक जरूरतमंद वृद्ध महिला को एक महिने का राशन दिया गया। 5 जून को विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर सुराणा हाउस जन सुनवाई केंद्र, बोथरा चौक, गंगाशहर में चेयरपर्सन वीरा रक्षा बोथरा के नेतृत्व में



**वृक्षारोपण कार्यक्रम**

पौधारोपण कार्यक्रम किया गया। सचिव वीरा सरिता नाहटा ने बताया कि नियमित रूप से पौधे की देखभाल के संकल्प के साथ मीठे नीम, बेल पत्र एवं पपीते का पेड़ लगाया गया। कार्यक्रमों में वीरा चंद्रकला भूरा, वीरा स्वाति छाजेड़, वीरा शर्मिला चोरड़िया, वीरा मंजू गुलगुलिया, राजश्री कच्छावा आदि वीरायें उपस्थित रहीं।

## महावीर इंटरनेशनल नोखा वीरा केंद्र
## विश्व पर्यावरण दिवस पर कार्यशाला का आयोजन

**महावीर इंटरनेशनल नोखा वीरा केंद्र** द्वारा 17 मई को मिटिंग का आयोजन वीरा मंजु बैद की अध्यक्षता में किया गया। संभागीय अधिवेशन 25 मई को हनुमानगढ़ में होने वाला हैं उस पर तथा 5 जुन पर्यावरण दिवस को कैसे मनाए चर्चा हुई। पांचु राजकीय अस्पताल के एल.टी. दामोदर को नवजात शिशुओं को संक्रमण से बचाने के लिए बेबी किट उपहार स्वरूप दिया। 5 जून को विश्व पर्यावरण दिवस पर एक कार्यशाला



**विश्व पर्यावरण दिवस पर कार्यशाला का आयोजन**

का आयोजन किया। मुख्य व्यक्ता प्रोविशनल कॉन्फिडेंट पब्लिक स्पीकिंग ट्रेनर सुश्री भावना मरोठी ने सिंगल यूज प्लास्टिक का ईजाद क्यों हुआ, कैसे हुआ, प्लास्टिक से होने वाले नुकसान व क्या अल्टरनेटिव यूज कर सकते हैं उसके बारे में बताया साथ ही एक्टिविटीज और गेम्स भी करवाये। कार्यक्रमों में केंद्र चेयरपर्सन वीरा मंजु बैद, वीरा उर्मिला तापड़ीया, वीरा जयश्री भुरा, वीरा कमला मरोठी, वीरा सुषमा बजाज, वीरा बबीता डागा, वीरा सरला अग्रवाल, वीरा सन्जु सोनी, वीरा प्रीति मरोठी, वीरा प्रिया राठी, वीरा नीलम पुगलिया, वीरा सम्मत मालु, वीरा राजश्री डागा उपस्थित रही।

# जोधपुर संभाग

## महावीर इंटरनेशनल जोधाबाई केंद्र जोधपुर
## विभिन्न सेवा गतिविधियों का आयोजन

**महावीर इंटरनेशनल जोधाबाई केंद्र जोधपुर** द्वारा वीरा नीलम मेहता के सहयोग से 17 मई को दो बच्चों की बुक्स के लिए रु.2000 की आर्थिक सहायता की गई। 18 मई को वीरा चेतना शाह ने निर्धन महिला जिसकी बेटी अस्पताल में भर्ती हैं, उसकी सहायता हेतु खाद्य सामग्री तथा रु.5000 कैश दिए। वीरा लीला लोहिया द्वारा अपना घर आश्रम में 225 प्रभुओं को एक समय का भोजन कराया गया। इसके साथ ही आम के सीजन में आम का रस भी बनवाया गया। 21 मई को वीरा शांता कोठारी द्वारा अपने ससुर जी की पुण्यतिथि के उपलक्ष्य में एक निर्धन परिवार को किराणा किट दिया गया। 20 मई को वीरा सुनीता सामसुखा द्वारा वर्षी तप के पारने के उपलक्ष्य में एक निर्धन परिवार को किराणा किट दिया गया। वीरा नीलम मेहता द्वारा अपने जीवनसाथी की मासिक पुण्यतिथि पर दो बच्चों को पढ़ाई के लिए स्कूल की फीस दी, जिससे बच्चों का भविष्य संवर सके। एक परिवार को जिसमें दो बच्चियों की शादियां हैं 20 साड़ियां और 15 किलो आम दिए। 27 मई को वीरा कमला बोथरा ने उनके पति की पुण्यतिथि पर गंगानी बाल गृह में एक समय का बच्चों को





**कपड़े की थैली वितरण एवं निःशुल्क नेत्र एवं स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन**

भोजन करवाया। जिसमें 50 बच्चें लाभान्वित हुए। वीरा कमला बोथरा द्वारा अपने पति स्वर्गीय रमेश जी बोथरा की पुण्यतिथि पर केसरिया जी कुंथुनाथ मंदिर अजीत कॉलोनी में एक वाटर कूलर लगवाया गया तथा श्री संघ की तरफ से वहां पर वीराओं के लिए भोजन की व्यवस्था की गई। वीरा नंदा मेहता ने अपना घर आश्रम में 225 प्रभुओं के लिए 2700 के टूथपेस्ट दिए। वीरा शांता मेहता द्वारा गंगानी स्थित संपर्क आश्रम में आम के सीजन में 15 किलो आम दिए गए। इसके साथ ही आर्थिक रूप से अशक्त 4 परिवारों को दो-दो किलो आम व शरबत की बोटल दी गई। एकादशी के अवसर पर वीरा नीलम मेहता द्वारा नारी अपना घर परिवार चोखा में आम के सीजन में 35 किलो आम उपलब्ध करवाए गए जिससे 88 महिलाएं लाभान्वित हुई। 4 जून को खुशियों का बाजार के अंतर्गत देश की विख्यात क्लॉथिंग ब्रांड 'BIBA' से वस्त्र एकत्रीकरण का कार्य जोन चेयरपर्सन वीरा वंदना बक्शी और चेयरपर्सन वीरा अमिता जैन के सहयोग से किया गया। यह वस्त्र महिलाओं और बालिकाओं के लिए विशेष रूप से उपहार स्वरूप पहनने की स्थिति में दिए गए। गंगानी स्थित संपर्क बाल विकास केंद्र 'अनाथ आश्रम' 10वीं और 12वीं वर्ग के सभी छात्रों ने बोर्ड की परीक्षा में अच्छे अंक प्राप्त किये। केंद्र द्वारा 12वीं कक्षा के उत्तीर्ण होने वाले छात्रों का टी-शर्ट और स्टेशनरी द्वारा बहुमान किया गया। इसके अतिरिक्त आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों के मेधावी बच्चों को वीरा शांता मेहता द्वारा तीन बच्चों को पढ़ाने हेतु टेबल कुर्सी दी गई। 13 जून को महावीर इंटरनेशनल दिल्ली के सहयोग से अन्तर्राष्ट्रीय कंटेनर डिपो भगत की कोठी जोधपुर में निःशुल्क नेत्र एवं स्वास्थ्य जांच शिविर आयोजित किया गया जिसमे कुल पंजीकरण: 99, नेत्र जांच: 99, सामान्य जांच: 58, ब्लड शुगर: 38, ब्लड प्रेशर: 38, हीमोग्लोबिन: 04, ईसीजी: 01, कुल ओपीडी: 238, चश्मा वितरित: 28, मोतियाबिंद का पता चला: 1 शिविर में निःशुल्क दवाईयां वितरित की गई।

## नार्थ-ईस्ट-बिहार संभाग

### महावीर इंटरनेशनल वीरांगना वीरा केंद्र सिलीगुड़ी

### पर्यावरण संरक्षण व जल बचाव कार्यक्रम

**महावीर इंटरनेशनल वीरांगना वीरा केंद्र** द्वारा प्रथम स्थापना दिवस 4 मई को उत्तरबंग मारवाड़ी सेवा सदन में अत्यंत भव्यता और उल्लास के साथ मनाया गया। प्रथम चरण कार्यक्रम की शुरुआत सुबह 8 बजे पर्यावरण जागरूकता रैली से हुई, जिसमें वीरांगनाओं के साथ स्कूली बच्चों, सामाजिक संगठनों व विभिन्न एंजियो के साथ ऑटो ड्राइवर राष्ट्रपति पुरस्कार प्राप्त महिला ने अपने ऑटो के साथ उत्साहपूर्वक भाग लिया। इस जागरूकता रैली के माध्यम से पर्यावरण संरक्षण का सार्थक संदेश दिया गया। रैली के दौरान बच्चों में जूस व फूड पैकेट का वितरण कर सेवा की भावना को साकार किया गया। द्वितीय चरण में महावीर इंटरनेशनल अति वीर क्लब की नवीन योजना का भव्य शुभारंभ अन्तर्राष्ट्रीय अध्यक्ष वीर सीए अनिल जैन के नेतृत्व एवं अन्तर्राष्ट्रीय निदेशक वीर संदीप डांगी के दिए गए मार्गदर्शन से वीर रतन जैन फलोदिया ने किया। महावीर इंटरनेशनल सेवा कार्यों में एक नया अध्याय मुद्रित किया। इसके बाद एक शिक्षाप्रद लघु नाटिका वीराओं द्वारा प्रस्तुत की गयी, जिसे सभी ने सराहा। इस अवसर पर अपेक्स से प्रतिनियुक्त प्रतिनिधि के रूप में वीर रतन जैन फलोदिया, क्षेत्रीय सचिव वीर रमेशचंद्र बैद, जोन चेयरमैन वीर ओमप्रकाश अग्रवाल, चेयरमैन सिलीगुड़ी केंद्र वीर बजरंग सेठिया, वीरांगना सिलीगुड़ी केंद्र चेयरपर्सन वीरा पुष्पा





**महावीर प्रवाह प्रति भेंट एवं पर्यावरण संरक्षण व जल बचाव कार्यक्रम**

चिंडालिया एवं वीरा बहिनों सहित अनेक प्रमुख संस्थाओं, दानदाताओं व सामाजिक संगठनों के करीब 250 से अधिक महानुभावों की गरिमामयी उपस्थिति रही। केंद्र द्वारा मातृ दिवस के उपलक्ष्य में कार्यक्रम को दो चरणों में सम्पन्न किया गया। प्रथम चरण में एक विकलांग मां को व्हीलचेयर प्रदान कर उनके जीवन को सुगम बनाने का

प्रयास किया गया। द्वितीय चरण में "अपना घर" आश्रम में महिला दिवस को हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। सभी माताओं को साड़ी एवं नाइटी उपहारस्वरूप भेंट की गई तथा दोपहर का भोजन उन्हीं के साथ साझा कर भावनात्मक जुड़ाव को और प्रगाढ़ किया गया। इस पुनीत कार्य में चेयरपर्सन वीरा पुष्पा चंडालिया, वीरा किरण अग्रवाल एवं वीरा उमा जैन का सराहनीय सहयोग प्राप्त हुआ। 5 जून को विश्व पर्यावरण दिवस पर सिलीगुड़ी के सीआरपीएफ कैम्प में पर्यावरण संरक्षण और जल बचाव के संदेश को लेकर एक जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में जवानों व उनके परिवारों को पर्यावरण के प्रति सजग रहने, कपड़े की थैलियों का प्रयोग करने और जल संरक्षण के लिए प्रेरित किया गया। कार्यक्रमों में डीआईजी श्री पंकज कुमार, उप कमांडेंट नियाज अहमद, उप कमांडेंट श्री विजय कुमार मलिक, सहायक कमांडेंट श्री पी.एन. तिवारी, सहायक कमांडेंट श्री सुनील शर्मा, सहायक कमांडेंट श्रीमती रेनुका सरकार, रीजनल सचिव वीर रमेश बैद, सह चेयरपर्सन वीरा लीला देवी बैद, केंद्र चेयरपर्सन वीरा पुष्पा चंडालिया, सचिव वीरा सीमा सेठिया, संगठन मंत्री वीरा स्वीटी श्यामसुखा, प्रचार प्रसार मंत्री वीरा सुनिता जम्मड़, वीरा वर्षा चोरड़िया, वीरा नीलम जैन, वीरा लीला बैद, वीरा किरण अग्रवाल, वीरा नीलम मालू, वीरा उमा नोलखा, वीरा निशा जैन, वीरा रेणु जैन, वीरा शशि जैन की गरिमामय उपस्थिति रही।

## रीजन-6

### बाड़मेर-बालोतरा संभाग

### महावीर इंटरनेशनल बाड़मेर केंद्र भोजन वितरण कार्यक्रम

**महावीर इंटरनेशनल बाड़मेर केंद्र एवं जन कल्याण संस्थान, बाड़मेर के संयुक्त तत्वावधान में** 24 मई को केंद्र चेयरमैन वीर बाबुलाल संखलेचा, अपेक्स के डिप्टी डायरेक्टर वीर गौतम डूंगरवाल व जन कल्याण संस्थान अध्यक्ष मुकेश बोहरा अमन की उपस्थिति में 15 दिवसीय नि:शुल्क सिलाई प्रशिक्षण का शुभारम्भ हुआ। कार्यक्रम के आगाज में उपस्थित प्रतिभागियों ने ईश्वर का स्मरण करते हुए सिलाई का हुनर हासिल करने के साथ-साथ जीवन में विचार कर बदलाव लाने का संकल्प लिया। इस प्रशिक्षण में 120 से अधिक महिलाएं व बालिकाएं नि:शुल्क सिलाई का प्रशिक्षण लेने जा रही हैं। कार्यक्रम में सचिव वीर गौतम बोथरा, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता कान्ता धनदे, दक्ष प्रशिक्षिका दिव्या सांसी आदि ने अपने-अपने विचार रखे और प्रतिभागियों को हुनर को सीखने के लिए प्रेरित किया तथा जीवन में आई तमाम बुराईयों को दूर करने की बात कहीं। यह नि:शुल्क सिलाई प्रशिक्षण महिला मंच, सांसियों का तला की बहनों की देखरेख व निगरानी में रहेगा। कार्यक्रम का संचालन वीर मुकेश अमन ने किया। केंद्र द्वारा सुवादेवी पत्नी मोहनलाल मेहता एवं भंसाली महिला मण्डल की तरफ से



**भोजन वितरण कार्यक्रम**

मानव धर्म ट्रस्ट बाड़मेर में एक समय का भोजन प्रसाद का आयोजन रखा गया। केंद्र चेयरमैन वीर बाबूलाल संखलेचा ने बताया कि दानदाता परिवार ने जरूरतमंद बन्धुओं को अपने हाथों से भोजन प्रसाद उपलब्ध करवाया। कार्यक्रमों में केंद्र चेयरमैन वीर बाबुलाल संखलेचा, वीर गौतम डूंगरवाल, वीर मांगीलाल गोटी, वीर अशोक कुमार मेहता, वीर महेन्द्र कुमार संखलेचा, वीर भरत शर्मा, वीर भवानी शर्मा, वीरा मंजू देवी संखलेचा, अपेक्स के डिप्टी डायरेक्टर वीर गौतम डूंगरवाल व जन कल्याण संस्थान अध्यक्ष मुकेश बोहरा, अमन, सचिव गौतम बोथरा, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता कान्ता धनदे, दक्ष प्रशिक्षिका दिव्या सांसी, रहीम खान, रिजूराम सांसी, सामीर खान, चम्पा सिसोदिया सहित बड़ी संख्या में महिलाएं व बालिकाएं उपस्थित रही।

### महावीर इंटरनेशनल बालोतरा केंद्र सम्मान समारोह का आयोजन

**महावीर इंटरनेशनल बालोतरा केंद्र** द्वारा विश्व पर्यावरण दिवस पर पर्यावरण संरक्षण एवं जन चेतना अभियान के अंतर्गत पर्यावरण शुद्धि के लिए उल्लेखनीय सेवा देने वाले पुष्पा हॉस्पिटल का सम्मान किया गया। महावीर इंटरनेशनल अपेक्स द्वारा किए जा रहे पर्यावरण जनचेतना अभियान के "कपड़े की थैली मेरी सहेली" सहित सिंगल यूज प्लास्टिक उपयोग न करने संबंधी विभिन्न कार्यों की जानकारी प्रदान की। इस अवसर पर पुष्पा हॉस्पिटल के डॉ. सुरेंद्र जैन, डॉ. विजय खंडेलवाल ने कहा कि उनका लक्ष्य हैं कि धरती का श्रृंगार पर्यावरण के पेड़ लगाकर ही किया जा सकता हैं और इसी लक्ष्य के साथ में वे पौधे देने के साथ ही उन बच्चों के नाम से पौधे लगाकर संरक्षण का कार्य भी कर रहे हैं अब तक करीब 200 पौधे लगाए जा चुके हैं तथा आगे भी यह अभियान जारी रहेगा। समारोह में पुष्पा हॉस्पिटल के संस्थापक डॉ. सुरेंद्र जैन, डॉ. विजय खंडेलवाल का शॉल ओढ़ाकर माल्यार्पण कर सम्मान किया गया। अस्पताल द्वारा पोट सहित पौधा स्मृति के रूप में प्रदान किया गया। नगर परिषद पूर्व सभापति पारसमल भंडारी ने ग्रीन इंडिया प्रोजेक्ट, स्वच्छ भारत, सुंदर भारत की कल्पना के साथ में पर्यावरण के लिए कार्य करने का सभी को आवाहन किया। केंद्र चेयरमैन धर्मेश चोपड़ा ने महावीर इंटरनेशनल के सेवा कार्यों में पर्यावरण के क्षेत्र में विशेष अभियान चलाए जाने की जानकारी दी। इस अवसर पर पुष्पा हॉस्पिटल के चिकित्सक, स्टॉफ के साथ ही जोन सचिव वीर जवेरीलाल मेहता, कोषाध्यक्ष वीर महावीर बोकडिया, संगठन मंत्री वीर हीरालाल प्रजापति, वीर गौतम दांती, वीर भंवरलाल भंडारी सहित सदस्यों ने डॉ. सुरेंद्र जैन एवं डॉ. विजय खंडेलवाल का सम्मान किया। केंद्र द्वारा लोकप्रिय विधायक अरुण चौधरी के 50वें जन्म दिवस पर बधाई के साथ ही गोल्डन जुबली वर्ष के समारोह में आमंत्रित किया गया। आमंत्रण पत्र के साथ सेवा गतिविधियों की महावीर प्रवाह पत्रिका प्रदान की। विधायक चौधरी द्वारा किए गए बालोतरा जिले में यूआईटी गठन सहित



**सम्मान समारोह का आयोजन**

कार्यों की भी महावीर इंटरनेशनल के साथियों ने सराहना करते हुए 50वें जन्म दिवस पर साफा पहनाकर, माल्यार्पण कर संरक्षक वीर पारसमल भंडारी, केंद्र चेयरमैन वीर धर्मेश चोपड़ा के नेतृत्व में सदस्यों ने विधायक चौधरी का सम्मान किया। महावीर सेवा सदन में आयोजित मीटिंग में गोल्डन जुबली समारोह एवं सेवा कार्यों के संदर्भ में निर्णय लिए गए। केंद्र से 14 सदस्यों के पंजीकरण कराने पर हर्ष व्यक्त किया, अपेक्स द्वारा प्रेषित जीवन सुरक्षा किट सदस्यों को प्रदान की गई। केंद्र चेयरमैन धर्मेश चोपड़ा ने 21 जून को जिला प्रशासन, आयुर्वेद विभाग द्वारा जिला स्तरीय अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस में अधिक से अधिक सदस्यों को भाग लेने का अनुरोध किया। बांठिया ने 31 मार्च तक के आय व्यय की जानकारी दी, कोषाध्यक्ष महावीर बोकडिया ने 30 जून को सदस्यों को शुल्क जमा कराने का अनुरोध किया ताकि गोल्डन जुबली समारोह के पश्चात नियत समय में बालोतरा केंद्र के चुनाव कराए जा सकें। गुजरात अहमदाबाद में हुए दर्दनाक विमान हादसे में दिवंगत आत्माओं को 2 मिनट का मौन रखकर श्रद्धांजलि अर्पित की गई। इन अवसरों पर जोन सचिव वीर जवेरीलाल मेहता, वीर हीरालाल प्रजापति, वीर महावीर बोकडीया, वीर चंद्रप्रकाश गुप्ता, वीर रमेश त्रिवेदी, वीर सुरेश गोठी, वीर गौतम दांती, MIF वीर धनराज चोपड़ा, अन्तर्राष्ट्रीय उपाध्यक्ष वीर ओम बांठिया, सचिव वीर दलपत जैन, सह कोषाध्यक्ष वीर रमेश चोपड़ा, संगठन मंत्री वीर हीरालाल प्रजापति, वीर चतुर्भुज रंगवाला, वीर गौतम दांती, वीर भंवरलाल भंडारी, वीर संदीप डागा आदि सदस्यों की उपस्थिति रही।


## धरती के रक्षक पेड़




## जालोर-सिरोही संभाग

### महावीर इंटरनेशनल सुमेरपुर शिवगंज केंद्र "कपड़े की थैली मेरी सहेली" कार्यक्रम एवं रक्तदान शिविर आयोजन

**महावीर इंटरनेशनल सुमेरपुर शिवगंज केंद्र** द्वारा शीतल जल सेवा (प्याऊ) के उद्घाटन समारोह का आयोजन किया गया। 5 जून को विश्व पर्यावरण दिवस पर "कपड़े की थैली मेरी सहेली, प्लास्टिक को ना कहें, कपड़े की थैली अपनाएं" स्लोगन के तहत मंगल कलश चौराहा पर कपड़े की थैलियां वितरित की गयी। केंद्र ने आमजन को नि:शुल्क थैलियां देकर प्लास्टिक के उपयोग को कम करने और पर्यावरण के प्रति जिम्मेदारी बढ़ाने का संदेश दिया। केंद्र चेयरमैन वीर पंकज जैन ने नागरिकों से अपील की कि वे रोजमर्रा की जिंदगी में प्लास्टिक का त्याग करें और कपड़े की थैलियों का उपयोग करें। कार्यक्रम का संचालन सचिव वीर मुकेश कुमार ने किया। 15 जून को एक दिवसीय नि:शुल्क स्वास्थ्य परामर्श एवं रक्तदान शिविर का आयोजन तखतगढ़ स्थित शिवम् हॉस्पिटल में किया गया। शिविर में क्षेत्र के नागरिकों को स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान की गई, जिसमें 80 से अधिक मरीजों का नि:शुल्क स्वास्थ्य परीक्षण किया गया तथा 19 यूनिट रक्त का संग्रहण सफलतापूर्वक किया गया। इस सेवा कार्य में विभिन्न विशेषज्ञ डॉक्टरों ने अपनी सेवाएं प्रदान कीं जिनमें डॉ. सौनक सुराणा, डॉ. अमोल सर, डॉ. प्रिया नायक, डॉ. मनीष जोशी, डॉ. निमेष पुरोहित, डॉ. जितेश शर्मा एवं डॉ. एस. चौधरी प्रमुख रहे। डॉक्टरों ने न सिर्फ परामर्श दिया बल्कि आवश्यक दिशा-निर्देश भी मरीजों को दिए। कार्यक्रम के अंत में सभी रक्तदाताओं और चिकित्सकों को संस्था की ओर से सम्मानित किया गया। शिविर के माध्यम से एक सकारात्मक संदेश पूरे क्षेत्र में गया और समाज के सभी वर्गों ने इसकी सराहना की। शिविर का सफल संचालन एवं समन्वय शिवम् हॉस्पिटल के सहयोग से संपन्न हुआ। इन अवसरों पर केंद्र चेयरमैन वीर सीए पंकज जैन, सचिव वीर सीए मुकेश कुमार, कोषाध्यक्ष वीर सुरेन्द्र अग्रवाल, वीर माधव दवे, वीर अनिल जैन, वीर पंकज अग्रवाल, वीर दिलीप अग्रवाल, वीर वरुण गोयल, वीर नरेश सांखला, वीरा शालू गोयल, वीरा स्वाति अग्रवाल, वीरा निक्षिता दवे आदि सदस्यों की उपस्थिति रही।





**"कपड़े की थैली मेरी सहेली" कार्यक्रम एवं रक्तदान शिविर आयोजन**

# रीजन-7

## भोपाल संभाग

### महावीर इंटरनेशनल संकल्प बैतूल केंद्र विभिन्न सेवा गतिविधियों का आयोजन

**महावीर इंटरनेशनल संकल्प बैतूल केंद्र** द्वारा बालिका स्वास्थ्य एवं सुरक्षा योजना के अंतर्गत शासकीय जयवंती हक्सर महाविद्यालय के छात्रावास में छात्राओं के लिए सेनेटरी हाइजीन



वृक्षारोपण कार्यक्रम

जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में बैतूल की प्रसिद्ध महिला चिकित्सक डॉ. दीप्ति राठी ने 90 छात्राओं को स्वास्थ्य से जुड़ी समस्याओं और उनके उपचार की जानकारी दी। शिविर के दौरान छात्राओं ने खुलकर डॉ. दीप्ति से अपनी स्वास्थ्य संबंधी चिंताओं पर चर्चा की और उनके समाधान के बारे में जाना। इस अवसर पर सभी छात्राओं को सेनेटरी नैपकिन वितरित कर उसके समुचित उपयोग सम्बंधित जानकारी दी। 20 मई को दूर जैन नवयुवक मंडल के सहयोग से जिला अस्पताल बैतूल के अनुरोध पर रक्तदान शिविर आयोजित किया गया। लगभग 26 यूनिट रक्त एकत्रित किया गया। केंद्र ने रक्तदाताओं को बिस्कुट वितरित किए। जैन नवयुवक मंडल ने रक्तदाताओं को माजा एवं लीची का जूस वितरित किया। सभी रक्तदाताओं को जिला अस्पताल से प्रमाण पत्र दिए गए। 9 जून को वात्सालय, गर्भावस्था से शिशु अवस्था तक कार्यक्रम के तहत आयुष्मान आरोग्य मंदिर (एक सरकारी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र) बैतूल बाजार में वीरा सरला तातेड़, वीरा पूनम मेहता, वीरा राजुल शाह, वीरा जूली रांका और वीरा प्रतिभा लुहाड़िया ने प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र का दौरा किया। वीरा सरला और वीरा जूली ने ड्यूटी डॉक्टर डॉ. तिवारी और फार्मासिस्ट मनीष जी को महावीर इंटरमीडियल संगठन के बारे में जानकारी दी। वीरा पूनम, वीरा प्रतिभा और वीरा राजुल ने गर्भवती महिलाओं को पौष्टिक भोजन, स्वच्छता, योग के लाभ, प्रसव पूर्व और प्रसव पश्चात देखभाल और गर्भावस्था से शिशु अवस्था तक की यात्रा को सहज बनाने के लिए सकारात्मक विचार प्रक्रिया के बारे में मार्गदर्शन किया। डॉ. तिवारी ने इस परियोजना और इसके उद्देश्य की सराहना की। सत्र में उपस्थित महिलाओं को दलिया के 40 पैकेट वितरित किए गए। साथ ही वीराओं द्वारा बेबी फीडिंग बूथ बैतूल बाजार का भी आकस्मिक निरीक्षण किया गया। वीरा सरला ने मंदिर प्रबंधन को फीडिंग बूथ की स्वच्छता की स्थिति में सुधार करने और मंदिर क्षेत्र में फीडिंग बूथ की उपलब्धता को इंगित करने के लिए विभिन्न स्थानों पर कुछ बैनर लगाने का सुझाव दिया। 13 जून को देवश्री विहार कॉलोनी में वीरा मंगला गोठी द्वारा वृक्षारोपण और अगली परियोजनाओं की योजना बनाने के लिए मासिक बैठक का आयोजन किया गया। मंगलाजी के प्लॉट के पास 20 फलों के पेड़ लगाए गए। उन्होंने पौधों की देखभाल की जिम्मेदारी ली। इन विभिन्न अवसरों पर केंद्र चेयरपर्सन वीरा पूनम मेहता, वीरा सरला शांतिलाल तातेड़, वीरा प्रतिभा लुहाड़िया, वीरा जूली रांका, वीरा ममता मिरानी, वीरा सरिता गोठी, वीरा मंजु गोठी, वीरा कृष्णा जैन, वीरा शर्मिला, वीरा अंशु, वीरा सुनंदा, वीरा मीनाक्षी, वीरा राजुल, वीरा हंसा, वीरा श्वेता, वीरा जूही, वीरा जलपा, वीरा मंगला, वीरा नीता, वीरा रूपल उपस्थित रही।

## इंदौर-उज्जैन संभाग

### महावीर इंटरनेशनल इंदौर केंद्र नेत्र जांच शिविर का आयोजन

**महावीर इंटरनेशनल इंदौर केंद्र** द्वारा देवास के निकट पाटेगांव गांव में नेत्र जांच शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें आनंदम नेत्रालय, इंदौर द्वारा महावीर इंटरनेशनल दिल्ली केंद्र के निर्देशन में CSR के तहत पेट्रोनेट एलएनजी से



नेत्र जांच शिविर का आयोजन

प्राप्त नेत्र जांच मशीन की सहायता ली गई। शिविर में कुल 70 नेत्र जांच किए गए।

### महावीर इंटरनेशनल उज्जैन केंद्र बेबी किट एवं भोजन वितरण कार्यक्रम

**महावीर इंटरनेशनल उज्जैन केंद्र** द्वारा 25 मई एवं 8 जून को सरकारी चरक अस्पताल उज्जैन में निर्धन परिवार के जन्में बच्चों को इंफेक्शन से बचाव हेतु सप्ताह बेबी किट का वितरण नि:शुल्क किया गया। केंद्र द्वारा संचालित महावीर भोजनशाला में श्री सुशीलजी गिरिया की पुण्य तिथि पर परिवार एवं प्रपौत्र सुहान बनी हिंगड़ के जन्मदिन के अवसर पर मोहन देवी





बेबी किट एवं भोजन वितरण कार्यक्रम

राजेन्द्र हिंगड़ परिवार द्वारा मिष्ठान सहित भोजन सेवा प्रदान की गयी।

### महावीर इंटरनेशनल उद्भव केंद्र इंदौर
### रक्तदान शिविर का आयोजन

**महावीर इंटरनेशनल उद्भव केंद्र इंदौर एवं महावीर इंटरनेशनल इंदौर केंद्र के संयुक्त तत्वावधान में** मोरया सेंटर रेसकोर्स रोड, इंदौर



रक्तदान शिविर का आयोजन

में सोडानी डायग्नोस्टिक सेंटर इंदौर की मदद से रक्तदान शिविर का आयोजन किया। एम.वाई. हॉस्पिटल इंदौर के ब्लड बैंक द्वारा कुल 23 यूनिट रक्त एकत्रित किया गया। वीर राकेश नाहर, वीर प्रदीप टोंगिया और वीरा अनीता टोंगिया ने भी रक्तदान किया।

# रीजन-8

## सेंट्रल महाराष्ट्र संभाग

### महावीर इंटरनेशनल मैजिक वीरा केंद्र
### शिक्षण हेतु आर्थिक मदद

**महावीर इंटरनेशनल मैजिक वीरा केंद्र** के अंतर्गत 29 मई को घाटी हॉस्पिटल में लगभग 100 नवजात शिशुओं को बेबी किट का वितरण किया गया। 10 जून को वीरा




शिक्षण हेतु आर्थिक मदद

रंजु जैन, वीरा दर्शु, वीरा रीता भाभी एवं वीरा संगीता ओसवाल इन लोगों ने ड्रीमलैंड इंग्लिश स्कूल में जाकर मनस्वी की छह महीने की फीस (राशि-11000/-) भरी। इन अवसरों पर चेयरपर्सन वीरा वैशाली देवड़ा, सचिव वीरा रूपाली चोरड़िया, वीरा दीपिका भंडारी, वीरा राधिका वेलांगी, वीरा रंजू, वीरा रिता, वीरा सारिका उपस्थित रही।

## गुजरात संभाग

### महावीर इंटरनेशनल सूरत केंद्र
### छाछ वितरण कार्यक्रम

**महावीर इंटरनेशनल सूरत केंद्र** द्वारा 11 मई को सूरत के मजूरागेट स्थित बजे न्यू सिविल



छाछ वितरण कार्यक्रम

हॉस्पिटल परिसर में 600 थैली छाछ का वीर सुरेश गांधी के आर्थिक सहयोग से वितरण किया गया। 18 मई को सूरत के मजूरागेट स्थित बजे न्यू सिविल हॉस्पिटल परिसर में 600 थैली छाछ का वीर कैलाश जैन के आर्थिक सहयोग से वितरण किया गया। कार्यक्रमों में केंद्र चेयरमैन वीर अनिल बरड़िया, सचिव वीर हस्तीमल बांठिया, शाखा के संस्थापक अध्यक्ष डॉ. रोशन बापना, वीर सुरेश गांधी, वीर कमलेश बाफना, वीर समता बरडिया, वीर जयंतीलाल कोठारी आदि वीर-वीरा मौजूद रहे।

### महावीर इंटरनेशनल मॉडल टाउन सूरत केंद्र
### शीतल शरबत वितरण का आयोजन

**महावीर इंटरनेशनल मॉडल टाउन सूरत केंद्र** द्वारा 6 जून को निर्जला एकादशी के शुभ दिवस पर शीतल शरबत वितरण का आयोजन



शीतल शरबत वितरण का आयोजन

लाभार्थी परिवार स्वर्गीय श्री नेमीचंद बोहरा के 24वीं पुण्यस्मृत्ति के निमित रिंग रोड पर स्थित सूरत टेक्सटाइल मार्केट के बाहर रखा गया। जिसमे लाभार्थी परिवार श्रद्धेय मातुश्री मांगीदेवी श्रद्धेय श्री नेमीचंद जी, श्रीमती विमला देवी श्री जगदीश बोहरा, रक्षा-राहुल, ऋषभ, वीरांश बोहरा परिवार ने लाभ लिया। शीतल शरबत का वितरण सड़क पर गुजरते हुए, गर्मी से बेहाल राहगीरों को किया गया। अन्तर्राष्ट्रीय उपाध्यक्ष वीर गणपत भंसाली ने कहा कि इस भीषण गर्मी में संस्था द्वारा और लाभार्थी परिवार के सहयोग से शीतल शरबत का वितरण किया गया। कार्यक्रम में सूरत टेक्सटाइल मार्केट के अध्यक्ष श्री राजू भाई ओरड़िया और उनकी टीम का भी सानिध्य केंद्र को प्राप्त हुआ। गवर्निंग काउंसिल मेंबर वीर रमेश बोहरा का भी सानिध्य प्राप्त हुआ।

## महावीर इंटरनेशनल वीरा अभिलाषा सूरत केंद्र
## पौधारोपण कार्यक्रम

**महावीर इंटरनेशनल वीरा अभिलाषा सूरत केंद्र** द्वारा विश्व पर्यावरण दिवस के उपलक्ष्य में महिलाओं द्वारा "मेरा पर्यावरण मेरी जिम्मेदारी" के तहत सूरत रेलवे स्टेशन के पास वृक्षारोपण किया गया। वीरा सरिता कुकडा ने जानकारी देते




**पौधारोपण कार्यक्रम**

हुए कहा कि पेड़ लगाना यह न केवल हमारे पर्यावरण की रक्षा करता हैं बल्कि मानव जीवन के लिए भी अत्यंत आवश्यक हैं। सेक्रेटरी वीरा कविता दक एवं कोषाध्यक्ष वीरा प्रेमा लोसर ने अपने विचार व्यक्त किए। इस कार्य मे रेलवे के फिल्म डायरेक्टर वीरा दीपक मिठाई, रैना के स्टेशन सुपरिटेंडेंट अश्वनी वर्मा, संजय झा, CMI आनंद शर्मा, मेंबर के साथ डॉ. अनामिका तलेसरा, रेणु बोकडिया, संजु मांडोत, प्रियंका कोठारी, चंदा काठेड, चंदा बंबकी, हेमा बम्ब, मंजू बाफना, मंजू बाबेल, रेखा आचंलिया, चेतना हिरण उपस्थित रहे। केंद्र द्वारा एरिका के 10 पौधे, चंपा के 10 पौधे, आम के 15 पेड़, अशोका के 7 पेड़, अमरूद के 7 पेड़ और 10 बड़े गमले भी दिये।

## महावीर इंटरनेशनल वीरा दृष्टि, सूरत
## "जीवन बसंत" का आयोजन

**महावीर इंटरनेशनल वीरा दृष्टि केंद्र** द्वारा जीवंत ऊर्जा, जोश एवं खुशी का संचार करने के लिए समर मीट का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में ज्ञान, हंसी, मस्ती और कुल मनोरंजन का एक आदर्श मिश्रण रहा। कार्यक्रम की विशेष अतिथि, प्रसिद्ध टैरो और अंकशास्त्र कोच मानसी देसाई ने टैरो और अंकशास्त्र पर आकर्षक अंतर्दृष्टि और व्यावहारिक सुझाव साझा किए। उनके द्वारा दिए गए गहन और आध्यात्मिक ज्ञान से हर कोई मंत्रमुग्ध हो गया, जिससे जीवन और ऊर्जा पर नए दृष्टिकोण प्राप्त हुए। इसके अलावा हंसी गुरु, वीरा अलका सांखला ने अपने संक्रामक हास्य और उच्च ऊर्जा से सभी को इतना हंसाया कि उनके गाल दुखने लगे, जिससे पूरे समय एक आनंदमय माहौल बना रहा। इसके बाद रोमांचक हाउसी गेम से लेकर आश्चर्यजनक उपहार और गतिविधियों का यह कार्यक्रम बिना रुके मस्ती और उत्साह से भरा हुआ था। पूरा आयोजन स्थल खुश चेहरों, सेल्फी, स्टाइलिश रील और कैंडिड कैप्चर से गुलजार रहा। केंद्र






**"जीवन बसंत" का आयोजन**

एवं प्रेक्षा फाउंडेशन के संयुक्त तत्वावधान में 31 मई को वनिता विश्राम, सूरत में वरिष्ठ नागरिकों के लिए एक विशेष कार्यक्रम "जीवन बसंत" का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य था। "स्वस्थ रहें, मस्त रहें" जिसमें प्रेक्षा ध्यान, योग और खुश रहने की कला पर विशेष सत्र आयोजित किए गए। करीब 250 वरिष्ठ लोगों की सम्माननीय उपस्थिति में प्रार्थना के साथ कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। मुख्य वक्ता वीरा अलका सांखला और उनकी टीम ने प्रेक्षा ध्यान की सरल, सहज और प्रभावशाली विधियां साझा कीं, जिससे मानसिक शांति और शारीरिक स्वास्थ्य दोनों प्राप्त किया जा सकता हैं। वरिष्ठ प्रशिक्षक गौतम जी गाडिया के योग प्रयोगों ने उपस्थितजनों को दैनिक दिनचर्या में योग को अपनाने के लिए प्रेरित किया। वीर अर्जुन मेढतवाल की चार प्रेरणादायक पंक्तियां हृदय को छू गई और सभी को नए उत्साह से भर दिया। वीरा रेणु नाहटा ने प्रेक्षा ध्यान क्या हैं, इसकी उपयोगिता एवं व्यक्तिगत अनुभव साझा करते हुए इसे जीवन में उतारने का आग्रह किया। वीरा निशा सेठिया की खुशियों की बरसात ने हॉल को सजीव आनंद से सराबोर कर दिया। वही वीरा रेखा धलावत ने आत्म-ध्यान की प्रक्रिया में सहभागियों को सशक्त मेडिटेशन का अनुभव कराया। दो घंटे चले इस कार्यशाला में वीरा आरती सुनावत ने रोचक प्रश्नोत्तरी एवं उपहार वितरण के माध्यम से कार्यक्रम को और भी उत्साहपूर्ण बना दिया। वीरा पुष्पा पोखरना, वीरा पायल सेखानी, वीरा रितु बराड़िया सहित सभी कार्यकर्ताओं का सहयोग सराहनीय रहा। अंत में "जीवन बसंत" समिति के हरीश

भाई ने सभी अतिथियों, वक्ताओं एवं सहभागी वरिष्ठ नागरिकों का हार्दिक स्वागत व आभार व्यक्त किया और सभी के जीवन में सुख, शांति व स्वास्थ्य की कामना की। यह कार्यक्रम वास्तव में वरिष्ठजनों के जीवन में नव बसंत की अनुभूति कराने वाला रहा।

## मुंबई संभाग

### महावीर इंटरनेशनल मुंबई केंद्र विभिन्न सेवा गतिविधियों का आयोजन

**महावीर इंटरनेशनल मुंबई केंद्र** द्वारा 23 मई को स्वर्गीय श्री रतन चंद जी बाफना की स्मृति में शुभचिंतक द्वारा श्री वर्धमान जागृति युवक मंडल, ओपीपी में भोजन और फल वितरण का आयोजन किया। 30 मई को वीर प्रेमचंदजी शा गोलिया की पोती श्रीमती शिवानी गोलिया मेहता के जन्मदिन के शुभ अवसर पर के.ई. एम. ब्लड बैंक, के.ई.एम. अस्पताल, परेल में एक रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में 48 यूनिट रक्त एकत्रित किया गया। 2 जून को सभी बुजुर्गों की स्मृति में वीर कंवरलाल डागा-वीरा विजयादेवी डागा और सुरेंद्र कुमार डागा परिवार द्वारा अशोक सिंघल रुग्ना सेवा सदन में एक खाद्य वितरण शिविर का आयोजन किया गया। केंद्र द्वारा 11000 वृक्षारोपण के संकल्प को पूरा करने की शुरुआत 17 मई को भूमि पूजन के साथ हुई। यह पुनीत कार्यक्रम जेएनपीटी के गेट के पास प्रथम प्लॉट पर सुचारु रूप से किया गया। विश्व पर्यावरण दिवस 5 जून के उपलक्ष्य पर पुन: जेएनपीटी में वृक्षारोपण दिवस मनाया गया व पर्यावरण के





**वृक्षारोपण कार्यक्रम एवं चिकित्सा शिविर का आयोजन**

प्रति अपनी भागीदारी को सुनिश्चित करते हुये वीर विजय सिंह बापना, वीर सुरेश बापना, वीर इंदरचंद डागा, वीर सचिन सिंघवी, वीर डॉ. कमल गोलिया, श्रीमती कपिला चंदन, श्रीमती पौला गोयल, श्रीमती दीप्ती राजदा, श्री निमेष संघराजका, श्रीमती वर्षा कोचर, श्रीमती शिवानी मेहता, श्रीमती श्वेता डुगर, यशा गोलिया एवं टीम ने उपस्थिति दर्ज की। सभी सहयोगियों सदस्यों व कार्यकर्ताओं ने प्रथम चरण में 5500 पौधों का वृक्षारोपण कार्यक्रम को सफल बनाया। 6 जून को भारतीय रेलवे के सहयोग से मुंबई सेंट्रल स्टेशन पर इंजन गार्डन और उसके आस-पास के बगीचे में एक भव्य वृक्षारोपण अभियान का आयोजन करके विश्व पर्यावरण दिवस को गर्व से मनाया। कुल 100 पेड़ और झाड़ियां लगाई गई। यह हरित पहल वृक्षारोपण और कार्यान्वयन भागीदार - नेचर क्रूसेड के समर्पित समर्थन से क्रियान्वित की गई। 8 जून को स्वर्गीय श्री शांतिप्रसाद जैन की स्मृति में श्री जैन सेवा संघ द्वारा प्रायोजित मनुभाई शाह मेडिकल एंड रिसर्च सेंटर, बॉम्बे कॉटन मिल्स एस्टेट, तुकाराम भीकाजी कदम मार्ग, मूलचंद चौक, काला चौकी मुंबई 400 033 में चिकित्सा शिविर का आयोजन किया। शिविर में 250 से अधिक मरीजों का इलाज किया गया। 14 जून को ईएमयू कारशेड महालक्ष्मी, पश्चिम रेलवे, मुंबई 400 013 में स्वर्गीय श्रीमती मांगीदेवी की स्मृति में वीरा मंजू-वीर पारसमल गोलेचा, वीरा निल्पा-वीर महेंद्र गोलेचा द्वारा प्रायोजित रक्तदान शिविर का आयोजन किया। इस शिविर में 151 यूनिट रक्त एकत्र किया। उक्त अवसरों पर वीर राजेंद्र सिंघवी, वीर कमल खाबिया, वीरा सरोज खाबिया, वीर सौरभ सिंघवी, वीरा ललिता सिंघवी, वीर रणजीत मेहता, वीरा निशिका सिंघवी, वीर प्रेमचंद गोलिया, वीर सुरेश बापना, वीर कंवरलाल डागा, वीरा विजयादेवी डागा, वीर अंकित बेताला, वीरा निकिता बेताला, वीर विपुल जानी, वीर शांतिलाल कवर, वीरा सुशीला कवर, वीर रिकबचंद बोथरा, वीरा कांता बोथरा, वीर नवरतन पारख, वीर रितेश पोरवाल, वीर इंदर डागा आदि वीर-वीरा सदस्यों की गरिमामय उपस्थिति रही।

### महावीर इंटरनेशनल नई मुंबई केंद्र पौधारोपण कार्यक्रम

**महावीर इंटरनेशनल नई मुंबई केंद्र** द्वारा 5



**पौधारोपण कार्यक्रम**

जून को विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर वृक्षारोपण कार्यक्रम सानपाडा पाम बीच रोड पर किया गया। केंद्र चेयरमैन वीर डॉ. बलवंत चोरड़िया ने बताया कि खास दिवस पर विभिन्न प्रकार के पेड़ तुलसी, गेंदा, बरगद एवं छायादार पेड़ लगाए गए। कार्यक्रम में मुख्य उपस्थिति उपाध्यक्ष वीर प्रकाश संचेती, सचिव वीर मनीष जैन, वीर सुनील छाजेड, वीर मोहन जैन, वीर डॉ. विपुल लोढ़ा, वीरा सीमा चोरड़िया, वीरा निव्या जैन उपस्थित रहे।

### महावीर इंटरनेशनल पवई केंद्र पौधारोपण कार्यक्रम

**महावीर इंटरनेशनल पवई केंद्र** द्वारा 8 जून को अन्तर्राष्ट्रीय पर्यावरण दिवस के अंतर्गत मुरब्बाद तालुका के शेलारी गांव में 30 पेड़ों का सफल रोपण किया। केंद्र चेयरमैन वीर अमित जैन एवं



पौधारोपण कार्यक्रम

सचिव वीर विनोद कुमट के साथ सदस्य वीर भूपेन्द्र शाह, वीर गौरांग चन्द्रा, वीरा सरिता कुमट और वीरा इशिका जैन इस सफल आयोजन में सम्मिलित हुए।

## रीजन-9

## महाकौशल संभाग

### महावीर इंटरनेशनल बालाघाट केंद्र नेत्र जांच शिविर एवं भोजन वितरण कार्यक्रम

**महावीर इंटरनेशनल बालाघाट केंद्र, महावीर युवा मंडल, सत्य साई सेवा समिति श्रीमती मीना जी चावड़ा की टीम के संयुक्त तत्वावधान में** अस्पताल में 700 से अधिक



नेत्र जांच शिविर एवं भोजन वितरण कार्यक्रम

लोगों को भोजन प्रसादी, 300 से अधिक नेत्र परीक्षण, 35 मोतियाबिंद ऑपरेशन के मरीज चिन्हित, चश्में, आई ड्रॉप, दवा, छाछ वितरण किए गए। इस अवसर पर सिविल सर्जन निलय जैन, स्थानकवासी जैन, श्रावक संघ उमेश जी जैसवाल की केटरिंग, साईं डेकोरेशन एवं सभी की उपस्थित रही एवं वैद्य परिवार का सहयोग रहा।

### महावीर इंटरनेशनल लामता केंद्र नेत्र जांच शिविर का आयोजन

**महावीर इंटरनेशनल लामता केंद्र** द्वारा नेत्र



नेत्र जांच शिविर का आयोजन

जांच शिविर आयोजित किया गया जिसमें 5 मरीज ऑपरेशन हेतु जबलपुर भेजे गए।

### महावीर इंटरनेशनल लालबर्रा केंद्र नेत्र जांच शिविर का आयोजन

**महावीर इंटरनेशनल लालबर्रा केंद्र** द्वारा नेत्र जांच शिविर आयोजित किया गया जिसमें 68



नेत्र जांच शिविर का आयोजन

मरीजों की नेत्र जांच की गयी जिनमें से 10 मरीजों को मोतियाबिंद के ऑपरेशन हेतु मरीज जबलपुर भेजा गया।

### महावीर इंटरनेशनल वारासिवनी केंद्र नि:शुल्क मोतियाबिंद ऑपरेशन, नेत्र, चश्मा एवं दवा वितरण शिविर का आयोजन

**महावीर इंटरनेशनल वारासिवनी केंद्र एवं महावीर इंटरनेशनल बालाघाट केंद्र के संयुक्त तत्वावधान में** 23 मई को टिहली भाई विद्यालय में नि:शुल्क मोतियाबिंद ऑपरेशन, नेत्र जांच एवं चश्मा दवा वितरण शिविर का आयोजन किया गया जिसमें 178 मरीजों की नेत्र



नि:शुल्क मोतियाबिंद ऑपरेशन, नेत्र, चश्मा एवं दवा वितरण शिविर का आयोजन

जांच की गई जिसमें 43 मोतियाबिंद के मरीज चिन्हित किए गए। जिन्हें दिनांक 24 मई को आपरेशन के लिए जबलपुर भेजा जाएगा तथा अन्य मरीजों को चश्मा एवं आई ड्रॉप वितरण किया गया। शिविर में अन्तर्राष्ट्रीय उपाध्यक्ष वीर तरूण सुराना, केंद्र चेयरपर्सन वीरा रीना कासल, वीर विनय सुराना, वीर संजय कासल, वीर प्रायोक पवन, वीर राजेन्द्र यादव, डॉ. गजभिए नेत्र सहायक विकास विश्वकर्मा तथा गणमान्य सभी ने अपना सहयोग प्रदान किया।

## विदर्भ संभाग

### महावीर इंटरनेशनल यवतमाल केंद्र वृक्षारोपण कार्यक्रम

**महावीर इंटरनेशनल यवतमाल केंद्र** द्वारा विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर गोधनी रोड स्थित ऑक्सीजन पार्क में पदाधिकारियों और सदस्यों की उपस्थिति में वृक्षारोपण किया गया। केंद्र चेयरमैन वीर प्रवीण निमोदिया ने पर्यावरण के महत्व की जानकारी देते हुए, प्रत्येक नागरिक से एक पेड़ लगाने और उसकी देखभाल करने की अपील की। सचिव वीर शोभाताई दोडेवार



**वृक्षारोपण कार्यक्रम**

ने अपने विचार व्यक्त किए। वही, शेखर बंड ने पृथ्वी के संरक्षण के लिए प्लास्टिक प्रदूषण को समाप्त करने और इसकी शुरुआत स्वयं से करते हुए जन आंदोलन के माध्यम से नागरिकों को समझाना आवश्यक बताया। कार्यक्रम में वन विभाग के कर्मचारी विजय तिडके, लक्ष्मण मडावी, मुसे झीलपे, दिलीप शिरभाते, और योगेश वंजारी ने सहयोग प्रदान किया। केंद्र से वीर हर्षल एंबरवार, वीर रवि निमोदिया, वीर शरद निमोदिया, वीर उज्वलाताई भाविक, वीरा आरती कामघंटे, और वीरा तृप्ती सांमृतवार उपस्थित रहे।

# रीजन-10

## आँध्रप्रदेश-ओडिशा संभाग

### महावीर इंटरनेशनल लेडीज क्लब विशाखापटनम केंद्र "कपडे की थैली मेरी सहेली" कार्यक्रम का आयोजन

**महावीर इंटरनेशनल लेडीज क्लब विशाखापटनम केंद्र** द्वारा 1 मई से 31 मई तक चलने वाले महीने भर के छाछ वितरण प्रोजेक्ट में जरूरतमंद लोगों को 8000 से अधिक छाछ के पैकेट वितरित किए गए। 31 मई को केंद्र द्वारा "कपड़े की थैली मेरी सहेली" पर्यावरण अनुकूल परियोजना शुरू की हैं, जिसका उद्देश्य हमारे ग्रह को बचाना हैं, खासकर उन जानवरों



**"कपडे की थैली मेरी सहेली" कार्यक्रम का आयोजन**

को जो अक्सर प्लास्टिक को भोजन के रूप में खाते हैं, जिससे कई तरह की स्वास्थ्य संबंधी समस्याएं होती हैं और यहां तक कि उनकी मृत्यु भी हो जाती हैं। कई दुकानों पर केंद्र चेयरपर्सन वीरा सुनीता राखेचा ने मेडिकल सप्लाई, किराने का सामान, कपड़े और सड़क किनारे के विक्रेताओं की दुकानों सहित कपड़े के थैले का उपयोग करने के बारे में जागरूकता फैलाई और 100 कपड़े के थैले वितरित किए। 5 जून को विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर सांधारणीय जीवन को बढ़ावा देने की पहल के तहत 100 और कपड़े के थैले तैयार किए गए, जिन्हें जागरूकता फैलाने और पर्यावरण के अनुकूल विकल्पों के उपयोग को प्रोत्साहित करने के लिए 100 अलग-अलग स्थानों पर वितरित किए गए। साथ ही PAPA होम्स (स्ट्रीट चिल्ड्रेन के लिए सार्वजनिक और पुलिस एसोसिएशन) में न्यूज पेपर से पेपर बैग बनाने पर दो दिवसीय (10 और 11 जून) कार्यशाला आयोजित की। इसमें 30 बच्चों और केंद्र के कुछ सदस्यों ने बैग बनाना और प्लास्टिक के उपयोग को कम करना भी सीखा। केंद्र द्वारा बच्चों को 160 मीटर यूनिफॉर्म कपड़ा भी दान किया गया।

## तमिलनाडू-केरला संभाग

### महावीर इंटरनेशनल चेन्नई मेट्रो केंद्र नि:शुल्क नेत्र एवं सामान्य जांच शिविरों का आयोजन

**महावीर इंटरनेशनल चेन्नई मेट्रो केंद्र** द्वारा विभिन्न तिथियों पर विभिन्न भामाशाओं के सहयोग से नि:शुल्क नेत्र एवं सामान्य जांच शिविरों का आयोजन किया गया। शिविरों में 1057 मरीजों की आंखों की जांच की गई जिसमें से 97 मरीजों की आंखों में मोतियाबिंद पाया गया जिनकी सर्जरी करवाई जाएगी। 681 मरीजों को चश्में बनाकर दिए गए। 486 मरीजों की रक्तचाप व मधुमेह जांच की गई। 131 मरीजों को आंखों की दवाई का वितरण किया गया। वीर सुरेश सिंघवी द्वारा 25 लोगों ने एक्यूप्रेशर का लाभ लिया। इन अवसरों पर चेयरमैन वीर ज्ञानचंद कोठारी, सचिव वीर दिलीप मेहता, आई कैम्प डाइरेक्टर वीर पूनमचंद मांडोत, वीर



**नि:शुल्क नेत्र एवं सामान्य जांच शिविरों का आयोजन**

मदनलाल डुंगरवाल, वीर माणकचन्द रांका, वीर उगमराज डागा, वीर तेजमल संचेती, वीर आदेश बोहरा, वीरा रेखा बोहरा, वीरा इंद्राबाई वेदमुथा, वीरा ललिता बाई नाहर, वीरा सीमा बाई लुंकर, वीर सूरज बोहरा, वीर भवरलाल, वीर श्रावणगिरी, वीर अशोक, वीर दिलीप जैन, वीर सूंदर वेद मुथा, वीर प्रकाशचंद बोथरा, वीर कमलचंद छाजेड, वीर सज्जनराज सिंघवी, वीर नेमी चंद कोठारी, वीर महावीर खाबिया, वीर प्रकाश भण्डारी, वीर पुखराज चौधरी, वीर घनश्याम शर्मा, वीर रुपेश जैन, वीर राजुदास आदि वीर-वीरा सदस्यों की उपस्थिति रही।

## महावीर इंटरनेशनल चेन्नई नोर्थ टाउन केंद्र भोजन वितरण कार्यक्रम

**महावीर इंटरनेशनल चेन्नई नोर्थ टाऊन केंद्र** द्वारा 18 मई को अड़ियार स्थित अड़ियार कैंसर इंस्टीट्यूट में 100 पुरुष और महिलाओं को अन्नदानम के तहत दोपहर का खाना वीर धर्मीचन्द, वीर संजय कुमार सुराणा परिवार के सहयोग से खिलाया गया। उसमें 62 रोगियों को रूमाल भी वितरीत किए गए। 8 जून को नेसपाक्कम स्थित पच्चौमाल वृद्धाश्रम में अन्नदानम के तहत नाश्ता कराया गया। श्री




भोजन वितरण कार्यक्रम

धर्मीचन्द जी रांका की प्रथम पुण्यतिथि के उपलक्ष्य में सभी 40 वृद्धों को पारसमल रोशन रांका, नोर्थ टाऊन परिवार के सहयोग से मिष्ठान के साथ नाश्ता खिलाया गया। कार्यक्रमों में अन्तर्राष्ट्रीय उपाध्यक्ष वीर ज्ञानचंद कोठारी, सचिव वीर रमेश नाहटा, वाईस चेयरमैन वीर शांतिलाल चौधरी, सह सचिव वीर महावीरचन्द सबदडा, वीर निर्मल तातेड ने मुख्य सेवाएं दी।

## महावीर इंटरनेशनल चेंगलपेट केंद्र नि:शुल्क नेत्र जांच शिविर का आयोजन

**महावीर इंटरनेशनल चेंगलपेट केंद्र एवं महावीर इंटरनेशनल चेन्नई मेट्रो केंद्र के संयुक्त तत्वावधान में** चेंगलपेट स्थिति जैन भवन में 28 मई को 2848वां नि:शुल्क नेत्र जांच शिविर आयोजित किया गया। शिविर में अग्रवाल आई अस्पताल की चिकित्सकिय टीम ने 100 मरीजों की आंखों की जांच की जिनमें 18 मरीजों की आंखों में मोतियाबिंद पाया गया जिनका नि:शुल्क ऑपरेशन करवाया जाएगा साथ ही 60 जनों को चश्में बनाकर दिए जाएंगे। 44 मरीजों की बीपी, शुगर की जांच भी की गयी। 17 लोगों को आंखों की दवाई वितरित की गई। शिविर में वीर अजीत चोरड़िया, वीर पदमचंद सिंघवी, विमलचंद सिंघवी, मोहनलाल गड़वानी, जितेन्द्र मकना, बालू कुमार, दिलीप जैन का सहयोग सराहनीय रहा।

# तेलंगाना संभाग

## महावीर इंटरनेशनल अभ्युदय केंद्र भोजन वितरण कार्यक्रम

**महावीर इंटरनेशनल अभ्युदय केंद्र** द्वारा विभिन्न तिथियों पर निलोफर अस्पताल, गांधी हॉस्पिटल एवं कोठी मैटरनिटी हॉस्पिटल में वीर पीयूष सुगंधी, वीर जीवयान बाफना, वीरा चेहक



भोजन वितरण कार्यक्रम

कांकरिया एवं वीर ऋषभ कांकरिया के सौजन्य से 684 लोगों को खुशी-खुशी भोजन परोसा। इन अवसरों पर प्रोजेक्ट संयोजक वीर रोशन जैन, वीर अरिहंत नाहर, वीर मोहित सुराना, चेयरमैन वीर आयुष कोठारी, सचिव वीरा पूजा पितलिया, संयुक्त सचिव वीरा प्रेरणा जैन उपस्थित रहे।

## महावीर इंटरनेशनल बैंगलोर केंद्र नेत्र जांच शिविर का आयोजन

**महावीर इंटरनेशनल बैंगलोर केंद्र** द्वारा 30 मई



नेत्र जांच शिविर का आयोजन

को कर्नाटक सरकार के समाज कल्याण मंत्रालय के तहत एनपीके, केंद्रीय राहत केंद्र (सीआरसी) में एक व्यापक नेत्र जांच शिविर का आयोजन किया। शिविर में कुल 256 कैदियों की आंखों की जांच की गई। उनमें से 100 से अधिक को पढ़ने के लिए चश्मा प्रदान किया गया, जिससे उन्हें तत्काल राहत मिली और उनके जीवन की गुणवत्ता में सुधार हुआ। कार्यक्रम का कुशलतापूर्वक समन्वय किया गया और पूरे दिन सक्रिय स्वयंसेवक भागीदारी देखी गई। सीआरसी के सरकार द्वारा नियुक्त पर्यवेक्षक श्री राजेंद्र ने महावीर इंटरनेशनल स्वयंसेवकों को पूर्ण समर्थन दिया, जिससे केंद्र के कर्मचारियों से सुचारू रसद और उत्साही सहयोग सुनिश्चित हुआ। केंद्र चेयरपर्सन वीरा भारती छाजेड़ तलेसरा ने उनके समर्पण की बहुत सराहना की, जिन्होंने इस मानवीय कारण के लिए चल रही साझेदारी और प्रतिबद्धता के लिए आभार व्यक्त किया। निरंतर समर्थन के एक संकेत के रूप में, महावीर इंटरनेशनल ने कैदियों की चिकित्सा आवश्यकताओं के लिए एक ऑक्सीजन कंसंट्रेटर भी दान किया। इस शिविर में केंद्र कोषाध्यक्ष वीर सुरेश लखानी, संयुक्त सचिव वीर आशीष बाफना और समर्पित वरिष्ठ सदस्य जैसे वीर रमेशजी डाक, वीर दिनेश लोढ़ा और अन्य स्वयंसेवक दिव्या पिरगल, दीप्ति बाफना, अक्षय डाक और मुकेश भंडारी उपस्थित रहे।

## महावीर इंटरनेशनल हैदराबाद केंद्र भोजन वितरण कार्यक्रम

**महावीर इंटरनेशनल हैदराबाद केंद्र** द्वारा 31 मई व 1 जून को कोटी में 81वां और 82वां



**भोजन वितरण कार्यक्रम**

भूख मिटाओ कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें लगभग 300 जरूरतमंद लोगों को भोजन परोसा गया। यह 1-4-2023 से 82वां भूख मिटाओ कार्यक्रम था, जिसमें कुल 13500 जरूरतमंद लोगों को भोजन परोसा गया और परियोजना की लागत लगभग रु.410000/- रही। 5 जून को इंदिरा पार्क में विश्व पर्यावरण दिवस समारोह का सफलतापूर्वक आयोजन किया गया। कार्यक्रम में स्थिरता और पर्यावरण जागरूकता को बढ़ावा देते हुए कपास के बैग और पौधे वितरित किए। इन अवसरों पर केंद्र चेयरमैन वीर विनोद संचेती, सचिव वीरा अर्चना नाहटा, पीसी वीर प्रीतेश बोहरा, सीसी वीर साधना सिसोदिया उपस्थित रहे।

## महावीर इंटरनेशनल ऊर्जा केंद्र भोजन वितरण कार्यक्रम

**महावीर इंटरनेशनल ऊर्जा केंद्र** द्वारा 8 जून को भारत पेट्रोलियम, अपोलो अस्पताल के पास, हैदरगुडा, हैदराबाद में गर्मी के मौसम में देखभाल और राहत के लिए गन्ने के रस का वितरण सेवा का आयोजन किया। ताजे गन्ने के रस के मुफ्त वितरण से लगभग 450 से 500 व्यक्तियों को






**भोजन वितरण कार्यक्रम**

लाभ हुआ। 9 जून को फोरम बॉयज अनाथालय, सिकंदराबाद में भोजन वितरण सेवा आयोजित की, जिसमें 4 कर्मचारियों के साथ 30 निवासी बच्चों को भोजन परोसा गया।

## महावीर इंटरनेशनल सिकंदराबाद केंद्र अवसंरचना विकास परियोजना का उद्घाटन

**महावीर इंटरनेशनल सिकंदराबाद केंद्र** द्वारा 15 मई को जिला परिषद हाई स्कूल, मल्लमपेट में एक प्रमुख स्कूल अवसंरचना विकास परियोजना का सफल उद्घाटन किया गया। यह प्रभावशाली पहल भागीदार CDK Global के उदार CSR समर्थन के माध्यम से संभव हुई, जिसमें कुल परियोजना व्यय रु.24 लाख लगा। बुनियादी ढांचे में सुधार में 2 नए कक्षाओं का निर्माण, वॉशरूम सुविधाओं का रीमॉडलिंग और नवीनीकरण, रसोई और वॉशरूम के लिए ओवरहेड टैंक की स्थापना, बोरवेल को सक्रिय करने के लिए सबमर्सिबल पंप की स्थापना, बोरवेल से वॉशरूम तक नई पाइपलाइन, डिजिटल



**अवसंरचना विकास परियोजना का उद्घाटन**

रूप से सुसज्जित कक्षाओं के लिए सुरक्षा ग्रिल, शिक्षक टेबल, अलमारी और अलमारी का प्रावधान, ब्लू स्टार वाटर कूलर की स्थापना एवं नीलकमल कुर्सियों की आपूर्ति शामिल हैं। उद्घाटन समारोह प्रबंध निदेशक श्री संदीप जैन और सीएफओ श्री राहुल सहित सीडीके ग्लोबल की वरिष्ठ प्रबंधन टीम ने सामाजिक जिम्मेदारी और सामुदायिक विकास के प्रति अपनी दृढ़ प्रतिबद्धता को दर्शाया। 16 मई को मर्रेडपल्ली में डेंटल क्लिनिक का उद्घाटन किया गया। उद्घाटन कार्यक्रम सिंक्रो टीम और डॉ. संजय पुरोहित की गरिमामयी उपस्थिति में किया गया। कार्यक्रम में सिंक्रो डिजिटल मार्केटिंग प्राइवेट लिमिटेड- रु.2.5 लाख का CSR एवं मनीष जैन और प्रीतम जैन ने उनकी स्वर्गीय दादी श्रीमती कंवरबाई जैन (सुराना) की स्मृति में रु.2 लाख का योगदान दिया।



# महावीर इंटरनेशनल सुर्खियों में


महावीरा इंटरनैशनल वीरा केंद्र ने न्यू नालागढ़ में बांटे कपड़े के 100 थैले


तखतगढ़ में आयोजित हुआ निःशुल्क स्वास्थ्य एवं रक्तदान शिविर,

80 मरीजों की हुई जांच,19 यूनिट रक्त एकत्रित


तीन सैकड़ा नेत्र रोगियों की हुई जांच

मोतियाबिंद ऑपरेशन के लिए 35 मरीज चिन्हित


शिविर में 1624 मरीजों को मिला लाभ


शिविर में 190 लोग हुए लाभान्वित


फुटकर व्यापारी को मिली राहत


सेनेटरी हाइजीन शिविर में छात्राओं को दी जानकारी


उष्ट्र रोग निदान एवं उपचार का शिविर हुआ आयोजित

पशुपालन विभाग, जयपुर व महावीर इन्टरनेशनल पिंक सीटी के संयुक्त तत्वावधान में शिविर का किया गया आयोजन


महावीर इंटरनेशनल एपेक्स का संभागीय अधिवेशन सम्पन्न


89 यूनिट रक्त संग्रहित,स्व.मनोज सुखीजा की चतुर्थी पुण्यतिथि पर लगाया शिविर

स्वत्वाधिकारी **महावीर इंटरनेशनल फाउण्डेशन ट्रस्ट** के लिए प्रकाशक, मुद्रक सम्पादक डॉ. रश्मि सारस्वत द्वारा अशोका ऑफसेट, 5-6, लक्ष्मीनारायण मन्दिर कॉम्पलेक्स, गुरुनानकपुरा, राजा पार्क, जयपुर से मुद्रित एवं एस-10, महावीर इन्टरनेशनल भवन, जनता कॉलोनी, जयपुर से प्रकाशित

**प्रेषक: एस-10, महावीर इंटरनेशनल भवन, जनता कॉलोनी, जयपुर**